3 राजधानी
किफायती दरों पर उपलब्ध कराएं स्वास्थ्य सुविधाएं

9 राष्ट्रीय
झारखंड में एनआरसी की वकालत की हिमंत ने

11 विदेश
जयशंकर ने स्विटजरलैंड के समकक्ष से वार्ता की

12 स्पोर्ट्स
भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 320
लखनऊ, रविवार, 15 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



राहुल गांधी का आरक्षण संबंधी बयान संविधान के खिलाफ
राष्ट्रीय-10

# कांग्रेस अर्बन नक्सल का नया रूप : प्रधानमंत्री

**● कुरुक्षेत्र की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि हरियाणा की जनता ने भाजपा सरकार की हैट्रिक लगाने का बना लिया है मन**

**सौरभ चौधरी।** कुरुक्षेत्र

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने शनिवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया। उन्होंने जय श्री कृष्ण और राम राम के संबोधन के साथ रैली को संबोधित किया। उन्होंने हरियाणवी अंदाज में कहा कि मन्नै इस पवित्र धरती पै आणकै घणा आच्छा लाग रया सै। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के तीर्थ कुरुक्षेत्र में आना, गीता के ज्ञान का साक्षात्कार करना, मन को गहराई से आनंदित और गर्वित करता है। कुरुक्षेत्र की धरती पर सरस्वती सभ्यता के निशान हैं, यह गुरु गोविंद सिंह जी की छठी पातशाही की धरती है, जहां उनके पावन चरण पड़े हैं, ऐसी पवित्र भूमि से आज फिर एक बार भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लेकर आए हैं। दिल्ली में लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर मिला है, जो उत्साह यहाँ की जनता में देखने को मिल रहा है उससे स्पष्ट हो गया है कि यहाँ की जनता ने भाजपा की हैट्रिक लगाने का मन बना लिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने बताया कि आप पिछले 50 साल का इतिहास देख लीजिए हरियाणा की एक विशेषता रही है कि केंद्र में जिसकी सरकार होती है, हरियाणा में भी उसी की सरकार होती है और हरियाणा वाले कभी भी इसे उल्टा नहीं होने देते है। कुरुक्षेत्र के लाड़वा से तो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद उम्मीदवार हैं और आज हरियाणा के इस बेटे की प्रशंसा पूरे देश में होती है। इतने कम समय में बहुत कम लोगों को इतनी लोकप्रियता मिलती है, क्योंकि इसका एक कारण यह भी है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 24 घंटे हरियाणा की जनता के हित के लिए समर्पित रहते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जहाँ दो साल पहले कांग्रेस की सरकार बनी थी आज वहां का कोई भी नागरिक खुश नहीं है। कांग्रेस ने वहां हर वर्ग को झूठे वादों की घुट्टी पिलाई थी, लेकिन जो भी वादे किए, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया। आज वहां के सरकारी कर्मचारियों को अपने हक की सैलरी के लिए हड़ताल करनी पड़ रही है। कर्मचारियों को डीए (महंगाई भत्ता) तक नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री और मंत्रियों को भी अपना वेतन छोड़ने का दिखावा करना पड़ रहा है। हिमाचल में नौजवानों की भर्तियां नहीं हो रही हैं, स्कूलों को बंद करने की नौबत आ गई है।

पीम मोदी कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को 1500 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन हजारों महिलाएं आज भी इस पैसे के मिलने का इंतजार कर रही हैं। हिमाचल में बिजली, पानी, पेट्रोल, दूध और डीजल सब कुछ महंगा कर दिया है। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने कहा था कि उनके आने के बाद पैसा महिलाओं के खातों में आएगा, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। पूरे देश में झूठे वादे करना और जनता से धोखा करना कांग्रेस का काम बन गया है। (शेष पृष्ठ 9)




हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कुरुक्षेत्र में शनिवार को जनसभा के दौरान जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी व अन्य। पीटीआई

## डोडा में बोले मोदी, अंतिम सांसें गिन रहा आतंकवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**कांग्रेस, नेशनल** कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसे तीन वंशवादी परिवारों द्वारा किए गए कृत्यों को गिनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव इन तीन वंशों और केंद्र शासित प्रदेश के युवाओं के बीच की लड़ाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। सुरक्षा बल इसे पूरी तरह से खत्म कर देंगे। प्रधानमंत्री के यहां पहुंचने से पहले, सुरक्षा बलों के जवानों ने बारामूला के क्रेरी इलाके में आतंकवादियों पर गोलियां बरसा रहे थे। इस आतंकवाद विरोधी अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया। 9 सितंबर से अब तक तीन अलग-अलग अभियानों में कुल सात आतंकवादियों ढेर हो चुके हैं जबकि भारतीय सेना के दो जवानों ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस अवसर पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के अपनी सरकार के वादे को दोहराया और लोगों को नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को फिर से सत्ता में लाने को लेकर आगाह किया। प्रधानमंत्री ने 18 सितंबर को पहले चरण के मतदान से पहले अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इन तीन राजनीतिक वंशों ने इस क्षेत्र को बर्बाद कर दिया और कभी आपके बच्चों की परवाह नहीं की। इन तीनों राजनीतिक वंशों पर तीखा हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वे भ्रष्टाचार में लिप्त रहे और आपको अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ा। इन तीन परिवारों ने यहां अलगाववाद और आतंकवाद के लिए आवश्यक जमीन तैयार की। उन्होंने सवाल किया कि इसका फायदा किसे हुआ। देश के दुश्मनों को। वे आतंकवाद को पनाह दे रहे थे। वे दशकों से जम्मू-कश्मीर को बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री ने वादा किया कि उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर को समृद्ध बनाएगी। यह मोदी की गारंटी है। (शेष पृष्ठ 9)

# जिस ज्ञानवापी को दुर्भाग्य वश कुछ लोग कहते हैं मस्जिद, वह साक्षात विश्वनाथ स्वरूपः योगी

**● मुख्यमंत्री ने गोरखपुर विवि में 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक संगोष्ठी का किया शुभारंभ**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने देश के चारों कोनों में आध्यात्मिक पीठों की स्थापना करने वाले आदि शंकर की काशी में की गई साधना के समय भगवान विश्वनाथ द्वारा ली गई परीक्षा के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से आज जिस ज्ञानवापी को कुछ लोग मस्जिद कहते हैं वह ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ जी ही हैं। सीएम योगी शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। यह दो दिवसीय संगोष्ठी गोरखपुर विश्वविद्यालय और हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। दीक्षा भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं नाथपंथ की अध्यक्षीय पीठ, गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने संतों और ऋषियों की परंपरा को समाज और देश को जोड़ने वाली परंपरा बताते हुए आदि शंकर का विस्तार से उल्लेख किया। कहा कि केरल में जन्मे आदि शंकर ने देश के चारों कोनों में धर्म-अध्यात्म के लिए महत्वपूर्ण पीठों की स्थापना की। आदि शंकर जब अद्वैत ज्ञान से परिपूर्ण होकर काशी आए तो भगवान विश्वनाथ ने उनकी परीक्षा लेनी चाही। ब्रह्म मुहूर्त में जब आदि शंकर गंगा स्नान के लिए निकले तब भगवान विश्वनाथ एक अछूत के वेश में उनके सामने खड़े हो गए। आदि शंकर ने जब उनसे मार्ग से हटने को कहा तब उसी रूप में भगवान विश्वनाथ ने उनसे पूछा कि आप यदि अद्वैत ज्ञान से पूर्ण हैं तो आपको सिर्फ भौतिक काया नहीं देखनी चाहिए। यदि ब्रह्म सत्य है तो मुझमें भी वही ब्रह्म है जो आपमें है। हतप्रभ आदि शंकर ने जब अछूत बने भगवान का परिचय पूछा तो उन्होंने बताया कि मैं वही हूं, जिस ज्ञानवापी की साधना के लिए वह (आदि शंकर) काशी आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ स्वरूप ही है।

योगी ने कहा कि भारतीय ऋषियों-संतों की परंपरा सदैव जोड़ने वाली रही है। इस संत-ऋषि परंपरा ने प्राचीन काल से ही समतामूलक और समरस समाज को महत्व दिया है। हमारे संत-ऋषि इस बात ओर जोर देते हैं भौतिक अस्पृश्यता साधना के साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए बाधक है। मुख्यमंत्री ने कहा, अस्पृश्यता को दूर करने पर ध्यान दिया गया होता तो देश कभी गुलाम नहीं होता। संत परंपरा ने समाज में छुआछूत और अस्पृश्यता को कभी महत्व नहीं दिया। यही नाथपंथ की भी परंपरा है। नाथपंथ ने हरेक जाति, मत, मजहब, क्षेत्र को सम्मान दिया। सबको जोड़ने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाथपंथ ने काया की शुद्धि के माध्यम से एक तरफ आध्यात्मिक उन्नयन पर जोर दिया तो दूसरी तरफ समाज के हरेक तबके को जोड़ने के प्रयास किए।

सीएम योगी ने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ जी की शब्दियों, पदों और दोहों में समाज को जोड़ने और सामाजिक समरसता की ही बात है। उनकी गुरुता भी सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए प्रतिष्ठित है। यहां तक कि मलिक मुहम्मद जायसी ने भी कहा है, 'बिनु गुरू पंथ न पाइये, भूलै से जो भेंट, जोगी सिद्ध होई तब, जब गोरख सौं भेंट।' संत कबीरदास जी भी उनकी महिमा का बखान करते हैं तो गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं, 'गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग निगम नियोग सों।' सीएम योगी ने कहा कि संत साहित्य की परंपरा, इसकी श्रृंखला गुरु गोरखनाथ के साहित्य से आगे बढ़ती है। उन्होंने बताया कि पीताम्बर दत्त जी ने गोरखवाणी को संकलित किया और इसके लिए उन्हें हिंदी में डी. लिट् की उपाधि प्राप्त हुई। सीएम योगी ने समाजिक समरसता और समतामूलक समाज को लेकर संतों की पद्धतियों, साहित्य के कुछ उद्धरण भी दिए। (शेष पृष्ठ 9)




## जम्मू-कश्मीर में फिर आतंकी हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी की डोडा जिले में शनिवार को पहली चुनावी रैली को संबोधित करने से एक दिन पहले किश्तवाड़ के चटरू इलाके में शुक्रवार को आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए, जबकि दो अन्य घायल हो गए। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के क्रेरी इलाके में रात भर चलाए गए एक अन्य अभियान में शनिवार को सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सुरक्षा बलों ने ड्रोन कैमरों की मदद से इमारत के अंदर छिपे आतंकवादियों के सटीक ठिकानों की पहचान करने के बाद उनके एक समूह को बेअसर करने में कामयाबी हासिल की। ??इसके साथ ही पिछले तीन आतंकवाद विरोधी अभियानों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या सात हो गई है।

भारतीय सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में पुष्टि की, ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया है। मौके से हथियार और युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं। चिनार कोर ने पिछले कुछ दिनों में उत्तरी कश्मीर में आतंकी नेटवर्क को करारा झटका दिया है, जिसमें आतंकवादियों की महत्वपूर्ण बरामदगी और सफाया शामिल है, जिससे क्षेत्र में होने वाले आगामी कार्यक्रमों के लिए आत्मविश्वास और आश्वासन मिला है। दिन समाप्त होने से पहले, राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक और सैन्यकर्मी घायल हो गया।

भारतीय सेना के नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कोर के प्रवक्ता के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर, किश्तवाड़ के चटरू में जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। संपर्क स्थापित किया गया और गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे एक स्काउट ने शुक्रवार को दोपहर करीब 3.30 बजे आतंकवादियों के साथ भारी गोलीबारी की। इस गोलीबारी में सेना के चार जवान घायल हो गए। बाद में दो सैनिकों की पहचान नायब सूबेदार विपन कुमार और सिपाही अरविंद सिंह के रूप में हुई, जिन्होंने सैन्य अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ऐसा माना जा रहा है कि 16 जुलाई को किश्तवाड़ के देसा वन क्षेत्र में भारतीय सेना के जवानों पर हुए आतंकी हमले के लिए पाकिस्तानी आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) आतंकवादी संगठन जिम्मेदार थे। इस क्षेत्र में भीषण गोलीबारी के दौरान (शेष पृष्ठ 9)



जम्मू-कश्मीर के बारामुल्ला जिले के चक टापर क्रीरी पट्टन इलाके में शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाकर्मी। पीटीआई

# आइये, ओणम के उल्लास और खुशियों को अपने घर ले आएं

**कुमार चेल्लप्पन।** कोच्चि

**दुनिया भर** में मलयालम लोगों का राष्ट्रीय त्योहार ओणम इस रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह तब है जब केरल सरकार ने वायनाड जिले में भूस्खलन और बाढ़ की पृष्ठभूमि में ओणम उत्सव नहीं मनाने का फैसला किया है। जिसमें जुलाई 2024 में 400 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। यह त्योहार मलयालम महीने चिंगम (अगस्त-सितंबर) में पड़ता है, जो राजा महाबली द्वारा अपने नागरिकों का अभिवादन करने के लिए केरल की वार्षिक यात्रा को चिह्नित करता है। मान्यता है कि महाबली ने दशकों तक राज्य पर शासन किया, इससे पहले कि देवताओं ने उन्हें पाताल लोक भेज दिया, क्योंकि देवताओं को अपने देशवासियों के बीच महाबली के प्रति सद्भावना और स्नेह से खतरा महसूस हुआ।

किंवदंती है कि दक्षिण भारत में राजा महाबली को बहुत दानवीर माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि केरल के राजा बली के राज्य में प्रजा बहुत सुखी और समृद्ध थी। इसी दौरान भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर आए और राजा बली से दान मांगा। भगवान विष्णु ने दान में तीन पग भूमि मांगी। श्रीहरि ने दो पग में पृथ्वी और स्वर्ग नाप लिया फिर तीसरा कदम रखने के लिए जगह की तलाश में खड़े हो गए। फिर राजा ने पूछा कि मैं तीसरा कदम कहां रखूं। भगवान के इस सवाल पर राजा कहते हैं, कि वामन देव कृपया तीसरा कदम मेरे सिर पर रखें। यह सुनकर भगवान विष्णु प्रसन्न हुए। प्रसन्न होकर उन्हें अमरता का वरदान दिया और पाताल लोक का राजा बना दिया।

मलयाली लोगों में यह मान्यता है कि जिस क्षेत्र को केरल के नाम से जाना जाता है, उसे परशुराम ने अरब सागर से निकाला था, जिन्होंने कर्नाटक के गोकर्णम से दक्षिण की ओर अपना फरसा फेंका था। इस प्रकार पुनः प्राप्त भूमि को केरल के नाम से जाना जाता है। इस तथ्य में जो बात फिट नहीं बैठती, वह यह है कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे, जबकि वामन, जो भूमि के लिए महाबली के पास गए थे, दस अवतारों में से पाँचवें अवतार थे।




केरल के लेखक और इतिहासकार राम चंद्रन कहते हैं कि इसमें स्पष्ट विसंगतियाँ हैं जो साबित करती हैं कि कभी भी महाबली नाम का कोई राजा नहीं था। इस दावे के विपरीत कि महाबली एक लोकप्रिय शासक थे, राज्य में कहीं भी उनके सम्मान में कोई स्मारक नहीं है। लेकिन एर्नाकुलम के उपनगर थ्रीक्ककारा में महाविष्णु के अवतार वामन को समर्पित एक बड़ा मंदिर है, जहाँ हर साल हजारों लोग वामन जयंती मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं।

एस संकू अय्यर और नीलकंठ शास्त्रीकाल जैसे इतिहासकार अपने कामों में महाबली या ओणम के बारे में चुप हैं। राम चंद्रन ने सनातन धर्म के महान पुराणों में से एक भागवत के श्लोकों का हवाला दिया, जिसमें ब्रह्मांड विज्ञान, खगोल विज्ञान, भूगोल और किंवदंती सहित कई विषयों पर चर्चा की गई है। भागवत महाबली के बारे में चुप है। भागवत में अष्टम स्कंदम और ऋग्वेद (विष्णु सूक्तम) के श्लोक, स्कंद पुराण सभी महाबली के सिद्धांत को खारिज करते हैं। हालाँकि प्रह्लाद के पोते महाबली के अस्तित्व के प्रमाण हैं, उनका राज्य नर्मदा के तट पर था और उनका केरल से कोई लेना-देना नहीं था, राम चंद्रन ने कहा।

महाबली और वामन अवतार की कहानी स्पष्ट कारणों से आधुनिक समय के राजनेताओं की सुविधा के अनुकूल है, स्वर्गीय थुरवूर विश्वम्भरन ने अपने भाषणों में कहा था। अब जो बात सामने आई है वह यह है कि ओणम केरल का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल बन गया है, जिसमें घरेलू सामान बनाने वाली हर कंपनी इस सीजन में हजारों करोड़ रुपये का लक्ष्य रखती है। महाबली को एक हास्य पात्र के रूप में चित्रित किया गया है, जो अपनी शारीरिक बनावट के साथ-साथ राज्य की अपनी वार्षिक यात्रा के दौरान असंख्य भीड़ के सामने आने वाली परेशानियों से लोगों को हंसाता है। जो लोग वैज्ञानिक सोच की कसम खाते हैं, वे महाबली की कहानी की सत्यता पर चुप्पी साधे रहते हैं। शेफ सुरेश पिल्लई जैसे लोगों द्वारा ओणम की स्वादिष्ट दावतें और शॉपिंग मॉल द्वारा दी जाने वाली अविश्वसनीय छूट ने सबसे सख्त आलोचकों को भी चौंका दिया है। टीवी पर हम जो ओणम देखते हैं, वह कुछ और नहीं बल्कि व्यावसायिक आयोजन है। मुख्य कवि मनकोम्बू गोपालकृष्णन कहते हैं, हम त्योहार के लिए जो नए कपड़े पहनते हैं और जो दावत देते हैं। वह ओणम के व्यावसायीकरण का परिणाम है।

# मोक्ष ग्रंथ है श्रीमद्भागवत महापुराण: मुख्यमंत्री

## महंत दिग्विजयनाथ व महंत अवेद्यनाथ की पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सत्य और जीवन के रहस्यों को समझाने वाली कथा है। यह सफलता के चरम उत्कर्ष और जीवन के परम सत्य तक पहुंचने की कथा है। हमारे जीवन की दैनिक, पारिवारिक, समाजिक और व्यावहारिक घटनाएं श्रीमद्भागवत कथा के इर्दगिर्द घूमती दिखाई देती हैं।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 55वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 10वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में शनिवार अपराह्न श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में व्यासपीठ का पूजन करने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण मोक्ष ग्रंथ है। मोक्ष का अर्थ केवल जीवन से मुक्ति तक सीमित नहीं है। मोक्षदायी भागवत कथा का अर्थ व्यक्ति जिस क्षेत्र में हो, उसमें पारंगत होने, उसके रहस्यों को जानने और सफलता के चरम पहुंचने की कथा से है।

सीएम योगी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा और भगवान श्रीराम की लीला से जुड़ी कथाएं सनातन जनमानस में अत्यंत लोकप्रिय हैं। सनातन धर्म के इन दो देवों (श्रीराम और श्रीकृष्ण) ने जनमानस को जितना प्रभावित किया है, उतना व्यापक दृष्टांत पूरी दुनिया में कहीं और नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में जब हर व्यक्ति व्यस्त है, उन स्थितियों में भी श्रद्धालुओं का सप्ताहभर घंटों कथा श्रवण से जुड़ने की परंपरा है। श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा अपने अतीत व विरासत को झांकने अवसर भी प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाभारत के भीषण संघर्ष में हर प्रकार की व्यापक हानि उन्हीं वेद व्यास जी के सामने हुई जिनके आशीर्वाद से वंश परंपरा आगे बढ़ी। सोचा जा सकता है कि वेद व्यास जी के लिए महाभारत का समय कैसा रहा होगा। वेद व्यास ने मन:शांति के लिए श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना की। वेद व्यास द्वारा 5200 वर्ष पूर्व रचित श्रीमद्भागवत महापुराण निरंतर सनातन धर्मावलंबियों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हुए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विचारणीय है कि कितने मत, मजहब और सम्प्रदाय का इतिहास पांच हजार वर्ष पुराना होगा? पर, श्रीमद्भागवत कथा पांच हजार वर्ष पूर्व से मानवीय सभ्यता, आध्यात्मिक उन्नयन और भौतिक विकास के उत्कर्ष का रहस्योद्घाटन करती है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोक्ष अचानक नहीं प्राप्त हो सकता। इसके लिए धर्म का आचरण करते हुए नैतिक माध्यम से अर्थोपार्जन करना होगा। इस मार्ग पर चलकर कामनाओं की सिद्धि होने पर मोक्ष प्राप्ति में भी सफलता मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मोक्ष प्राप्ति के इसी रहस्य को समझाती है। श्रीमद्भागवत महापुराण में लीला भगवान श्रीकृष्ण की है लेकिन शब्दावली वेद व्यास की है जो जीवन के रहस्यों का उद्घाटन, सनातन मूल्यों और उत्कर्ष से जुड़ी है। योगी ने कहा कि सनातन में यह अक्षुण्ण मान्यता है कि धर्म केवल उपासना विधि नहीं है। पूजा पद्धति, धर्म का एक हिस्सा हो सकता है लेकिन सम्पूर्ण धर्म नहीं हो सकती। इसीलिए सच्चा हिंदू किसी एक पूजा पद्धति पर लकीर का फकीर नहीं रहा है। सीएम ने कहा कि जिस धर्म (सनातन) में इतनी व्यापकता हो, जीवन के उतार-चढ़ाव को समभाव से वही देख सकता है। किसी भी उतार-चढ़ाव में सनातन की व्यापकता बनी रही है। मुख्यमंत्री के संबोधन के उपरांत श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास, श्रीराम मंदिर गुरुधाम काशी से पधारे जगद्गुरु अनंतानंद द्वाराचार्य काशीपीठाधीश्वर स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदांती जी ने कराया। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक सुनाई जाएगी। इसका विराम 20 सितंबर को होगा।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निकली शोभायात्रा

**श्रीमद्भागवत** महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ से पूर्व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में मुख्य मंदिर से कथा स्थल तक बैंडबाजे, शंख ध्वनि की गूंज तथा वेदपाठी विद्यार्थियों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महापुराण की पोथी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के कथा स्थल पहुंचने पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने अखंड ज्योति स्थापित की। पोथी प्रतिष्ठा और कथा व्यास के विराजमान होने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य यजमान ने व्यासपीठ की पूजा की।इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, दिगम्बर अखाड़ा अयोध्या के महंत सुरेश दास, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, बड़े भक्तमाल अयोध्या के महंत अवधेश दास, सुदामा कुटी वृंदावन के महंत सुतीक्ष्ण दास, कालीबाड़ी के महंत रविंद्र दास, पंचानन पुरी, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, पूर्व महापौर सीताराम जायसवाल समेत यजमान और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# देश को जोड़ने की व्यावहारिक भाषा है हिंदी: सीएम योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों को राजभाषा हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हिंदी देश को जोड़ने की एक व्यावहारिक भाषा है। इसका मूल देववाणी संस्कृत है। मुख्यमंत्री ने भारतेंदु हरिश्चंद्र के 'निज भाषा उन्नति' वाले उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र का भाषा के प्रति यह भाव आज भी आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि यदि भाव और भाषा खुद की नहीं होगी तो हर स्तर पर प्रगति बाधित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश को जोड़ने के लिए हिंदी को जिस रूप में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया है, वह अभिनंदनीय है।

# समसामयिक विषयों पर सम्मेलन आज राज्यसभा के उपसभापति होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**गोरक्षपीठ** के मूर्धन्य पीठाधीश्वरद्वय युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 55वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों पर सम्मेलन की शुरुआत रविवार (15 सितंबर) को होगी। पहले दिन के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण उपस्थित रहेंगे जबकि अध्यक्षता मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ करेंगे।

यह आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में सुबह 10.30 बजे से होगा। पहले दिन 'लोकतंत्र की जननी है भारत' विषयक सम्मेलन में मुख्यमंत्री, राज्यसभा के उपसभापति के अलावा स्थानीय वक्ता प्रो. सदानन्द गुप्त पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ होंगे। सम्मेलनों का क्रम 19 सितंबर तक जारी रहेगा।

# भाजपा के तमाम नेता बड़े भूमाफिया के रूप में कर रहे कार्य: अखिलेश यादव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जबसे बीजेपी की सरकार आई है, भाजपा के तमाम नेता, पदाधिकारी प्रदेश में सबसे बड़े भूमाफिया के रूप में काम कर रहे है। इन लोगों ने केवल जमीनें ही नहीं, कई जगह तालाबों पर कब्जा कर लिए हैं। लखनऊ में ही कई तालाब समाप्त हो गए हैं, प्लाटिंग हो रही है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अयोध्या की पावन धरती पर जमीनों की खरीद-फरोख्त में भारी भ्रष्टाचार और लूट हुई है। तो कल्पना कीजिए प्रदेश के अन्य जिलों में क्या हाल होगा। वाराणसी में हुई हत्या का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। पूरे उत्तर प्रदेश के आंकड़े देखें, और एनसीआरबी के आंकड़ों को निकाला जाय तो पता चलेगा की हत्या, लूट, महिलाओं से जुड़े अपराध की सबसे ज्यादा घटनाएं यूपी में हो रही है। ऐसा इसलिए देखने को मिल रहा है, क्योंकि पुलिस विभाग साजिश और षडयंत्र करने में लगा है। अगर पुलिस कोई फर्जी एनकाउण्टर करती है तो उसके तार जोड़ने के लिए घंटों साथ बैठती है। सुल्तानपुर मामले में 3:30 बजे फर्जी एनकाउण्टर हुआ। 5 बजे प्रेसनोट आ गया। फिर तार मिलाया कि बैग कहां से आया, मोटर साइकिल कहां से आयी और नए कपड़े कैसे मिले। मंगेश यादव का पूरा परिवार यहां आकर मुझसे मिला। परिवार के सदस्यों ने बताया कि पुलिस 2 सितम्बर रात 2 बजे उठाकर ले गयी और 5 सितम्बर 2024 को हत्या कर दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में जितने भी फर्जी एनकाउण्टर हुए हैं, सबको लेकर समाजवादी पार्टी ने समय-समय पर आवाज उठाने का काम किया है।

# प्रदेश में बढ़ता जा रहा है गलाघोंटू बीमारी का प्रकोप: अनिल यादव

- कांग्रेस का आरोप, आजमगढ़ संभल व उन्नाव में अब तक हो चुकी 10 बच्चों की मौत



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी संगठन अनिल यादव ने कहा है कि प्रदेश में गलाघोंटू बीमारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। अभी तक प्रदेश के तीन जिलों आजमगढ़, संभल और उन्नाव में उक्त बीमारी के लक्षण देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को दावे से इसलिए कह रहा हूं कि मैं स्वय भी जनपद आज़मगढ़ से आता हूं, जब मैंने वहां जमीनी स्तर पर जाकर देखा तो मुझे पता चला कि स्थिति कितनी भयावह है।

अनिय यादव शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2 अगस्त 2024 को जनपद आज़मगढ़ के मिर्जापुर ब्लाक में गलाघोंटू बीमारी से एक बच्चे की मौत हुई तब से अब तक कुल 10 बच्चों की मौत हो चुकी है। स्थानीय बच्चों की मौत को प्रशासन द्वारा यह कहकर छुपाया जा रहा कि बच्चों की मौत डिफ्थीरिया (गलाघोंटू) बीमारी के चलते नहीं बल्कि अन्य कारणों से हुई है। अभी तक दो बच्चों को ही डिफ्थीरिया बीमारी से मरने का प्रमाण पत्र मिला है। जिला अस्पलाल के द्वारा डिफ्थीरिया पीड़ित बच्चों को रेफर कर दिया जा रहा है। अभी कल रात ही एक बच्चे को पीजीआई से बीएचयू रेफर किया गया पीड़ित परिजन 1 घंटे तक एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे मुझे घटना की जानकारी हुई तब मैंने सीएमओ को फोन किया तो उनका जवाब था कि एम्बुलेंस की जिम्मेदारी हमारी नहीं है यह व्यवस्था अब प्राईवेट सेक्टर को सौंप दी गई है। नतीजन उस बच्चे की भी मौत हो गई। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें सांसद राकेश राठौर एवं स्वयं मैंने जनपद आज़मगढ़ जाकर प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया तब बीमारी के भयावह स्थिति का पता चला। वहां के स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि मृतकों के परिजन नट समाज से आते हैं और इन्होंने अपने बच्चों का टीकाकरण नहीं कराया है जबकि परिजनों से बात चीत के दौरान पता चला कि बच्चों का टीकाकरण कराया गया है। यादव ने कहा कि बच्चों की मौत गलाघोंटू बीमारी से नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था ने गला दबा कर की है। उन्होंने मीडिया के माध्यम से प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को घेरते हुए कहा कि यदि जिले के सीएमओ तथा ब्लाक के स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्यवाही नही करते तो हम 10 पीड़ित परिवार के परिजनों को लाकर स्वास्थ्य मंत्री के घर पर बैठकर उनसे यह पूछेंगे अगर 10 बच्चों की मौत गलाघोंटू से नहीं हुई तो किस बीमारी से हुई है।

# पर्यावरण संरक्षण के साथ ही अब अपनी आय बढ़ने पर भी काम कर रहीं ग्राम पंचायतें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत वाराणसी के गांवों को प्लास्टिक मुक्त किया जा रहा

**डबल** इंजन सरकार के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतें पर्यावरण संरक्षण के साथ ही अब अपनी आय बढ़ने पर भी काम कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत वाराणसी के गांवों को प्लास्टिक मुक्त किया जा रहा है। इसके लिए वाराणसी के तीन विकासखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का संचालन जल्द शुरू होने वाला है। गॉव से एकत्र किये गए प्लास्टिक से प्लास्टिक पिलेट्स बनाया जाएगा, जिसे प्लास्टिक री-साइकिल करने वाली कंपनी को बेचा जायेगा। गांव से निकलने वाले प्लास्टिक से सड़कों के निर्माण की भी योजना है। पीडब्लूएमयू (प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट) के जरिये कार्बन क्रेडिट से भी ग्राम पंचायत की आय होगी। ग्रामीण क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए थ्री आर मेथड पर कार्य किया जा रहा है। इसमें रिड्यूज, रीयूज, रिसाईकल मेथड को फॉलो कर पर्यावरण संरक्षण का काम हो रहा है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा इस्तेमाल करने वाले प्लास्टिक को रिसाइकिल किया जाएगा। इसके लिए गांव में सार्वजनिक स्थलों पर बोरे टांगे गए है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर 100 बोरे लगे हैं। ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है कि प्रयोग की गई प्लास्टिक को इस बोरे में ही डाला जाए। फिर इस प्लास्टिक को तीन विकासखंड पिंडरा ब्लाक के नोहिया, सेवापुरी ब्लाक के भीषमपुर और चिरईगांव के बर्थराकला गांव में लगे पीडब्लूएमयू में ले जाकर रिसाइकल करके प्लास्टिक पिलेट्स बनाया जायेगा। कानपुर की एक कंपनी से इसे उचित दामों पर खरीदने की बात चल रही है। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों से एमओयू भी किया गया है। इसे बेचने से ग्राम पंचायतों की आय भी बढ़ेगी। इसके अलावा चिरईगांव मे लगे पीडब्लूएमयू से निकले प्लास्टिक को पीडब्ल्यूडी, आरईएस और जिला पंचायत की सड़क बनाने के लिए बेचा जायेगा। इससे सड़कों की गुणवत्ता में भी सुधार आयेगा। एडीपीआरओ राकेश यादव ने बताया कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'ओन रिसोर्स रेवेन्यू मॉडल' पर काम हो रहा है। ग्राम पंचायत से कंपनी दो से तीन रुपये में प्लास्टिक पिलेट्स खरीदेगी। कार्बन क्रेडिट से भी ग्राम पंचायतों को आमदनी होगी। एक ब्लॉक से लगभग एक टन हर महीने प्लास्टिक निकलने की संभावना है, जिसे कंपनी रीसाइकल करेगी। एक यूनिट से स्वयं सहायता समूह की लगभग पांच से 10 महिलाओं और मशीन संचालन के लिए अन्य लोगों को रोजगार मिलेगा।

# प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों का वैश्विक महाकुंभ बनेगा यूपीआईटीएस-2024

- पारंपरिक उत्पादों को मिलेगा बड़ा प्लेटफॉर्म, नए निर्यातक, महिला उद्यमी और हस्तशिल्पी भी हैं उत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**25** से 29 सितंबर के बीच आयोजित होने जा रहा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो- 2024 (यूपीआईटीएस- 2024) प्रदेश के पारंपरिक उद्यमियों के लिए 'वैश्विक महाकुंभ' साबित होगा। इस क्रम में, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी मंडलों के 270 से अधिक स्थानीय व पारंपरिक उत्पादों के उद्यमियों ने विभिन्न केटेगरीज के अंतर्गत अब तक रजिस्ट्रेशन करा लिया है। आने वाले दिनों में इस प्रक्रिया में और तेजी आएगी।

रजिस्ट्रेशन कराने वाले उद्यमी हथकरघा, टेराकोटा, हस्तशिल्प, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज, एमएसएमई, ओडीओपी समेत विभिन्न श्रेणियों के उद्यमों का संचालन कर रहे हैं, जो इस भव्य आयोजन में हिस्सा लेंगे। वहीं, नए निर्यातक, हस्तशिल्पी व महिला उद्यमी भी आयोजन में सहभागिता को लेकर बेहद उत्साहित और आशान्वित हैं। उनका एक स्वर में कहना है कि सीएम योगी की नीतियां न केवल प्रदेश की परंपरा को संरक्षित कर रही है, बल्कि हमारे उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंच को भी सुलभ बना रही है। उनके अनुसार, इससे हमारे उत्पादों की पहुंच दुनिया के विभिन्न देशों तक हुई है। इससे हमारी कमाई में भी बढ़ोतरी होगी। वाराणसी मंडल के 44 हस्तशिल्पी, नए निर्यातक और महिला उद्यमी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जाने के लिए पंजीकरण करा चुके है। उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त उमेश सिंह ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में वाराणसी मंडल के 4 जिलों वाराणसी ,चंदौली जौनपुर और गाज़ीपुर के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के 20 उद्यमी हिस्सा लेंगे। वहीं, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (जिसमे लकड़ी के खिलौने, गुलाबी मीनाकारी, दरी, बेवरेज, मेडिकल प्रोडक्ट्स बायो फ़र्टिलाइज़र,मसाला नूडल्स व बनारसी सिल्क उद्योग आदि शामिल है) से जुड़े 16 उद्यमी भी प्रतिभाग करेंगे। बनारसी सिल्क साड़ी तथा कालीन उद्योग से जुड़े 8 नए निर्यातक समेत कुल 44 उद्यमी आयोजन में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि ब्रज क्षेत्र के पारंपरिक हैंडीक्राफ्ट और आधुनिक उत्पादों को आयोजन के माध्यम से बड़ा मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

# भ्रष्टाचार में बिजली विभाग के दो अभियंता निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भ्रष्टाचार** मामले में पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने मेरठ के अधीक्षण अभियंता और आजमगढ़ के मुख्य अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। अधीक्षण अभियंता पर ठेकेदारों से रिश्वत लेने की शिकायत हुई थी जबकि मुख्य अभियंता पर मानकों के अनुरूप उपकरण उपलब्ध नहीं कराने के मामले में दोषी पाया गया था। यूपी सरकार को मेरठ में तैनात अधीक्षण अभियंता वेद प्रकाश कौशल के खिलाफ शिकायत मिली थी। उन पर आरोप लगाए गए हैं कि उपकेंद्रों की मरम्मत, पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए 41 करोड़ के टेंडर जारी करने के लिए ठेकेदारों से छह फीसदी करीब 2.5 करोड़ रुपये की रिश्वत ली गई। इसके अलावा वेद प्रकाश कौशल के खिलाफ भ्रष्टाचार की विभिन्न शिकायतें भी मिली। अधीक्षण अभियंता वेद प्रकाश कौशल वाराणसी से तबादला होकर मेरठ आए थे। मेरठ में सिविल दफ्तर में पहले भी अफसरों और कर्मचारियों पर आरोप लगते रहे हैं। पिछले दिनों अधिशासी अभियंता के तबादले के बाद पीवीवीएनएल में रार हो गई थी। अधिशासी अभियंता ने अधीक्षण अभियंता, निदेशक पीवीवीएनएल और एमडी पर आरोप लगाते हुए शासन से शिकायत की थी। इसके बाद मामला तूल पकड़ा। निलंबित अधीक्षण अभियंता वाराणसी में अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न आरोपों से घिरे रहे। बताया जा रहा है कि विजिलेंस जांच भी इनके खिलाफ चल रही है। इसी तरह भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे आजमगढ़ क्षेत्र के मुख्य अभियंता राघवेंद्र भी नहीं बच सके।

**मोहिनी बी0 मनवाणी गर्ल्स डिग्री कालेज (अल्पसंख्यक संस्थान)**
सम्बद्ध– सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय, कानपुर
आवास विकास नं0–3, पनकी कल्याणपुर रोड,
कल्याणपुर, कानपुर–208017
**सूचना**
अल्पसंख्यक संस्थान में अल्पसंख्यक प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत एम0एड0 सत्र 2024–26 में प्रवेश हेतु दिनांक 25/09/2024 को होने वाली प्रवेश परीक्षा स्थगित है। अर्हता, नियम, शर्तें व मेरिट वरीयता पूर्ववत् ही लागू होगी। नोट–प्रवेश परीक्षा दिनांक 16/10/2024 को कालेज परिसर में होगी। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.mbmgdc.in पर जायें। **प्रबन्धक**

## वरिष्ठ नेता जुबेर खान के निधन पर अजय राय ने शोक जताया

**लखनऊ।** राजस्थान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जुबेर खान के निधन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

पायनियर वर्गीकृत
**सूचना**
सूचित हो कि मैं हर्ष सक्सेना पुत्र श्याम कन्हैया निवासी फ्लैट नंबर–7D/E-810 सरयू एन्क्लेव, लखनऊ का मूल आवंटन पत्र संख्या 6878 दिनांक 24–9–2021 वास्तव में खो गया है जिसकी FIR संख्या 20240000746591 दिनांक 14.9. 2024 दर्ज है किसी को कोई आपत्ति हो तो शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा इंदिरा नगर लखनऊ Mo-9451059040 से 15 दिनों में संपर्क करें

# चकबंदी कार्यों में प्रदेश सरकार ने स्थापित किया 10 वर्षों का नया कीर्तिमान

- वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 82 ग्रामों में चकबंदी की प्रक्रिया हुई पूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने पिछले वर्ष सितंबर माह में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान चकबंदी विभाग को किसानों के खेत की सीमा संबंधी विवादों को सुलझाने, गांवों को विकास से जोड़ने, सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए निर्देश दिये थे। साथ ही, गांवों में ग्राम अदालत लगाकर वादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये थे। सीएम योगी की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि योगी सरकार ने चकबंदी संबंधी कार्यों में पिछले एक वर्ष में 10 वर्षों का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में आठ माह में प्रदेश के 40 जिलों के 82 ग्रामों में अब तक चकबंदी करायी जा चुकी है। वहीं पिछले वर्ष 2023–24 में प्रदेश के 74 जिलों के 781 गांवों में चकबंदी करायी गयी। इसके अलावा पिछले साल सितंबर से अब तक 705 ग्राम अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 25,523 वादों का निस्तारण किया जा चुका है।

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्नदाताओं के खेत संबंधी विवादों को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटाने के लिए चकबंदी कराने के निर्देश दिये थे। उन्होंने इसके निस्तारण के लिए अभियान और ग्राम अदालत लगाने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में इस वित्तीय वर्ष में आठ माह में 40 जिलों के 82 ग्रामों में चकबंदी करायी जा चुकी है। वहीं 51 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया संभव न होने के कारण अधिनियम की धारा 6 (1) के तहत चकबंदी प्रक्रिया से अलग किया गया। इसी तरह वर्ष 2023–24 में 74 जिलों के 781 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी की गयी। इसमें 330 ग्राम 10 वर्षों से अधिक अवधि के थे। वर्ष 2022–23 में 463 ग्रामों एवं 2021–22 में 231 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी की गयी, जो पिछले 10 वर्षों की तुलना में एक कीर्तिमान है। कुल मिलाकर वर्ष 2021–2022, 2022–23 तथा 2023–24 में 1475 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी हुई है। वहीं, 50 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित 8 ग्राम, 30 वर्ष से 50 वर्ष तक लंबित 72 ग्राम और 10 वर्ष से 30 वर्ष तक लंबित 296 ग्राम में चकबंदी प्रक्रिया पूरी की गयी। इसमें आजमगढ़ के ग्राम महुवा और गोमाडीह में क्रमशः 63 वर्ष और 56 वर्ष से लंबित, विचाराधीन चकबंदी प्रक्रिया पूरी की गयी। इसके अलावा गाजीपुर के ग्राम सवना व बरेजी चकबंदी प्रक्रिया 59 वर्षों एवं ग्राम बेलसड़ी की चकबंदी प्रक्रिया 55 वर्षों से विचाराधीन थी, जिसे पूरी किया गया। चकबंदी आयुक्त ने बताया कि लखीमपुर खीरी के ग्राम सुआबोझ, सुल्तानपुर के ग्राम मालापुर जगदीशपुर, जौनपुर के ढेमा गांव में क्रमश: 53, 54 और 52 वर्ष से चकबंदी प्रक्रियाधीन थी, जिसे पूरा किया गया। इसके अलावा सुल्तानपुर के ग्राम अन्दारापुर में 48 वर्षों, बरेली के ग्राम मोहनपुर में 41 वर्ष, बिजनौर के ग्राम छाचरी टीप में 35 वर्षों, बदायूं के ग्राम रहेड़िया में 33 वर्षों, मऊ के ग्राम अल्देमऊ में 31 वर्षों, बुलंदशहर के ग्राम याकूबपुर व मुस्तफाबाद डडुवा में 30 वर्षों से चकबंदी प्रक्रियाधीन थी, जिसे पूरा किया गया।

**इंडियन बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **Indian Bank** (A Govt. of India Undertaking)
इलाहाबाद ALLAHABAD

**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति हेतु)**
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)अधिनियम 2002 के नियम–8(1) के अंतर्गत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **इंडियन बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, (धारा 54, 2002) की धारा 13 (12) प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (प्रवर्तन) की सपठित नियम 3, 8 व 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी को मांग सूचना पत्र से यहाँ विस्तृत रूप से नीचे दी गयी राशि 60 दिनों के भीतर लौटाने के लिए निर्गमित किया।
ऋण–ग्रहिता/ जमानतकर्ता के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋण–ग्रहिता/जमानतकर्ता और सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 व 9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। ऋण–ग्रहिता/जमानतकर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्व–साधारण को सामान्य रूप से एतद्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार (क्रय–विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय–विक्रय **इंडियन बैंक** के अधीन रहेगा।
**उधारकर्ता/जमानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**
यह सूचना इस अधिग्रहण के आयोजन के सम्बन्ध में कर्जदारों, जमानतकर्ताओं और बंधककर्ताओं को बकाया जमा करने के लिए कहा जा रहा है।
**विवरण निम्नुसार हैं:–**

| क्र. सं. | ऋणी/प्रोपराइटर/जमानतकर्ता/ बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा की तिथि / बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| शाखा: हजरतगंज शाखा | | | |
| 1. | 1. **श्री अंकुर सिंह चौहान पुत्र श्री विजय बीर सिंह (ऋणी)**, दुंदपुर, लहूरीवां, गंगा गंज, सीतापुर– 261303<br>2. **श्रीमती नेहा सिंह पत्नी श्री अंकुर सिंह चौहान (जमानतकर्ता)**, दुंदपुर, लहूरीवां, गंगा गंज, सीतापुर– 261303<br>3. **श्री अंकुर सिंह चौहान पुत्र श्री विजय बीर सिंह (बंधककर्ता)**, दुंदपुर, लहूरीवां, गंगा गंज, सीतापुर– 261303 | सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित प्लॉट सं. 35, खसरा सं. 220 का भाग, भूमि क्षेत्रफल 168.68 वर्ग मीटर, ग्राम– सैदपुर जागीर, परगना– लखनऊ, तहसील– बख्शी का तालाब, जिला– लखनऊ, **विलेख के अनुसार चौहद्दी: पूर्व:** आराजी दीगर, **पश्चिम:** 18 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तर:** आराजी दीगर, **दक्षिण:** प्लॉट सं. 34 | 04.07.2024<br>11.09.2024<br>रु. 80,24,374.00 एवं उसपर ब्याज |

दिनांक: 15.09.2024 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# नागरिकों को एक छत के नीचे किफायती दरों पर उपलब्ध कराएं स्वास्थ्य सुविधाएं: डॉ. रोशन जैकब

● मंडलायुक्त ने की शहर में हेल्थ एटीएम के संचालन की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जिले** की आम जनमानस को समय से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेल्थ एटीएम संचालन के संबंध में मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक की गयी। मण्डलायुक्त द्वारा सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह तक समस्त समस्याओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। नागरिकों को बेहतर और किफायती दरों पर जांच व अन्य स्वास्थ्य सुविधाए एक छत एवं सेंटर के नीचे उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए।

शनिवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित हेल्थ एटीएम के संचालन के संबंध में मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी सभागार में बैठक हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने नगर के समस्त हेल्थ एटीएम केंद्र संचालक एवं ऑपरेटरों को भी बैठक में आमंत्रित किया, जिससे सेंटर के संचालन में आ रही कुछ समस्याओं की वास्तविकता जाना जा सके। साथ ही तेज कार्रवाई की जा सके। संचालनकर्ताओं ने एक-एक कर अपने केंद्र पर आने वाले मरीजों के बारे में एवं उनके द्वारा की जा रही प्रसंशा व सुझावों से मण्डलायुक्त को अवगत कराया और कुछ सेंटरो की अवश्यकतानुरूप स्थल के शिफ्ट किए जाने की जानकारी दी गयी। सेंटर में कुछ स्थलों पर पानी व सीवर की समस्याए वृक्षों की कटाई-छाटाई और व्यापक प्रचार-प्रसार सहित मुख्य दीवारों पर साइनेज बोर्ड लगाने के सुझाव दिए गए। उक्त अवगत कराये गए सुझावों पर मण्डलायुक्त ने तत्काल कार्रवाई व सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह तक समस्त समस्याओं को दुरुस्त करने और कम फुटफाल वाले केंद्र का व बैठक में अवगत कराये गए नवीन स्थिलों पर प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से निरिक्षण करते हुए स्थानांतरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में केंद्र संचालनकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया कि नागरिकों को हेल्थ एटीएम द्वारा होने वाली जाचों व स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारियां उपलब्ध कराए। साथ ही केंद्र के आस.पास के नागरिकों को इसके प्रति जागरूक भी करे। मण्डलायुक्त ने हेल्थ एटीएम की समीक्षा बैठक निरंतर करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही अवगत कराई गई अवधि तक समस्त कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी एसजीपीजीआई, योलो हेल्थ लि. के प्रतिनिधि सहित लखनऊ स्मार्ट सिटी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाषा विवि और इस्कॉस के बीच एमओयू



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ख्वाजा** मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी (इस्कॉस) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय और इस्कॉस के बीच विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सहयोग किया जाएगा। इस साझेदारी का उद्देश्य सेमिनार, कार्यशालाओं, सम्मेलनों और विज्ञान संचार से जुड़े अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करना है, जो विश्वविद्यालय के छात्रों और शोधकर्ताओं को विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में नई जानकारी और प्रगति प्रदान करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह ने कहाकि यह समझौता हमारे विश्वविद्यालय के छात्रों को विज्ञान और संचार में अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा। इस अवसर पर, विश्वविद्यालय के एमओयू नोडल अधिकारी डॉ. नीरज शुक्ला ने कहाकि यह समझौता ज्ञापन हमारे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगा और छात्रों को विज्ञान संचार के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। इस्कॉस के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ. वी. पी. सिंह ने इस साझेदारी की सराहना की और कहाकि यह सहयोग विज्ञान और तकनीकी ज्ञान को समाज के आम लोगों तक पहुंचाने के हमारे उद्देश्य को और सशक्त करेगा। इस समझौते के तहत गतिविधियों के समन्वय के लिए डॉ. सुमन कुमार मिश्रा को विश्वविद्यालय की ओर से समन्वयक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेश कुमार, प्रो. सौबान सईद, डॉ. नलिनी मिश्रा और डॉ. बुशरा अलवेरा विशेष रूप से उपस्थित थे।


## रामदास खेड़ा में जर्जर पुलिया से नाराज लोगों ने की नारेबाजी व प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृष्णानगर** के सरोजनीनगर वार्ड में रामदास खेड़ा की पुलिया जर्जर होने से डरे लोगों द्वारा प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान खींचने का प्रयास किया गया। मरम्मत न होने से नाराज पंडित खेड़ा के लोगों द्वारा सिंचाई विभाग व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया गया। कृष्णानगर क्षेत्र के कानपुर रोड स्थित सरोजनीनगर प्रथम वार्ड से गुजरने वाली नहर पर बनी रामदास खेड़ा की पुलिया जर्जर हो चुकी है। यह बड़े हादसे को दावत दे रही है। इसकी मरम्मत न होने से नाराज पंडित खेड़ा के लोगों ने शनिवार को सिंचाई विभाग व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया। पंडित खेड़ा के विनीत मिश्रा, अनुपम शर्मा, वीरेंद्र तिवारी, एसएन तिवारी, रोहित, जेपी मिश्रा, आशीष पांडेय आदि ने बताया कि इस पुलिया से कृष्णानगर, विजय नगर, अलीनगर सुनहरा, कानपुर रोड की ओर से पारा, रामदास खेड़ा, पंडित खेड़ा की तरफ आवागमन रहता है। स्कूली बच्चे भी इसका इस्तेमाल करते हैं। केसरीखेड़ा क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनना शुरू होने से वहां से गुजरने वाले इस पुलिया से आने.जाने लगे। इससे पुलिया के दोनों तरफ की दीवारें टूट चुकी हैं और यह कभी भी नहर में समा सकती है। लोगों का आरोप है कि स्थानीय नेताओं से लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों तक से शिकायत कीए पर सुनवाई नहीं हुई।

## फर्जी दस्तावेजों के जरिए 29 साल से नौकरी कर रहा परिचालक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**फर्जी** दस्तावेजों के आधार पर वर्ष-1995 से परिचारक पद पर नौकरी कर रहे हरी प्रसाद निवासी गौरी बाजार, देवरिया को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया।

एसटीएफ को हरी प्रसाद के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसकी जॉच के क्रम में कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, देवरिया से उसके समस्त शैक्षिक अभिलेख प्राप्त करके उसका सत्यापन कराया गया। प्राप्त अभिलेखों के सत्यापन पर इसके जन्मतिथि में भिन्नता पाई गयी और इसी कूटरचित दस्तावेज के आधार पर हरी प्रसाद बखरा इंटर कालेज, बखरा, गौरी बाजार, जनपद देवरिया में परिचारक के पद पर नियुक्ति पाया था। एसटीएफ की टीम द्वारा हरी प्रसाद को बखरा इण्टर कालेज, बखरा से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसका नाम हरी प्रसाद पुत्र पतरू प्रसाद है तथा ग्राम-बखरा, पोस्ट बखरा, थाना गौरी बाजार, जनपद देवरिया का मूल निवासी है। इसने टीसी में अपने वास्तविक जन्मतिथि के स्थान पर कूटरचित तरीके से जन्मतिथि को कम दिखाते हुए फर्जी प्रमाण-पत्र (टीसी) तैयार करा लिया था। जिससे कि यह अधिक दिन तक नौकरी करे और वेतन (वित्तीय लाभ) प्राप्त कर सके।

## कोरिया में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे अवधेश मिश्र के चित्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रख्यात** चित्रकार और डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के डॉ. अवधेश मिश्र के चित्र कोरिया में प्रदर्शित होंगे। कोरिया के इनको सेंटर और के आर्ट इंटरनेशनल एक्सचेंज एसोसिएशन, बुशान, कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में बुशान, कोरिया में 5 से 8 दिसम्बर 2024 के मध्य अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें भारतवर्ष से अवधेश मिश्र अपने विजूका रिटर्न्स श्रृंखला के दो चित्रों के माध्यम से प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रदर्शित होने वाले इन चित्रों में एक चित्र संयोजन 05-2020 में जन आस्था और बल-बुद्धि-विद्या के प्रतीक बजरंगबली की छवि रक्षक के रूप में दिखती है और पृष्ठभूमि में भारतीय संस्कृति एवं लोक कलाओं के विविध तत्व संयोजित किए गए हैं। चित्र में आस्था का प्रतीक शिवलिंग, विकास की प्रतीक सीढ़ियाँ, व्यक्ति के जीवनसंघर्ष का प्रतीक चूल्हा और जीवन की तरह तीन हिस्सों में बँटा फलक जिसमें खुशहाल रंगों से रचा गया विजूका संकट मोचन के रूप में खड़ा विकास के साक्षी की तरह सबकुछ देख रहा है, तो दूसरे चित्र संयोजन 05-2021 में जुड़े हुए दो विजूके मानव जीवन और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते नजर आते हैं। सीढ़ियां, चूल्हे और विजूका के साथ फलक विभाजन एवं संयोजन में एक्रेलिक रंगों का वर्ताव उल्लेखनीय है। डॉ. मिश्र को राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश से अखिल भारतीय और राज्य स्तरीय पुरस्कारों के साथ जूनियर फेलोशिप, भारत सरकार सहित अन्य कला संस्थाओं से अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। साथ ही उनके कला कर्म पर अनेक विश्वविद्यालयों से परास्नातक और पीएच-डी स्तर के शोध कार्य हो चुके हैं। डॉ. मिश्र आजकल अध्यापन के साथ, विजूका रिटर्न्स चित्र श्रृंखला, जो गंवई जन-जीवन और भारतीय सांस्कृतिक संवेदनाओं पर आधारित है, को रचने और कला दीर्घा पत्रिका के सम्पादन भी कर रहे हैं। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनियों तथा देश-विदेश के अनेक कला शिविरों, व्याख्यान-प्रदर्शन और संगोष्ठियों में सहभागिता की है।

### पीड़ित को दारोगा ने डपटकर भगाया, इंस्पेक्टर ने बुलाकर दर्ज की एफआईआर

**मोहनलालगंज।** बिन्दौवा में दुस्साहसी चोरों ने दो दुकानों का ताला तोड़कर हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित दुकानदारों की शिकायत पर दारोगा ने डपटकर भगा दिया। हालांकि मामले की भनक लगने पर इंस्पेक्टर ने पीड़ित को बुलाकर एफआईआर दर्ज कराई। मोहनलालगंज के बिन्दौवा निवासी अमितेश कुमार बाजपेई और उसके चचेरे भाई सत्य प्रकाश की गांव की मोड़ पर छोटी सी दुकान है। शुक्रवार की रात दुस्साहसी चोरों ने दोनों दुकानों का ताला तोड़कर हजारों रुपए का सामान उठा ले गए। शनिवार की सुबह दुकान पहुंचने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़ितों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। पीड़ित अमितेश ने बताया शिकायत लेकर थाने पहुंचने पर दारोगा ने जांच की बात कहकर तहरीर लिए बिना ही उसे डपटकर भगा दिया। हालांकि मामले की जानकारी मिलने पर शाम को एसएचओ आलोक राव ने पीड़ित को बुलाकर तहरीर ली और एफआईआर दर्ज करा दी। पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस से शीघ्र खुलासे की मांग की है।

### परिवार को कमरे में बंद कर लाखों का माल उड़ा ले गए चोर

**मोहनलालगंज।** धनुवासाढ़ गांव में शुक्रवार की रात घर में सो रहे परिवार को कमरे में बंद कर बेखौफ चोर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मोहनलालगंज के धनुवासाढ़ गांव निवासी धर्मेन्द्र प्राइवेट कंपनी में कार्यरत हैं। धर्मेन्द्र ने बताया शुक्रवार की रात वह परिवार के साथ भूतल के कमरे में सोए हुए थे। जबकि बड़े भाई विशंभर का परिवार का छत पर कमरे में सो रहा था। रात में पड़ोसी की छत से चढ़े चोरों ने कमरों का बेलन बाहर से बंद कर दूसरे कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर लाखों की कीमत के जेवरात और नकदी समेटकर भाग निकले। शनिवार की सुबह परिवार की नींद टूटी तो सभी कमरे में बंद थे। दूसरे दरवाजे से बाहर आकर देखा तो घर के दरवाजे खुले और कमरे में सारा सामान बिखरा मिला। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देने के बाद पहुंची पुलिस टीम छानबीन कर वापस लौट गई। बाद में एसीपी रजनीश वर्मा और एसएचओ आलोक राव ने भी घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की। एसएचओ आलोक राव ने बताया कुछ सुराग मिले हैं। एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश में टीम जुटाई गई है।

### पांच पीपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** शासन ने शनिवार को प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग (पीपीएस) के पांच अधिकारियों के तबादले कर दिए। अमित सक्सेना को पुलिस उपाधीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक कुशीनगर बनाया गया है। राजवीर सिंह गौर को पुलिस उपाधीक्षक एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक बांदा, युवराज सिंह को पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या से पुलिस उपाधीक्षक बुलंदशहर भेजा गया है। इसी तरह योगेन्द्र कुमार को पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम के पद से हटाते हुए पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या बनाया गया है। वहीं दिलीप सिंह प्रथम को पुलिस उपाधीक्षक बुलंदशहर से पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अलीगढ़ की जिम्मेदारी दी गई है।

## यूनाइटेड सिटी कालोनी में धूमधाम से किया गया गणपति विसर्जन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जानकीपुरम** विस्तार के यूनाइटेड सिटी कालोनी में शनिवार को बड़ी संख्या में भक्तगणों ने गणपति विसर्जन किया। कालोनी में रहने वाले उच्च न्यायालय के अधिवक्ता शैलेष कुमार सिंह एवं उनके परिवार के सदस्य पिछले नौ वर्षो से लगातार गणपति स्थापना एवं विसर्जन बड़े धूमधाम से करते आ रहे हैं। इस बार भी उन्होंने अपने आवास पर गणपति बप्पा की स्थापना की तथा काफी संख्या में लोगों के साथ निरंतर पूजन-पाठ एवं आराधना की प्रक्रिया चलती रही। उनका कहना है कि श्रद्धा-भक्ति से परिपूर्ण इस कार्यक्रम में सहभागी होने वाले लोगों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है, जिसे देखकर उन्हें हार्दिक प्रसन्नता होती है। इस भौतिकतावादी युग में जहां लोग अपने निहित स्वार्थों में डूबकर सनातन परम्पराओं से से विरत हो जाते हैं, वहीं गणपति आराधना के प्रति लोगों का बढ़ता उत्साह एक सकारात्मक संकेत है।

## डेढ़ माह से जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए ब्लॉक के चक्कर लगा रहे लोग

● दो दर्जन से अधिक पंचायतों में प्रमाणपत्र के आवेदन लटके

संवाददाता। मोहनलालगंज

**सचिवों** के तबादले के बाद मोहनलालगंज की दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में लोगों को डेढ़ माह से जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए ब्लॉक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। लेकिन सीआरएस पोर्टल पर यूजर आईडी और पासवर्ड काम नही करने से सचिव चाहकर भी लोगों की समस्या का निराकरण नही कर पा रहे हैं। लोगों की शिकायतों से परेशान बीडीओ ने डीपीआरओ और सीएमओ ऑफिस में बात कर समस्या शीघ्र दूर कराने की गुजारिश की है।

मोहनलालगंज ब्लॉक की भद्दी सिर्स दयालपुर रामपुरगढ़ी जमुनी करनपुर कुढ़ा डाडासिकंदरपुर करोरवा अमवामुर्तजापुर डिघारी हसनपुर कनेरी सलेमपुर अचाका शाहमोहम्मदपुर अपैया रतनपुर अघैया कुशमौरा बरवलिया परसपुर थट्टा शेरपुर लवल बैरीशालपुर समेत दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में सचिवों के तबादले के बाद जिला प्रशासन ने जुलाई माह में ही दूसरे ग्राम पंचायत सचिव तैनात कर दिए थे।

लेकिन सीआरएस पोर्टल पर सचिवों के यूजर आईडी और पासवर्ड काम नही करने से इन सभी पंचायतों में लोगों को बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र और मृतकों के मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कराने के लिए डेढ़ माह से ब्लॉक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

लोगों को सफाई देकर थक चुके सचिवों ने एडीओ पंचायत और डीपीआरओ ऑफिस में समस्या दूर कराने की गुहार लगाई है। उधर एडीओ पंचायत अशोक यादव के मुताबिक सीआरएस पोर्टल पर नए सचिवों के यूजर आईडी और पासवर्ड अपडेट करने के लिए डीपीआरओ ऑफिस को पत्र उसी समय भेज दिया गया था। समस्या के निराकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### बीडीओ ने सीएमओ ऑफिस में की गुजारिश

**जन्म** और मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए भटक रहे लोगों की शिकायतों को लेकर बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने डीपीआरओ और सीएमओ ऑफिस में फोन कर अधिकारियों को समस्या की जानकारी दी। बीडीओ ने जल्द समाधान न होने पर आमजन की परेशानियों के बारे में भी अवगत कराया। बीडीओ ने बताया अधिकारियों ने समस्या के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने का भरोसा दिया है।

### समय सीमा के बाद सचिव कैसे जारी करेंगे प्रमाणपत्र

**सीआरएस** पोर्टल के जरिए पंचायत सचिव को 21 दिन की समय सीमा में ही जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने की व्यवस्था है। जबकि इसके बाद एक वर्ष की अवधि तक डीपीआरओ ऑफिस और उसके बाद प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के आदेश पर प्रमाण पत्र जारी करने का नियम है। लेकिन सचिवों के तबादलों के बाद अधिकांश पंचायतों में जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र के आवेदन डेढ़ माह से अधिक समय से पेंडिंग हैं। ऐसे में 21 दिन बीतने के बाद सचिव किस तरह इन आवेदनों पर प्रमाण पत्र जारी कर सकेंगे इसे लेकर आवेदक बेहद परेशान हैं। लेकिन कोई भी उनके सवालों के जवाब देने को तैयार नही है।

## बसंतकुंज योजना में पहुंची हेल्थकेयर की टीम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** आवास योजना के तहत प्रदेश सरकार ने गरीबों को मकान का सपना तो पूरा कर दिया। लेकिन यहां स्वास्थ्य सुविधाएं अभी तक मुहैया नहीं करा पाया। जिसमें यहां के निवासियों को इलाज केलिए दर.दर भटकना पड़ता है। तो वहीं निजी व सरकारी अस्पतालों केलिए बड़ी दूरी तय करनी पड़ रही है। हालांकि शनिवार को पीएम आवास योजना के बसंतकुंज सेक्टर.एन में वर्ल्ड फर्स्ट एड डे के मौके पर ग्रीन गैस लिमिटेड के निगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गतए हेल्पेज इण्डिया की मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट एक मसीहा बनकर लोगों का इलाज किया गया।अरूण पटेल व मनोज जोशी ने सभी सेक्टरों में जाकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही बुजुर्ग जो चलने में आसमर्थ थें उन्होंने अपने कंधों के सहारे तीसरे व चौथी मंजिलों से उतार कर लाएं। उन्होंने बताया प्रदेश सरकार द्वारा यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं बनाए गए। इसलिए इलाज केलिए बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस तरह की स्वास्थ्य यूनिट समय.समय आ कर हम लोगों का इलाज कर तो कुछ राहत मिल सकती है।

## हमारी भावना, संवेदना और संस्कृति है हिन्दी: डॉ. रमेश

● हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उत्तर** प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर शनिवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में किया गया। दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती की प्रतिमापर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना सर्वजीत सिंह द्वारा प्रस्तुत की गयी। डॉ. रामकठिन सिंह, डॉ. श्रुति, डॉ. रमेश प्रताप सिंह का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर आरपी सिंह, निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया। डॉ. रमेश प्रताप सिंह ने कहा कि हिन्दी भाषा में विस्तार की सम्भावनाएं है। हिन्दी सभी भाषाओं की समुच्य है। भाषा अभिव्यक्ति का साधन होती है। आज की हिन्दी राजभाषा तक सीमित नही है। इसका हिन्दी भाषा से सरल कोई भाषा नही है। हिन्दी पहले भी समृद्ध थी और आज की हिन्दी में विरासत के तत्व विद्यमान हैं। हिन्दी राष्ट्रभाषा नही बन सकी उसमें हिन्दी ही नही बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी है, हिन्दी हमारी भावना, संवेदना और संस्कृति है। क्षेत्रीय, प्रान्तीय भाषा कन्नड़, नेपाली हिन्दी को विकसित होने में बाधा डालती है। केशवचन्द्र शेन से हिन्दी को राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान बनाने में बड़ी भूमिका निभायी थी। हिन्दी भाषा कभी-कभी कमजोर स्थिति में नही रही। देश स्वतंत्रता में हिन्दी साहित्यकारों का काफी योगदान रहा। साहित्यकारों की कालजयी ताकत भी रही जिससे देश स्वतंत्र हो गया।

डॉ. श्रुति ने कहा कि आज हिन्दी भाषा के सम्मुख कई चुनौतियाँ है। हिन्दी में बोलने की अभूतपूर्व क्षमता है। भारत बहुभाषी-विविध संस्कृतियों का देश है। भाषायी संस्कृति को एक सूत्र में बांधने की क्षमता हिन्दी को ही है। हिन्दी केवल एक भाषा ही नही भारत की संस्कृति हैं हिन्दी भारत माता के माथे की बिन्दी है। महात्मा गांधी जी ने एकभाषिता पर काफी बल दिया। हिन्दी में अन्य भाषाओं को समाहित करने की क्षमता है। हिन्दी का शब्द भण्डार निरन्तर बढ़ता जा रहा है। हिन्दी में संप्रेषणीयता की अद्भुत क्षमता है। संचार माध्यम व फिल्मों ने भी हिन्दी को बढ़ावा दिया। अलग-अलग भाषाओं के शब्द को हिन्दी ने अपने में समाहित करती चली जा रही है। हिन्दी को आगे बढ़ाने में आत्मविश्वास की आवश्यकता है। हमारी हिन्दी की भावना देशवासियों में प्रचार-प्रसार करने की आज आवश्यकता है।

डॉ. रामकठिन सिंह ने कहा कि हिन्दी कोबढ़ावा देने में विज्ञान परिषद ने 1914 से निरन्तर प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'विज्ञान' ने अहम भूमिका निभायी। हिन्दी लेखकों में गुणाकरमुले का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। वर्तमान में नई शिक्षा नीति ने भी हिन्दी को अग्रसर करने में प्रयासरत है। हमे अपनी मात्र भाषा में लिखने, बोलने, पढ़ने, सीखने में गर्व का अनुभव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अनुवाद के स्थान पर मूल लेखन पर बल देना चाहिए। हिन्दी एक सक्षम भाषा है, जिसमें विज्ञान लेखन की पर्याप्त क्षमता है। उन्होंने विज्ञान विषय पर केन्द्रित अपनी कविता का पाठ किया। डॉ. अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, हिन्दी संस्थान द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं संगोष्ठी में उपस्थित समस्त साहित्यकारों, विद्वत्तजनों एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 70 लाख से अधिक वाद निस्तारित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**न्यायमूर्ति** संजीव खन्ना, न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय और कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति अरूण भंसाली, मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय और मुख्य संरक्षक, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, तथा न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय और कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शनिवार को प्रदेश भर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रदेश के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, सायं 6 बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 70,03,040 वाद निस्तारित किए गए। इसमें 62,75,041 प्री-लिटिगेशन वाद और 7,27,999 लम्बित वाद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 9 सितंबर 2024 को अपर मुख्य सचिव, गृह, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समस्त मंडलायुक्तों, पुलिस आयुक्तों, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिदेशकों, जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/पुलिस अधीक्षकों के साथ जूम मीटिंग के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया था।

## आर्बिट्रेशन वादों का अधिक से अधिक हो निस्तारण: जिला जज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण, पारिवारिक न्यायालय परिसर, वाणिज्यिक न्यायालय, कलेक्ट्रेट एवं तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 98,708 मामलों का निस्तारण कर कुल 54,10,91,756 रुपए की धनराशि वसूल की गयी। शनिवार को जिला न्यायालय लखनऊ में जनपद न्यायाधीश अश्विनी कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता और मार्गदर्शन में एवं मीनाक्षी सोनकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निर्देशन में जनपद न्यायालय लखनऊ सहित मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण, पारिवारिक न्यायालय परिसर, वाणिज्यिक न्यायालय, कलेक्ट्रेट एवं समस्त तहसीलों आदि में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाए, इस उद्देश्य से लोक अदालत का आयोजन कर गरीब जनता को कम से कम धनराशि में मुक़दमों का निस्तारण किया जाए। इस लोक अदालत का जनता अधिक से अधिक इसका लाभ ले और अपने मुकदमों का निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी इसका ध्यान दें और अपने कार्यदायित्वों को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की संख्या कम है और काम ज्यादा है इस करण अधिकारी अधिक से अधिक मेहनत करें। न्यायाधीश ने कहा कि आर्बिट्रेशन के वादों की संख्या अधिक है इस कारण इन वादों का अधिक से अधिक निस्तारण किया जाए। राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन में जिसमें जनपद न्यायालय के कुल 11090 मामलें, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कुल 124 मामले, वाणिज्यिक न्यायालय के 72 मामलें और पारिवारिक न्यायालय के 181 मामलों सहित न्यायालय में लम्बित कुल 11,487 वादों का निस्तारण कर कुल 40,92,21,960 रुपए की धनराशि वसूल की गयी। प्री.लिटिगेशन स्तर पर राजस्व के कुल 61,154 वाद, नगर निगम के कुल 14,613 प्रकरणों और अन्य 11475 प्रकरणों सहित कुल 87,242 मामलों का निस्तारण कर कुल रुपए 13,18,69,796 की धनराशि वसूल हुयी। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 98,708 मामलों का निस्तारण कर कुल 54,10,91,756 रुपए की धनराशि वसूल की गयी।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 15 सितंबर 2024



# देश ही नहीं विदेशों में भी हैं नाथपंथ की परंपरा के अमिट चिह्नः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नाथपंथ की परंपरा के अमिट चिह्न सिर्फ देश के हर कोने में ही नहीं हैं बल्कि विदेशों में भी हैं। योगी शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने अयोध्या में गत दिनों तमिलनाडु के एक प्रमुख संत से हुई मुलाकात का उल्लेख करते हुए बताया कि उक्त संत से उन्हें तमिलनाडु के सुदूर क्षेत्रों की नाथपंथ की पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं। यहां गोरखनाथ जी से जुड़े अनेक साधना स्थल और नाथपंथ की परंपराएं आज भी विद्यमान हैं। कर्नाटक की परंपरा में जिस मंजूनाथ का उल्लेख आता है, वह मंजूनाथ गोरखनाथ ही हैं। महाराष्ट्र में संत ज्ञानेश्वर दास की परंपरा भी मत्स्येंद्रनाथ, गोरखनाथ और निवृत्तिनाथ की कड़ी है। महाराष्ट्र में रामचरितमानस की तर्ज पर नवनाथों की पाठ की परंपरा है। पंजाब, सिंध, त्रिपुरा, असम, बंगाल आदि राज्यो के साथ ही समूचे वृहत्तर भारत और नेपाल, बांग्लादेश, तिब्बत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान समेत अनेक देशों में नाथपंथ का विस्तार देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नाथपंथ की परंपरा से जुड़े चिह्नों के संरक्षण और उसे एक म्यूजियम के रूप में संग्रहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय के महायोगी गुरु गोरखनाथ शोधपीठ इस दिशा में पहल कर सकता है। उन्होंने शोधपीठ से अपील की कि वह नाथपंथ की इनसाइक्लोपीडिया में नाथपंथ से जुड़े सभी पहलुओं, नाथ योगियों के चिह्नों को इकट्ठा करने का प्रयास करे।

### दिव्यांगजन कैंटीन का सीएम ने किया शुभारंभ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में दिव्यांगजन कैंटीन का भी शुभारंभ किया। इस कैंटीन का संचालन दिव्यांगजन द्वारा किया जाएगा। कैंटीन का उद्घाटन करने के बाद सीएम योगी ने इसका संचालन करने वालों का मनोबल बढ़ाया।

# वैश्विक स्तर पर पर्यटन हब के रूप में उभरा यूपीः जयवीर सिंह

● पर्यटन विभाग ने जारी किया आंकड़ा, प्रदेश में घूमने के लिए आए 33 करोड़ पर्यटक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में फिर नया कीर्तिमान रचने के लिए तैयार है। मौजूदा वर्ष के बीते छह माह में लगभग 33 करोड़ पर्यटकों ने यहां का रुख किया। अयोध्या ने काशी को भी पीछे छोड़ दिया। यहां छह माह में लगभग 11 करोड़ लोग पहुंचे।

वर्ष 2022 में प्रदेश में जितने पर्यटक आए थे, उससे एक करोड़ से भी अधिक इस वर्ष शुरुआती छह माह में पहुंचे। इसी तरह, वर्ष 2023 के शुरुआती छह माह में आए पर्यटकों की संख्या से 13 करोड़ से भी अधिक है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में हाल के वर्षों में पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ा है। इस वर्ष अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पर्यटकों का आगमन तेजी से बढ़ा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि छह माह में कुल 32 करोड़ 98 लाख 18 हजार 122 पर्यटक यूपी में भ्रमण के लिए आए, जबकि वर्ष 2022 में पूरे एक वर्ष में लगभग 31 करोड़ 86 लाख पर्यटक आए थे। इसी तरह बीते वर्ष के शुरुआत छह माह में 19 करोड़ 60 लाख 34 हजार 967 पर्यटक आए थे। यानी बीते वर्ष की तुलना में इस साल 13 करोड़ 37 लाख 83 हजार 155 पर्यटक अधिक आए थे। इस वर्ष उत्तर प्रदेश आने वाले कुल पर्यटकों में 32 करोड़ 87 लाख 81 हजार 348 घरेलू, जबकि 10 लाख 36 हजार 774 विदेश से आए पर्यटक हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में सबसे ज्यादा पर्यटक अयोध्या पहुंचे हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि, उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यहां निरंतर पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण को नई दिशा मिलीः केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा मिली है, और साथ ही समूह की दीदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों की उन्होंने प्रशंसा करते हुए उत्पादों की गुणवत्ता को एक नया मुक़ाम देने की बात कही। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए आजीविका मिशन को और अधिक मजबूत बनाने का सुझाव दिया, जिसका केन्द्र बिन्दु ग्रामीण क्षेत्र एवं वहाँ की दीदीयों को बताया। उन्होने प्रदेश के किसानों द्वारा की जा रही खेती एवं समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए कहा ताकि हमे अन्य किसी पर निर्भर न होना पड़े।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह बात शनिवार को वाराणसी में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय आजीविका समागम के अंतिम सत्र मे ऑनलाइन माध्यम से सत्र मे जुड़कर सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने सर्वप्रथम ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया कि राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण आयोजन की ज़िम्मेदारी उत्तर प्रदेश को दी गयी तथा इसके लिए बाबा काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी को यह अवसर दिया गया, जो प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र भी है। इसके उपरांत उन्होने, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सभी वर्गों के क म ॅ चा रि यों, एसएमएमयू, डीएमएमयू, बीएमएमयू को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बधाई दी और साथ ही एनआरएलएम के सभी प्रबन्धक, आयोजकों, कर्मचारियों एवं विभिन्न विभागों से आए हुए प्रतिभागियो के लगन की प्रशंसा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मथुरा, अयोध्या, काशी व अन्य नगरों मे धार्मिक पर्यटन की प्रबल संभावनाओं के दृष्टिगत इसमे समूह की दीदीयों को जोड़े जाने पर बल दिया। उन्होने दीदियों को और मजबूत बनाने एवं उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की गुणवत्ता पर और ध्यान केन्द्रित करने के लिए कहा ताकि पूरे देश की दीदियाँ 2025 के कुम्भ मेले के लिए तैयार हो सके और उनके उत्पादों को एक वृहद मार्केट मिल सके। इन्ही सुझावों के साथ उप मुख्यमंत्री ने सभी को हिन्दी दिवस की बधाई देते हुए मा0प्रधानमंत्री जी द्वारा भारत को न ई ऊंचाइयों पर ले जाने के लक्ष्यों की प्राप्ति की कामना के साथ सभी आयोजकों, प्रतिभागियों एवं समस्त संबन्धित को सफल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी ।

इससे पूर्व समूहों के उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए बनाए गये पोर्टल ग्रीन क्राफ्ट का शुभारंभ किया गया । इसी क्रम मे अपर सचिव, श्री चरणजीत सिंह, ग्रामीण विकास मंत्रालय, ने ई-सरस पोर्टल के माध्यम से राज्यों द्वारा बनाये गए उत्पादों को हर राज्य मे उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए यह सुझाव दिया कि आजीविका समागम को वर्ष मे दो बार आयोजित किया जाए। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जन्मेजय शुक्ला ने राष्ट्रीय मिशन प्रबंधन इकाई की सम्पूर्ण टीम एवं विभिन्न प्रदेशों के प्रतिभागियो को धन्यवाद दिया।

# हिन्दी दिवस पर सपा प्रमुख ने वरिष्ठ साहित्यकारों को सम्मानित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राज्य मुख्यालय डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में शनिवार को हिन्दी दिवस पर वरिष्ठ साहित्यकारों, लेखकों एवं समाजसेवियों का अभिनंदन किया गया। सप अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शाल ओढ़ाकर सभी को सम्मानित किया।

इस अवसर पर अखिलेश यादव ने प्रमोद त्यागी की पुस्तक 'शापित महायोद्धा कर्ण' का विमोचन किया। प्रमोद त्यागी मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ अधिवक्ता, सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता के साथ लेखन क्षेत्र में भी सक्रिय रहते है। गुनवीर राणा ने अपना गीत संग्रह 'आंसुओं की सभा' यादव को भेंट किया। कार्यक्रम में राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री, श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदीप यादव विधायक शामिल रहे। हिन्दी दिवस पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उदय प्रताप सिंह, प्रो. अब्दुल बिस्मिल्लाह, वीरेन्द्र यादव, सूर्य कुमार पाण्डेय सहित प्रमोद त्यागी, दीपक कबीर, प्रो. रमेश दीक्षित, वंदना मिश्रा, हिमांशु शर्मा, नीरज यादव, संजीव जायसवाल, कादिर राणा, अर्चना दीक्षित, राकेश कुमार, मुकेश दर्पण, आयुष यादव, मणेन्द्र मिश्रा, संजीव यादव, संदीप यादव, जयशंकर पाण्डेय आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यासकार प्रो. अब्दुल बिस्मिल्लाह, जिनकी पहली कृति 'झीनी-झीनी बीनी चदरिया' कथा साहित्य की मील का पत्थर मानी जाती है, ने कहा कि यह सम्मान साझी संस्कृति के लिए है अत: विशिष्ट है। उन्होंने कहा कि भाषाई साम्प्रायिकता के खिलाफ भी लड़ाई होनी चाहिए। हिन्दू-उर्दू को हिन्दू-मुस्लिम की भाषा बताकर अंग्रेजों ने भ्रम फैलाया बाद में उससे रोटियां सिंकने लगी हैं। उन्होंने कहा हिंदी उर्दू में कोई भेद नहीं है। पूर्व सांसद एवं कवि उदय प्रताप ने कहा कि अंग्रेजों ने जो भाषाई साम्प्रदायिकता पैदा की थी वह आज भी चल रही है। हिन्दी, उर्दू मिलाकर हिन्दुस्तानी बनाने का समर्थन गांधीजी, मौलाना आजाद ने भी किया था। दुनिया की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में हिन्दी भी है। साहित्यकार प्रसिद्ध आलोचक वीरेन्द्र यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाजवादी आंदोलन और हिन्दी का गहरा रिश्ता रहा है। डॉ. राममनोहर लोहिया ने आजाद भारत में अंग्रेजी के वर्चस्व को हटाने के लिए आंदोलन शुरू किया था। अंग्रेजी की गुलामी आज भी नहीं गई है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने पीडीए का जो नारा दिया है वह डॉ. राममनोहर लोहिया की वैचारिकी से जुड़ता है। इसलिए दर्शन में बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर भी शामिल है। इससे वैकल्पिक राजनीति का रास्ता प्रशस्त होगा।

# आरटीआई कानून को लगातार कमजोर करने का प्रयास कर रही भाजपाः पुष्पेन्द्र



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग ने आयोजित की कार्यशाला

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग (आरटीआई) के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विभाग के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें सम्मिलित होने के लिए प्रदेश के सभी जनपदों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आरटीआई एक्टिविस्टों ने बढ़ चढ़कर रजिस्ट्रेशन किया। आयोजित कार्यशाला में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी फ्रन्टल विश्वविजय सिंह मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश सचिव कीर्ति प्रकाश पाण्डेय ने किया। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आरटीआई के माध्यम से प्रदेश की जनता की समस्याओं एवं मुद्दों को उठाने के लिए अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये। कार्यशाला में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं को लकी ड्रा आयोजित कर लोगों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# स्वनिर्मित सॉफ्टवेयर से किसी विवि में पहली बार हुआ छात्र संसद का ऑनलाइन चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

● महायोगी गोरखनाथ विवि की परिसर संस्कृति के नाम दर्ज हुई एक और उपलब्धि

**महायोगी** गोरखनाथ विश्वविद्यालय की परिसर संस्कृति के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। खुद के बनाए सॉफ्टवेयर से छात्र संसद का ऑनलाइन चुनाव कराने वाला यह देश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। इसके पहले इसी विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित सॉफ्टवेयर से छात्र संघ का ऑनलाइन चुनाव विश्वविद्यालय की मातृ संस्था महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा संचालित महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसढ़ में कुछ दिनों पूर्व हुआ था। शनिवार को हुए विश्वविद्यालय के छात्र संसद के चुनाव में शाम छह बजे से रात दस बजे तक ऑनलाइन मतदान प्रक्रिया पूरी की गई।

छात्र संसद चुनाव के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विमल कुमार दूबे ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया शुक्रवार (13 सितंबर) को 24 विषयों के 54 कक्षा प्रतिनिधियों के उनके शैक्षिक योग्यता अनुसार चयन के साथ प्रारम्भ हुई। विश्वविद्यालय छात्र संसद संविधान के अनुसार चुनाव में किसी भी पद पर प्रत्याशिता के लिए कक्षा प्रतिनिधि होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर आकाश चौधरी, अनिकेत मल्ल, अमित यादव, अश्विनी यादव एवं दीनदयाल गुप्ता ने नामांकन किया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर बादल पटेल, आर्यन यादव, सृष्टि यादव एवं आदित्य रंजन और महामंत्री पद पर प्रिंस कुमार चौरसिया, सुंदरी, समीक्षा कुमारी एवं श्रेया पांडेय तथा पुस्तकालय मंत्री पद पर अनामिका पांडेय व अदिति वर्मा ने नामाकन करके अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। शनिवार को सुबह दस बजे तक नामांकन वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि समस्त प्रत्याशियों के पांच मिनट का चुनावी घोषणा पत्र (योग्यता भाषण) के वीडियो क्लिप विश्वविद्यालय द्वारा ही रिकार्डिंग कर उसे समस्त संचारी माध्यमों से विद्यार्थियों के मध्य साझा किया गया। छात्र संसद के प्रत्याशियों ने अपने योग्यता भाषण में विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ पठन-पाठन हेतु उत्तम व्यवस्था के लिए संसाधनों की उपयोगिता पर बल देते हुए अपना एजेंडा पेश किया। इसके बाद शाम छह बजे से ऑनलाइन मतदान शुरू हुआ जो रात दस बजे तक चला। मतदान में भाग लेने के लिए पंजीकृत मतदाताओं को उनके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी के जरिये लिंक मिला जिसके जरिये लॉगिन कर उन्होंने अलग अलग पदों पर अपनी पसंद के प्रत्याशियों को वोट दिया।

# न्यायपालिका का कार्यपालिका के साथ मिलना लोकतंत्र के लिए खतरनाकः शाहनवाज आलम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अखिल** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी में नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम का शनिवार को प्रदेश कार्यालय पर स्वागत किया गया। सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में अल्पसंख्यक समाज से जुड़े हर मुद्दे पर शाहनवाज़ आलम के संघर्ष और वैचारिक राजनीति की मुहिम की सभी ने सराहना की।

इस मौके पर शाहनवाज आलम ने कहा कि भाजपा सरकार में न्यायपालिका के एक हिस्से का पूरी तरह सरकार के साथ खड़े दिखना लोकतंत्र को खत्म कर तानाशाही थोपने की साजिश का हिस्सा है। संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता भाजपा सरकार में खत्म हो गयी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय और 90 प्रतिशत लोगों के हक और अधिकार की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढाएगी। संगठन महासचिव अनिल यादव ने अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर वैचारिक राजनीति में उनके बेहतरीन योगदान के लिए तारीफ किया और आगे बिहार राज्य में बेहतर करने की शुभकामना दीं।

प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पार्टी ने जो वैचारिक दिशा तय किया है उसमें उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम के बारे में कहा कि वह कांग्रेस के विचार को और सामाजिक न्याय और 90त्न आबादी के हक और अधिकार के लिए लगातार आवाज उठाई।

ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने सभी वैचारिक और सामाजिक समानता की सोच रखने वाले युवा नेताओं को को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर साफ कर दिया है कि संगठन सामाजिक समानता के मुद्दे पर ही आगे बढ़ेगी।

# किसानों से धोखाधड़ी कर करोड़ों कमाने वाला शातिर जालसाज गिरफ्तार

संवाददाता। मोहनलालगंज



**फर्जीवाड़ा** कर भोले भाले किसानों से धोखाधड़ी के जरिए करोड़ों कमाने वाले शातिर जालसाज को मोहमलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस जल्द ही आरोपी के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई करने की तैयारी में है।

बीबीडी थामक्षेत्र के बाजूपुर निवासी किसान जगदीश ने 18 नवंबर 2023 को फर्जीवाड़ा कर उनकी जमीन हड़पने की एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच के दौरान मोहनलालगंज पुलिस को पता चला कि प्रयागराज निवासी संस्कार पाण्डेय ने ही फर्जीवाड़ा कर किसान जगदीश की बेशकीमती जमीन हड़पने की साजिश रची और रजिस्ट्री में खुद ही किसान के जाली दस्तखत बना दिए। 6 मई 2024 को गोमतीनगर थाना क्षेत्र निवासी किसान कन्हैया लाल ने भी दो करोड़ के फर्जी चेक थमाकर एग्रीमेंट का झांसा देकर आरोपी संस्कार पाण्डेय पर जमीन का बैनामा कराकर जमीन दूसरे को बेंच देने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस की जांच में इस फर्जीवाड़े की भी परतें खुल गई। इसी तरह 20 जुलाई 2023 को अलीगढ़ निवासी किसान केस चौहान ने भी आरोपी संस्कार पाण्डेय के विरुद्ध धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस की जांच में यह मामला भी सही पाया गया। ये कुछ मामले तो बानगी मात्र हैं। ऐसे अनगिनत मामले शातिर जालसाज संस्कार पाण्डेय के विरुद्ध पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया आरोपी संस्कार पाण्डेय के विरुद्ध मोहनलालगंज और पीजीआई थाने में ही 9 केस दर्ज हैं । आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। जिसे एसएचओ आलोक राव की अगुवाई वाली टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया उसके गिरोह में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

# श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए अरैल व झूंसी में पीपीपी मोड पर बसाई जाएगी टेंट सिटी

महाकुंभ-2025

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**महाकुंभ**-2025 की मेजबानी के लिए प्रयागराज तैयार है। आस्था की डुबकी लगाने को श्रद्धालुओं में अभी से उत्साह है। चार महीने बाद देश-दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु/पर्यटक संगमनगरी पहुंचेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) सुविधाओं की श्रृंखला विकसित कर रहा है। संगम तट पर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित टेंट सिटी बसायी जाएगी। श्रद्धालुओं के ठहरने के साथ व्यवस्थित तरीके से स्नान, ध्यान, पूजा-अर्चना की व्यवस्था की जा रही है। आगंतुकों को यहां हेलीकॉप्टर भ्रमण, वाटर स्पोर्ट्स, एडवेंचर टूरिज्म व लजीज व्यंजन का आनंद लेने का मौका मिलेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह न बताया कि उत्तर प्रदेश स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की ओर से परेड मैदान में पहले की तरह पारंपिक टेंट सिटी बसायी जाएगी। टेंट सिटी तीन अलग-अलग श्रेणियों में बसायी जाएगी। विभाग की ओर से विला, महाराजा और स्विस कॉटेज में लोगों के रहने-खाने की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके अलावा, अरैल व झूंसी में पीपीपी मोड पर टेंट सिटी बसायी जाएगी। झूंसी में ढाई एकड़ में टेंट सिटी का निर्माण होगा, जिसमें 200 कॉटेज तैयार होंगे। यहां सुपर डीलक्स, प्रिमियम, विला आदि श्रेणी में सुविधाएं मिलेंगी। अरैल में 25 एकड़ में सजने वाली टेंट सिटी में 2000 कॉटेज होंगे। यहां डीलक्स, सुपर डीलक्स और लग्जरी श्रेणी की सुविधाएं मिलेंगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि टेंट सिटी में श्रद्धालुओं के लिए कई विशेष व्यवस्था होगी। यहां आध्यात्मिक माहौल के साथ, योग, यज्ञ, प्रवचन, भजन संध्या, प्राकृतिक चिकित्सा, रिवर व्यू, सांस्कृतिक गतिविधियां, साइकिलिंग के साथ-साथ सोशल कैम्पिंग और स्वदेशी/स्थानीय स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की जा रही है। यूपीएसटीडीसी महाकुंभ 2025 को यादगार बनाने के प्रयास में जुटी है। आगंतुकों को अध्यात्म के साथ रोमांच का अनुभव मिले, इसके लिए वाटर स्पोर्ट्स, पैरासेलिंग या पैरामोटरिंग का प्रबंध किया गया है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज की पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए मेला मैदान के अरैल घाट पर वाटर स्पोर्ट्स के आयोजन की भी योजना है। जयवीर सिंह ने बताया कि संगमनगरी आने वाले श्रद्धालु/पर्यटक रेत पर बसे शहर में टैंट सिटी के साथ-साथ योग-प्राणायाम और मेडिटेशन सत्र का हिस्सा भी बन सकते हैं। दुनियाभर के फोटोग्राफरों के लिए महाकुंभ अविस्मरणीय और अद्वितीय क्षणों को कैद करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ मेला दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक-आध्यात्मिक आयोजनों में से एक है। पहले से अधिक दिव्य और भव्य आयोजन होने जा रहा है। देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान-ध्यान के साथ ठहरने व भ्रमण करने की अच्छी व्यवस्था की जा रही है। प्रयागराज के मंदिरों का विकास, सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री ने राजकीय बालगृह परिसर का निरीक्षण किया

## सावित्री ठाकुर ने एक वृक्ष मां के नाम पर किया पौधरोपण

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**केन्द्रीय** राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार सावित्री ठाकुर ने शनिवार को राजकीय बाल गृह परिसर का निरीक्षण किया। मंत्री सावित्री ठाकुर ने पोषण माह सितम्बर के अन्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र की गर्भवती लाभार्थी नन्दनी एवं सपना की गोदभराई एवं शिशु गृह की बच्ची प्रकृति सहित आयुषी का अन्नप्रासन किया गया और शुभाशीष दिया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बाल गृह परिसर में ही एक वृक्ष माँ के नाम समर्पित करते हुए औषधि वृक्ष मेडिकल प्लांट नीम का रोपण किया। मंत्री ने बाल गृह शिशु का भ्रमण कर संस्था में आवासित बच्चों की शिक्षा एवं खानपान व्यवस्था की जानकारी ली गई। संस्था में आवासित नवजात शिशुओं को गोद में लेकर प्यार और दुलार किया गया और उपस्थित स्टाफ को बच्चों की उचित देखरेख और आत्मीयता से पालन पोषण हेतु प्रोत्साहित किया गया।

मंत्री ने राजकीय बाल गृह बालिका में बालिकाओं से भेंट करी गई और उनकी दिनचर्या और शिक्षण की जानकारी ली गई। बालिकाओं द्वारा निर्मित हस्त उत्पाद का अवलोकन किया गया तथा किए जा रहे नवाचार को सराहा गया। हस्तशिल्प वस्तुओं को समृति स्वरुप मंत्री को भेंट किया गया। राजकीय महिला शरणालय में भ्रमण के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने महिलाओं के बीते जीवन की जानकारी ली गई और अग्रिम जीवन हेतु मार्गदर्शन किया गया और उनके बच्चों को दुलार दिया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री द्वारा महिला एवं बाल विकास के समस्त अधिकारियों को विभागीय योजनाओं को जनपद स्तर पर और अधिक प्रभावी ढ़ंग से क्रियान्वित करने के निर्देश देते हुए प्रधानमंत्री की अपेक्षाओं पर योजनाओं को लाभार्थियों के हित में मूर्तरुप में लाने के लिए और बेहतर करने हेतु मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर मंत्री के साथ राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्या अनिता सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह अध्यक्ष बाल कल्याण समिति अखिलेश मिश्रा सदस्य बाल कल्याण समिति अरविन्द कुमार प्रोटोकाल अफ्सर अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय सुदामा वर्मा शहर बाल विकास परियोजना अधिकारी संजीता सिंह और ओ पी यादव एसीपी ट्रैफ्कि प्रभारी निरीक्षक खुल्दाबाद सहायक अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर राकेश कुमार चौरसिया मौजूद रहे।

# छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किया गया करियर काउंसलिंग का आयोजन



**मुग़लसराय/चन्दौली।** ।दुलहीपुर स्थित सनबीम स्कूल मुगलसराय के सभागार में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और उचित करियर अपनाने हेतु मार्गदर्शन के लिए चार दिवसीय करियर गाइडेंस व काउंसलिग श् आई ड्रीम कार्यशाला श् का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 11 सितंबर से लेकर 14 सितंबर तक चली ए जिसमें करियर काउंसलर्स ने कक्षा 10ए11 और 12 के छात्रों को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। इसमें कक्षा 10 के प्रत्येक छात्र का उनके अभिभावकों की उपस्थिति में करियर काउंसलिंग किया गया और उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार स्ट्रीम सेलेक्शन के फायदे बताए गए। तथा कक्षा 11 और 12 के छात्रों को परंपरागत व प्रचलित करियर के अवसरों से आगे जाकर करियर काउंसलरों ने नए.नए अवसरों के विषय से अवगत कराआ जिससे प्राय: छात्र और अभिभावकगण अनभिज्ञ रह जाते हैं।

इस चार दिवसीय कार्यशाला में समस्त छात्रों की करियर काउंसलिंग श्रीमति रश्मि मैम एवम उनकी टीम के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका श्रीमती श्वेता कानूडिया जी ने कहा कि छात्रों के लिए अपने करियर के संदर्भ में सही विकल्प चुनना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। इस तरह के सत्र का आयोजन छात्रों को सही करियर चुनने में मार्गदर्शन देता है। करियर काउंसलिंग के समापन के समय विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सौमिता चटर्जी जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने करियर में सफ्लता पाने के लिए आपको अपने जुनून और समर्पण को बढ़ावा देना होगा और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा।

कार्यशाला के समापन के अवसर पर विद्यालय के उप . प्रधानाचार्य श्री राम प्रताप सिंह जी ने समस्त काउंसलर को धन्यवाद देते हुए तथा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों के लिए सही दिशा निर्देशन ए जीवन में सफ्लता के लिए बहुत उपयोगी है । जो काम इस करियर काउंसलिंग के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के एचण्आरडीण्हेड श्रीमति श्रुति अग्रवाल सहित समस्त शिक्षकगण और अभिभावकगण उपस्थित रहें।

# प्रयागराज मण्डल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण



**प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल रेल यात्रियों को बेहतर यात्री सुविधा उपलब्ध कराने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी निरंतर प्रयासरत रहा है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत आज शनिवार को इंजीनियरिंग विभाग की टीम के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान के अंतर्गत मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में अपर मण्डल रेल प्रबंधक सामान्य संजय सिंह सहित प्रयागराज मंडल के सभी शाखाधिकारियों द्वारा प्रयागराज जंक्शन परिसर में जी फाइव बिल्डिंग के निकट वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर सामान्य सीताराम प्रजापति वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्रीकृष्ण शुक्ला वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी एम के खरे सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करने के लिए उठाए गए कदम

**प्रयागराज।** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी एनबीएफ्सी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एसएमएफ्जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड ने वाशी नवी मुंबई में अपनी एक हजारवीं शाखा खोलने की घोषणा की है। ऐतिहासिक घटना देश भर में अपने पदचिन्हों का विस्तार करने और कम पहुंच वाले बाजारों में वित्तीय सेवाएं लाने के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करने के लिए एसएमएफ्जी इंडिया क्रेडिट ने इंडिया पोस्ट के साथ मिलकर एक विशेष कवर और माई स्टैम्प जारी किया है। मुंबई में जापान के महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत यागी कोजी महाराष्ट्र सर्किल में डाक सेवाओं मुख्यालय के निदेशक अभिजीत बंसोडे और एसएमएफ्जी इंडिया क्रेडिट के सीईओ और एमडी शांतनु मित्रा उपस्थित थे। शाखा का शुभारंभ एसएमएफ्जी इंडिया क्रेडिट के बड़े और विविध भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को गहरा करने के नीतिगत दृष्टिकोण का प्रमाण है। दो हजार सात में अपनी स्थापना के बाद से कंपनी लगातार विकास करते हुए एक अखिल भारतीय संस्थान के रूप में विकसित हुई है। यह विस्तार भारत भर में विविध आबादी तक औपचारिक ऋण पहुंच का विस्तार करने और उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में सक्षम बनाने के कंपनी के मिशन के अनुरूप है।

## प्रयासों से लोगों को मिलता है निर्बाध और कुशल लाभः राव

**प्रयागराज।** नथिंग ने भारत में अपने तेजी से बढ़ती ग्राहकों की संख्या को देखत हुए अपने सर्विस सेंटर नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की है। दो हजार चौबीस की पहली छमाही में 567 प्रतिशत की ग्रोथ के साथ नथिंग भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला स्मार्टफोन ब्रांड बन गया है। लंदन का कंज्यूमर टेक ब्रांड नथिंग आज के समय में देश का सबसे तेजी से बढ़ता फोन ब्रांड है। अपनी मजबूत उपस्थिति को देखते हुए नथिंग इंडिया अब पूरे देश में कस्टमर सपोर्ट की पहुंच बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। नथिंग इंडिया के मार्केटिंग हेड प्रणय राव ने कहा नथिंग इंडिया लोगों को बेजोड़ कस्टमर सर्विस प्रदान करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। हमारे सर्विस सेंटर का विस्तार ग्राहक संतुष्टि को लेकर हमारी प्रतिबद्धता और भारतीय बाजार में हमारी जोरदार ग्रोथ का प्रमाण है। हम अपने सर्विस सेंटर के एक मजबूत नेटवर्क और विस्तृत पिकअप एवं ड्रॉप सेवा के साथ ग्राहकों को बेहतरीन सपोर्ट प्रदान करते हैं। हमारे इन प्रयासों से ग्राहकों को एक निर्बाध और कुशल सर्विस का लाभ मिलता है। अक्टूबर महीने में नथिंग इंडिया हैदराबाद और चेन्नई में दो और एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर की शुरुआत करने जा रही है। इन दो नए सर्विस सेंटर के साथ देश भर में नथिंग के एक्सक्लूसिव सेंटर की संख्या तीन से बढ़कर पांच हो जाएगी।

## सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की मांग में जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मिर्जापुर की सदर तहसील के चेकसारी गांव की आराजी 303 से विपक्षियों का अतिक्रमण हटाने की मांग में दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है और याचिका की अगली सुनवाई की तिथि 30 सितंबर नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने आनंद कुमार की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता डी डी गुप्ता ने बहस की। इनका कहना है कि विपक्षियों ने गांव सभा की जमीन पर अवैध कब्जा किया है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जाय।याची का प्रत्यावेदन तय करने का निर्देश दिया जाए। सरकारी वकील ने कहा कि विपक्षियों को 1975 में जमीन का पट्टा दिया गया है। उनका कब्जा अवैध नही है। प्लाट उन्हें आवंटित है। याची अधिवक्ता ने यह कहते हुए आपत्ति की कि दो विपक्षी सरकारी कर्मचारी हैं। जिन्हें जमीन का पट्टा नहीं दिया जा सकता।

# डीएम ने सिंचाई व पेयजल समस्याओं के निदान को अफसरों को दिए निर्दश



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सिंचाई एवं पेयजल की समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मीरजापुर जलाशयों की समीक्षा की गयी। जलाशयों में उपलब्ध पानी की समीक्षा करते हुए किस जलाशय में कितना पानी है जानकारी जिलाधिकारी द्वारा ली गयी। जिलाधिकारी ने मेजा जरगो से पानी देने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि चैक डैम व बन्धी बनाए ताकि कुछ किसानों को उसके माध्यम से भी पानी उपलब्ध कराया जा सकें। जिलाधिकारी ने चैक डैम व बन्धी निर्माण हेतु अधिशासी अभियन्ता एम0सी0डी0ए अधिशासी अभियन्ता सिरसी एवं सहायक अभियन्ता की संयुक्त टीम बनाते हुए सर्वे कर आख्या उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पिछले छः माह में सोन पम्प कैनाल कितने दिन चली है बताया गया कि दो पम्प चल रहे हैं डोगिंया जलाशय को पानी दिया जा रहा हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमारए अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंहए उप निदेशक कृषि विकेश पटेलए अधिशासी अभियन्ता सिंचाई सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# भूमाफियाओं ने फर्जीवाड़ा कर करोड़ो की कीमती जमीन का बैनामा करा लिय

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर रजिस्ट्री ऑफिस मे कार्यरत एक बाबू से साठगाठ कर भूमाफियाओ नें एक व्यक्ति से फर्जीवाड़ा कर उसकी करोड़ो की कीमती जमीन का बैनामा करवा लियाएपीड़ित व्यक्ति को ज़ब पता चला की उसके साथ फर्जीवाड़ा हो गया तो वह भूमाफियाओ के खिलाफकार्यवाही करने के लिए अधिकारियो के पास दौड़ रहा है। अकबरपुर रजिस्ट्री कार्यालय मे फर्जीवाड़ा रुकने का नाम नहीं ले रहा हैए यहां बाबू के साथ मिलकर भूमाफिया एक के बाद एक फर्जीवाड़ा कर रहे हैए अकबरपुर तहसील के फतेपुर पकड़ी निवासी अनमोल पुत्र छोटे लाल नें बताया की उसका फतेहपुर पकड़ी मे सुल्तानपुर रोड पर 13 ग110 फिटए 1430 वर्ग फीट जमीन है जिसे वह बेच रहा थाएबलवंत सिँह पुत्र दिनेश सिँह निवासी इटौरी थाना मालीपुर उस जमीन को पैतीस लाख मे खरीद रहे थेए लेकिन उनके साथ फर्जीवाड़ा करके उनकी गौहन्ना बाईपास पर स्थित करोड़ो की जमीन को 5सितंबर को बैनामा करवा लिएएज़ब उनको पता चला की उनके साथ फर्जीवाड़ा हो गया तो शिकायत अधिकारियो से कर रहेएपीड़ित नें बताया की वह चाहता हैं की उसका बैनामा वापस करा दिया जाय और जितना पैसा उसको मिला हैंए वह पैसा वापस करने को तैयार हैं। साहब मुझे जान से मारने की धमकी मिल रही हैं:पीड़ित अनमोल नें बताया की पहले उसके साथ फर्जीवाड़ा कर जमीन लिखाया गयाए वही अब उसको जान से मारने की धमकी मिल रही हैंए उसने बताया की हाइबे पर स्थित उसके घर के सामने काली स्कॉर्पियो से लोग आते हैं और डराते धमकातें हैंए

# हिंदी का प्रचार प्रसार करना सभी का दायित्वः कुदेशिया

## इफ्को में हुआ हिंदी सप्ताह का शुभारंभ



**प्रयागराज।** इफ्को फूलपुर इकाई में हिंदी सप्ताह का शुभारंभ प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में हुआ। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने कहा कि हम हिंदी दिवस मना रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है लेकिन इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है कि हिंदी को हम रोजमर्रा का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए तथा यह हमारा दायित्व है कि हम इसका प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि हिंदी के महत्व व उपयोगिता को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ना है और यही इस वर्ष की थीम है। हिंदी कार्यसमिति के संयोजक अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि हमें हिंदी को विश्व भाषा के रूप में विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। इसके उपरांत सहज प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में इफ्को कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन हेमलता सिजोरिया तथा धन्यवाद ज्ञापन जनसम्पर्क अधिकारी और इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयम् प्रकाश ने किया। इस दौरान महाप्रबंधक संजय वैश्य एम डी मिश्र संजय भंडारी संयुक्त महाप्रबंधक रत्नेश कुमार अरवेन्द्र कुमार एस के सिंह विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी इफ्को इम्पलाइज संघ के महामंत्री विजय कुमार यादव तथा बड़ी संख्या में इफ्को अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। यह जानकारी स्वयम प्रकाश जनसम्पर्क अधिकारी इफ्को फूलपुर ने दी।

# अखिलेश के बयान पर उबले भाजपाई

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया का पुतला फूंका, की नारेबाजी



**अंबेडकर नगर।** सपा मुखिया अखिलेश यादव के मठाधीश और माफ्यिा में कोई ज्यादा फर्क नहीं है।ऐसे बयान पर आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी एवम भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश वर्मा के नेतृत्व में विरोध दर्ज कराते हुए भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन से नारे बाजी करते हुए भाजपा और युवा मोर्चा कार्यकर्ता जिला मुख्यालय के पटेल नगर तिराहे पर पहुंच कर सपा मुखिया का पुतला फूंका और नारे बाजी करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के प्रतिनिधि सदर उप जिलाधिकारी सौरभ शुक्ला को दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने अखिलेश यादव के बयान पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सपा मुखिया के बचकाना बयान से हिंदू धर्मएसंस्कृतिएसाधू संतो और करोड़ों धर्मावलंबियों का घोर अपमान हुआ है। कहा कि समाज वादी पार्टी मुखिया गंदी राजनीति के तहत मुस्लिम समाज को खुश करने के लिए सम्पूर्ण सनातन समाज के धर्म गुरुओं को माफ्यिा की संज्ञा देंगेएऐसा कभी नहीं सोचा गया था।एक समय था जब अयोध्या धाम में सपा मुखिया रहे मुलायम सिंह यादव ने निहत्थे राम भक्तों पर गोलियां बरसा कर उनकी हत्या करवाया था और आज सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सम्पूर्ण हिंदू समाज और श्रद्धा के केंद्र मठाधीशों को माफ्यिा बता दिया।यह सम्पूर्ण हिंदू समाज और संस्कृति का घोर अपमान है जिसका जवाब अक्रोशित हिंदू समाज अवश्य देगा। कहा कि सरकार और निर्वाचन आयोग को सपा मुखिया के घृणित बयान का संज्ञान लेते हुए कठोर कार्यवाही करना चाहिए। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश वर्मा ने कहा कि भाजपा ने कभी किसी भी धर्म और समाज के धर्मावलंबियों और धर्म गुरुओं पर किसी भी प्रकार की आपत्ति जनक बयान नहीं दिया है।कहा कि राजनीतिक कारणों से सपा मुखिया द्वारा किसी धर्म और धर्म गुरुओं पर ऐसा घृणित बयान दिया जाना मानसिक दिवालियापन का प्रतीक है।जिसका प्रत्येक धर्म और समाज के अनुयायियों को निंदा करना चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्माएजिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्रएडाक्टर रजनीश सिंहएजिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्यायएअल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जावेद मलिकएयुवा मोर्चा जिला महामंत्री अतुल वर्माएसंजीव सिंह आदि शामिल रहे।

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थानों में आयोजित किया गया थाना समाधान

## मण्डलायुक्त ने थाना चील्ह और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना पड़री में आयोजित थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं



**मीरजापुर।** शासन मंशानुरूप जन समस्याओं को अधिक से अधिक निस्तारण कर जन सामान्य को राहत पहुंचाने के दृष्टिगत जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने थाना चील्ह में आयोजित थाना समाधान दिवस मे आए फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों लेखपालों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्राप्त जन समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुये प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण व ससमय निस्तारण सुनिश्चित कराएं। मण्डलायुक्त ने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित मामलों में राजस्व व पुलिस की टीम गठित कर संयुक्त रूप से मौके पर दोनो के पक्षों की उपस्थिति में मुआयना कर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने थाना पड़री में आयोजित थाना समाधान दिवस में एक.एक फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा राजस्व पुलिस की संयुक्त टीम गठित करते हुए निर्देशित किया कि स्थलीय निरीक्षण कर उनका ससमय समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सम्पत्तियों पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करें। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्र थानावार यथा. थाना को0 शहर पर 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ 02 निस्तारीतए थाना को0 कटरा पर 18 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना विन्ध्याचल पर 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारितए थाना को0 देहात पर 50 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना चील्ह पर 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारीतए थाना कछवां पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारितए थाना पड़री पर 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त 06 निस्तारितए थाना लालगंज पर 16 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना हलिया पर 38 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना जिगना पर 08 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना ड्रमण्डगंज पर 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारितए थाना सन्तनगर 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारितए थाना चुनार पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारितए थाना अदलहाट पर 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त 05 निस्तारितए थाना जमालपुर पर 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारितए थाना मड़िहान पर 04 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना राजगढ़ पर 05 प्रार्थना पत्र 01 निस्तारितए थाना अहरौरा पर 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त 05 निस्तारित तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया।

# हिण्डाल्को को मिला सीआइआइ नेशनल एनर्जी एफिशिएंट अवॉर्ड




**सोनभद्र।** आदित्य बिड़ला समूह की अग्रणी कंपनी हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किए गए प्रशंसनीय कार्यों के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा नेशनल एनर्जी एफिशिएंट यूनिट का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के लिए विभिन्न क्षेत्रों की 570 से अधिक कंपनियों ने प्रतिभाग किया था, जिसमें मेटल सेक्टर की 14 कंपनियों का चयन कर उन्हें प्रस्तुतिकरण एवं प्रश्नोत्तरी के लिए आमंत्रित किया गया था। हैदराबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में हिण्डाल्को रेणुकूट की तरफसे ऊर्जा विभाग से विवेक अग्रवाल एवं स्मेल्टर प्लांट से नीरज राज़ ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। हिंडाल्को द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के उपरांत हिण्डाल्को रेणुकूट यूनिट को नेशनल एनर्जी एफिशिएंट यूनिट का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्थान के इस श्रेष्ठ उपलब्धि पर हिण्डाल्को रेणुकूट क्लस्टर के सीओओ एन नागेश क्लस्टर के मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह स्मेल्टर प्लांट हेड जेपी नायक अलुमिना प्लांट हेड एनएन रॉय, रेणुपॉवर के यूनिट हेड आरपी सिंह, लेखा विभाग के हेड उज्जवल केश व प्रोजेक्ट हेड राजेश कपूर आदि ने कारखाने में ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के प्रयासो की सराहना करते हुए संस्थान में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को बधाई दिया और भविष्य में भी इसी प्रकार ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में नए मानक एवं कीर्तिमान स्थापित करने की मंशा जताई। ऊर्जा विभाग के राजीव सिंह व रजनीश सिंह आदि ने विशे ष सहयोग दिया।

## पांच की जगह दस एमवीए का बिजनेस प्लान के अंतर्गत लगाया गया ट्रांसफार्मर



**गाजीपुर।** विद्युत विभाग आम जनता को लेकर तत्पर है जिसमे शहर क्षेत्र के उपकेंद्र लोटन इमली पर 5 एमवीए के जगह पर क्षमता वृद्धि करके बिजनेस प्लान के अंतर्गत 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिसमे लोटन इमली से निर्गत फीडरो पर भरपूर बिजली मिलेगी वही लो वोल्टेज से विद्युत उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। वही टाउन एसडीओ सुधीर कुमार ने बताया कि 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगने से विद्युत की सारी समस्या खत्म हो जाएगी क्योंकि 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति करने में काफी कठिनाइयां उत्पन होती थी बार बार 33 केवीए लाइन ब्रेक डाउन हो जाता था वही नगर से भी विद्युत उपभोक्ताओं की लो वोल्टेज की समस्या बराबर आती रहती थी। वही 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर लग जाने से विद्युत फेकचुलेटए लो वोल्टेजए ओभर लोड की सारी समस्या खत्म हो जाएगी। वही तेजी से बढ़ रही आबादी के वजह से 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाना अति आवश्यक हो गया था जिसको देखते हुवे हमारे उच्च प्रबंधन ने संज्ञान में लेते हुए 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया है।

## चुर्क में चला भाजपा का महापर्व सदस्यता अभियान



**सोनभद्र।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य प्रदेश सदस्य रामचंद्र कनौजिया के निर्देश में अनुसूचित मोर्चा द्वारा लगातार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है चुर्क बाजार के वार्ड नंबर 3 विधानसभा घोरावल बूथ संख्या 313 पर शनिवार को घर-घर जाकर जाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि शनिवार को 75 लोगों के सदस्य बनाया गया वहीं संगठन के पदाधिकारियो द्वारा घर-घर पहुंच कर लोगों को बताया कि संगठन द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 8800002024 पर मिस कॉल देना है जिससे मैसेज द्वारा आपको सदस्यता ग्रहण करनी है जिसमें कार्ड बनकर आपके मोबाइल पर उपलब्ध हो जाएगा।

## एनटीपीसी रिहंद में हिंदी पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद में हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ प्रशासनिक भवन में शनिवार को हिन्दी में कार्य करने के शपथ के साथ किया गया। मुख्य महाप्रबंधक, परियोजना प्रमुख रिहंद पंकज मेदीरत्ता ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी के संवर्धन हेतु हिन्दी में कार्य करने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि श्री मेदीरत्ता नें कर्मचारियों से कहा कि वे अपने कार्यालयीन काम काज एवं बोल चाल में अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का प्रयोग करके हिन्दी के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। उन्होने कहा कि हिन्दी बहुत ही सरल एवं सहज भाषा है और यह हमे एक दूसरे से जोड़ने का काम करती है। इस वर्ष 14 से 29 सितंबर 2024 तक मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों नें हिन्दी शपथ लेने के पश्चात हिन्दी में हस्ताक्षर भी किया।

# संत समाज का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा युवा मोर्चा-विशाल

### पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का दहन किया गया पुतला

**सोनभद्र।** सपा के राष्टीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान मठाधीश और माफिया में कोई अंतर नहीं की निंदा के क्रम भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में जनपद मुख्यालय स्थित स्वर्ण जयंती चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय ने कहा की जहा एक ओर मठ मंदिर के मठाधीश राष्ट्र और समाज के हित कार्य करते हुए समाज में श्रद्धा के केंद्र है वही दुर्दांत अपराधियों द्वारा समाज के मान बिंदु का हनन करते हुए समाज को विखंडित और दूषित करने का काम करने वाले माफियाओ की तुलना करके सर्वसमाज विशेषकर संत समाज का अपमान किया है जिसे युवा मोर्चा बर्दाश्त नही करेगा। युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विनय श्रीवास्तव ने कहा कि अखिलेश यादव का बयान उनकी परवरिश का परिणाम है,उनके पिता स्व0 मुलायम



सिंह यादव ने एक वर्ग को प्रसन्न करने के लिए देश के प्राणतत्व मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्तो को गोली मरवाकर हत्या कराया था। राजनैतिक लाभ के लिए यह बयान दिया है जो उनकी हिंदू विरोधी मानसिकता का प्रमाण है जिसकी युवा मोर्चा निंदा करता है। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश जायसवाल भाजपा जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी रजनीश रघुवंशी अतुल पाण्डेय शिवम सिंह राजपूत दिशांत दिवेदी रोशन सिंह प्रिंस पांडे अरविंद सोनी प्रदीप गिरी समीर मालीमदन मिश्रा आनंद पाण्डेय सत्यम मिश्रा चंदन पाण्डेय आलोक रावत बृजेश त्रिपाठी अखिल पटेल उपस्थित रहे।

### दर्ज हो मुकदमा, वर्ना होगा आंदोलन-अविनाश

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फुक्रने और उनके लिए अपशब्दों का प्रयोग करने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा है कि भाजपा की नीति और नीयत दोनों में खोट है। इसलिए भाजपा देश में विभाजन की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए सपा अध्यक्ष के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रही है। उन्होंने इसकी निंदा करते हुए कहा कि प्रदर्शन में शामिल संबंधितों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो सपा कार्यकर्ता सड़क से संसद तक आंदोलन करेंगे।

# अखिलेश के बयान से भाजयुमो में उबाल



**गाजीपुर।** जनपद के कासिमाबाद में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से योगी आदित्यनाथ पर की गई टिप्पणी मठाधीश और माफिया में कोई अंतर नहीं है वाले बयान पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष विश्व प्रकाश अकेला के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का पूतला जलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी के बाद से ही सपा नेता को युवाओं का आक्रोश झेलना पड़ रहा है। इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष विश्व प्रकाश अकेला उर्फअनुज अकेला ने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान उनका मानसिक दिवालियापन है। उन्होंने मठाधीश और माफिया को एक समान बता कर साधु संतों तथा सनातन धर्म का अपमान किया है और उनको अपने इस बयान पर माफी मांगनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता में यह कहा था की माफीया और मठाधीश में कोई बहुत अंतर नहीं होता हैए जिसे इस बयान को मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से जोड़कर देखा जा रहा है इसी पर भाजयुमो कार्यकर्ता आक्रोशित हैं एउनका कहना है कि योगी आदित्यनाथ के खिलाफइस तरह का बयान बिल्कुल बर्दाश्त के बाहर है। उनका 2027 में सरकार बनाने का सपना पूरा होने वाला नहीं हैएइस मौके पर अविनाश सिंहएविवेकानंद रायएअमरनाथ शर्माएहर्षित सिंहएआनंद पांडेयएशिवम रायएगौरव श्रीवास्तवएअशोक कुशवाहाएमनीष तिवारीएविशाल पासीएविशाल कुशवाहाए मिक्कू सिंहएअशोक पटेलएघुरपत राजभरए अनिल चौहानएविनय चौहानएविवेक चौहानएदीपक लालए राजन भाईएमन्नू बिंदएइत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने लिया हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित कराने का संकल्प

**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित 72 वें हिन्दी दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए जीवनपर्यन्त कुलाधिपति पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज ने हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित कराने का संकल्प लिया। जगदगुरू रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि हिन्दी भाषा में संप्रेषणीयता अन्य भाषाओं की तुलना में अधिक है। इसी कारण गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपने कालजयी ग्रंथ रामचरितमानस की रचना हिन्दी में की। उन्होंने इस अवसर पर हिन्दी की उन्नति में योगदान देने वाले साहित्यकारों को भी स्मरण किया। कार्यक्रम में तुलसीपीठ के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास जी महाराज ने अपने वक्तव्य में वर्तमान में हिन्दी भाषा के वैश्विक फलक पर छाने तथा इसकी लोकप्रियता और दुर्दशा का सारगर्भित विश्लेषण प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय द्वारा हिन्दी भाषा का सोशल मीडिया पर होने वाले प्रचार-प्रसार को रेखांकित करते हुए इसके महत्त्व पर संक्षिप्त किन्तु वैदुष्य पूर्ण प्रकाश डाला गया। मंच पर मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र कुमार उपाध्याय तथा भाषा संकायाध्यक्ष डॉ. किरण त्रिपाठी की भी उपस्थिति रही।

## लोक अदालत से न्याय के क्षेत्र में क्रान्ति



**गाजीपुर।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 14 सितम्बर को प्रातः 10:30 बजे जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया गया तथा हिन्दी दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय जनपद न्यायाधीश द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप.प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का उद्घाटन किया गया तथा माननीय महोदय द्वारा लोक अदालत के सफलता हेतु सभी अधिकारियों को अधिक से अधिक निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी। राकेश कुमारण् टप्प् नोडल अधिकारीए लोक अदालत एवं विजय कुमार. प्ट अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु नियत वादों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर सचिव ने बताया कि लोक अदालत से न्याय के क्षेत्र में क्रान्ति आई है और लोगो में विधिक जागरूकता भी बढ़ी हैं। उनके द्वारा माननीय जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु किये गये प्रयासों के बारे में संक्षेप में जानकारी दी गयी तथा सामान्य अदालत एवं लोक अदालत में अन्तर को विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर धमेन्द्र कुमार पाण्डेय जनपद न्यायाधीश संजय हरी शुक्लाए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अखिलेश कुमार पाठकए प्रधान न्यायाधीशए कुटुम्ब न्यायालय शक्ती सिंहए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0.01 अलख कुमारए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्विशेष न्यायाधीश एस0सी0ध्एस0टी0 एवं स्वप्न आनंदए मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण तथा अध्यक्ष व महासचिवए सिविल बार एसोसिएशन व न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित हुए। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 109846 मामले निस्तारण हेतु नियत किये गये थेए जिसमें से सुलह समझौतें एवं संस्वीकृति के आधार पर कुल 104867 वाद अंतिम रूप से निस्तारित किये गये। राजस्व विभाग के 12810 मामलेए विभिन्न न्यायालयों द्वारा 19143 मामले तथा बैंक एवं अन्य विभाग द्वारा कुल 72914 मामले निस्तारित किये गये।

# अब डराने लगा है बाढ़ का पानी

### मुख्य मार्गों पर जलभराव से संपर्क टूटा ग्रामीणों को ऊंचे स्थानों पर भेजा गया प्रशासन की टीमें जुटीं राहत अभियान में



**माधौगढ़** (जालौन)। लगातार तीन दिन तक घनघोर वर्षा के उपरांत अनेक नदियों में बाढ़ के पानी में अपने तेवर दिखाते हुए कई गांव को चारों ओर से घेर लिया है जिसके कारण अनेक गांवों के आवागमन के मुख्य मार्ग पर जल भराव होने से संपर्क टूट गया है। रामपुरा क्षेत्र की पांच नदियों में इस बार सर्वाधिक बाढ़ पहूज नदी में आई इसके कारण ग्राम जायघा, बिलौड़, हुकुमपुरा, सुल्तानपुरा, जखेता, कूसेपुरा, मिर्जापुरा जागीर मोहब्बतपुरा, कंजौसा आदि गांव चारों और पानी से गिर गए हैं, वही कंजौसा और जायघा एवं नदिया पार के चार गांव के सड़क मार्ग पर पानी भर जाने से इनका आवागमन संपर्क टूट गया है। हालांकि पहूज नदी के अतिरिक्त सिंध नदी में भी जल स्तर तेजी से बढ़ा है किंतु अभी यमुना, चंबल और कुंवारी नदी में जलस्तर बहुत अधिक न होने से वर्ष 2019-20 में आई बाढ़ की तुलना में पानी का जलस्तर लगभग पांच मीटर नीचे है जिससे वर्तमान में किसी तरह का संकट उत्पन्न नहीं हुआ है। फिर भी ग्रामीणों को आशंका है कि यदि नदियों में पानी का स्तर इसी प्रकार बढ़ता गया और स्थिति 2019-20 जैसी भयाभह हुई तो जन जीवन संकट में पड़ जाएगा। बाढ़ की इस संभावित आपदा से निपटाने एवं उसके बचाव के लिए बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों ने स्वस्तरीय प्रयास करना प्रारंभ कर दिए हैं। अपने घरों का खाद्यान्न एवं तमाम सामान सुरक्षित स्थानों पर रखना प्रारंभ कर दिया है। पशुओं की सुरक्षा हेतु उनके लिए ऊंचे स्थानों पर भोजन पानी का भी प्रबंध प्रारंभ किया जा रहा है ताकि बाढ़ की इस आपदा में अपने परिवार एवं पशुधन के जीवन की सुरक्षा की जा सके।

### प्रशासन अलर्ट

माधौगढ़। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय में निर्देशन में जनपद के अनेक जिम्मेदार आला अधिकारी एवं परगनाधिकारी ने अपने मातहत कर्मचारियों के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण कर स्थिति पर दृष्टि बनाए हैं। जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक जालौन स्वयं बाढ़ प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों से संपर्क कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर रहे है। समस्त बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मोटरबोट एवं छोटी नौकाओं का प्रबंध किया गया है ताकि किसी प्रकार के संभावित संकट में बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को समुचित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### 72 घंटों से नदिया पार के गांवों में पसरा अंधेरा

माधौगढ़। भोदल सिंह ग्राम प्रधान बिलौड़ ने बताया कि बाढ़ के पानी के कारण जिला जालौन से संपर्क टूट गया है। तीन दिन से नदिया पार के चारों गांव में अंधेरा है। गांव के चारों ओर खेतों में पानी भरा होने के कारण बाजरा तिली अरहर मूंग उरद आदि की फसले बर्बाद हो गई है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद बीमारी फैलने की संभावना है।

### ग्रामीण घबराएं नहीं बाढ़ का पानी स्थिर:एसडीएम

माधौगढ़। उप जिलाधिकारी माधौगढ़ सुरेश कुमार पाल ने बताया की बाढ़ के पानी में स्थिरता आयी है फिलहाल पानी बढ़ने की संभावना नहीं है ,इस स्थिति को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि अब पानी कम होना प्रारंभ हो जाएगा इसके बावजूद प्रशासन नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बरतते हुए निरंतर भ्रमण कर किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए कटिबद्ध है। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के समस्त अधिकारी लेखपाल व कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में डेला डाले हुए हैं।



### कुठौंद क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों तक पहुंचा बाढ़ का पानी

**कुठौंद।** गंगा बैराज तथा हथिनी कुंड बांध से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ दिए जाने के बाद यमुना के जलस्तर में वृद्धि हो गई है बढ़ते हुए जलस्तर को देखकर प्रशासन चौकन्ना हो गया है वहीं पर लोगों की भी मुसीबत धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। विकासखंड कुठौद के यमुना तटवर्ती ग्रामों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए किसानों की धड़कनें धीरे-धीरे बढ़ने लगी हैं। प्रायः देखा गया है कि यमुना में बाढ़ की विदेश का 15 सितंबर तक ही देखी गई है बेमौसम हुई बरसात को लेकर हथिनीकुंड तथा कोटा बैराज से पानी छोड़ दिए जाने के कारण हालात भयावह होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# अवैध प्लाटिंग और आशियाने में उलझा शहर

आलोक निगम। बांदा





**इस प्रकरण में जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप ने कहा कि एक टीम बनाकर मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा बख्शा नहीं जाएगा। अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ गंभीर धाराओं में माफिया एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करके उन्हें जेल भेजा जाएगा और भूमि जब्तीकरण की भी कार्रवाई की जाएगी:-जिलाधिकारी**

**शहर** में इन दिनों भूमाफिया अवैध प्लाटिंग का खुला खेल खेल रहे हैं, इसमें सिस्टम उनके साथ है इसकी चर्चा भी हर जुबान पर है। आम आदमी एक अदद आशियशयाना बनाने के लिए उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई भी गंवा रहे हैं। आलम यह है कि शहर के हर कोने में खाली पड़ी जमीनों पर माफियाओं की नजर है और कृषि भूमि के साथ भी लंबा खेल चल रहा है। जानकारों का मानना है कि इस धंधे में बिना बीडीए और रजिस्ट्री कार्यालय की मिलीभगत के कुछ भी नहीं हो सकता। बाईपास सहित मुख्य मार्गों के किनारे सैकड़ों भूखंडों को प्लाटिंग कर बेचा जा रहा है।जनपद में करीब 50 से ज्यादा भूमाफिया सक्रिय हैं जो अवैध प्लाटिंग का खेल खुलेआम खेल रहे हैं। किसानों की जमीन को पहले औने.पौने दामों में खरीद लेते हैं। फिर नियम विरुद्ध बिना नक्शा व आवासीय प्लाट दर्ज कराए प्रति प्लाट लाखों रुपये में बेचते हैं। जल योद्धा समाजसेवी पद्मश्री से सम्मानित उमाशंकर पांडे ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से इस मामले में गुहार लगाई है। उन्होंने भू माफियाओं पर अंकुश लगाने के साथ अवैध प्लाटिंग के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने की मगां की है। सर्वोदय नगर चिल्ला रोड वार्ड नंबर 31 के बाबा तालाब रोड पर बगैर भू परिवर्तन किया और विकास प्राधिकरण का नक्शा बगैर पास कराए कृषि भूमि पर आलीशान अस्पताल बनाए जा रहे हैं। जगह.जगह मकान बन रहे हैं किसी में भी रिचार्जिंग के पॉइंट नहीं बन रहे तथा प्लाटिंग बगैर लेआउट पास कारये रोड बनाए और पार्क बगैर बनाए हुए करोड़ रूपीस के प्लांट बेच रहे हैं। यह अवैध प्लाटिंग कृषि जमीन पर बगैर भूपरिवर्तन का कार्य पूरे जनपद में धुआंधार तरीके से चल रहा है। नियमावली का पालन नहीं होगा तापमान इतना बढ़ रहा है रिचार्जिंग की कोई भी व्यवस्था नहीं हो रही है ना ही कोई पार्क के लिए जमीन छोड़ी जा रही हैं। अवैध प्लाटिंग पर चिल्ला रोड रिंग रोड सर्वोदय नगर मेडिकल कॉलेज के पास बहुत सारे भवन बन गए हो ग्रीन जोन पर भी मकान है और उनके भी नक्शे पास नहीं हो बगैर आवासीय भूमि में परिवर्तन के प्लाटों पर बहुखंडीय इमारतें खड़ी कर दी गई हैं। कई समाजसेवियों ने इस गम्भीर मामले को लिखित रूप से शासन नऔर प्रशासन के आला अफसरों के सूचनार्थ पत्रेषित की है।अब देखना है कि खानापूरी करने वाला प्रशासन इस मामले में क्या कठोर कददम उठाता है।

# बढ़ती जा रही हिन्दी की लोकप्रियता: डा. शीला



**मिर्जापुर।** हिन्दी दिवस पर स्वामी विवेकानन्द शिक्षा समिति के तत्वावधान में नगर के बुन्देलखण्डी मोहल्ले में विचार गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि ज्ञानन्दा एकेडेमी की डायरेक्टर डॉ शीला सिंह थी। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार गणेश गम्भीर ने की। अपने वक्तव्य में डॉ शीला सिंह ने कहा कि आज हिन्दी की लोकप्रियता इसलिए बढ़ी है क्योंकि सभी क्षेत्रों के लोगों ने इसके लिए सयुक्त रूप से प्रयास किया। श्री गणेश गम्भीर ने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दी की लोकप्रियता के बावजूद उसे राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं मिल पाया जो कि दुरूखद है।

इस दौरान आयोजित कवि गोष्ठी में नगर के अनेक वरिष्ट कवियों ने अपनी वैचारिक रचनाओं से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कवि गोष्ठी का शुभारंभ पूजा यादव की सरस्वती वन्दना से हुआ। गणेश गम्भीर ने सुनाया.श्समरसता.सद्भाव काए देती है संदेश। एक सूत्र में बाँधतीए हिन्दी पूरा देश।। लल्लू तिवारी ने सुनाया. श्प्यार पाने में वक्त लगता हैए घर बनाने में वक्त लगता है। वक्त आएगा इन्तजार करोए वक्त आने में वक्त लगता है।। भोलानाथ कुशवाहा ने सुनाया. श्रोशनी बहुत है रास्ते में मेरेए क्या करूँ पैर मेरा फिसलता है।श् केदार नाथ सविता ने सुनाया. श्फूल और डाल का साथ बस माली के आने तक है। तट और नाव का साथ बस माझी के आने तक है। अच्छा है हम न करें किसी तरह के वादे। तुम्हारा और मेरा साथ बस मोड़ के आने तक है। श्याम अचल ने सुनाया. श्ये रामनाम तो सभी मंत्रों का मूल है। अब राम पर विवाद तो करना फिजूल है। कलयुग में रामनाम है आधार मुक्ति का। जपने से नाश पाप का होता समूल है।

## प्राथमिक विद्यालय रसिन के निरीक्षण में शैक्षिक गुणवत्ता न्यून मिलने पर भड़के बीएसए

चित्रकूट।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने शनिवार को विकासखण्ड चित्रकूट के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें बीएसए ने विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर का आकंलन किया।साथ ही शिक्षकों को एक माह में गुणवत्ता में सुधार की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान बीएसए को प्राथमिक विद्यालय तमरार क्षेत्र चित्रकूट विद्यालय में योगेन्द्र बाबू मिश्र, प्रधानाध्यापक व कु0 रानी सहायक अध्यापिका एवं दीपक गुप्ता, सहायक अध्यापक उपस्थित मिले। शैक्षिक गुणवत्ता पर बच्चो से पठन पाठन पर शिक्षको के समक्ष शैक्षणिक स्तर का आकंलन किया गया। जिसमें विद्यालय में पठन पाठन का शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर सन्तोषजनक पाया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय फटापुरवा क्षेत्र चित्रकूट विद्यालय के निरीक्षण में विद्यालय में श्रीमती श्रुति गुप्ता, इं0प्रधाध्यापिका,श्रीमती श्वेता मिश्रा सहायक अध्यापिका विद्यालय में उपस्थित पाये गये। विद्यालय में बीएसए ने शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर के आंकलन में बच्चो के पठन पाठन का शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर न्यून पाया गया। जिसके कम मे विद्यालय के समस्त स्टाफ/ कक्षाध्यापको को निर्देशित किया गया कि एक माह के अन्दर शिक्षा के गुणवत्ता मे सुधार करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय रसिन-1 क्षेत्र चित्रकूट विद्यालय के निरीक्षण में विद्यालय में राम सिंह प्र0अ0निरीक्षण के समय विद्यालय में उपस्थित हुये है।

## संयुक्त टीमें मौके पर जाकर निपटायें जनसमस्याएं

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना समाधान दिवस कोतवाली कर्वी में आये फरियादियों की समस्यायें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को डीएम-एसपी ने भूमि विवाद बाबत मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर जांच के निर्देश दिये। समाधान दिवस में सीओ प्रशिक्षु फहद अली, कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह, राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

सेबी के पास डीआरएचपी फाइल की: कानपुर। वेंटिव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ;डीआरएचपी दाखिल किया है। कंपनी की प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम में एक रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू शामिल हैए जो कुल मिलाकर 2000 करोड़ तक है। कुल ऑफर साइज में एक रुपये के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर शामिल हैं जो कुल मिलाकर 2000 करोड़ रुपये तक हैं। वेंटिव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड की स्थापना पुणे स्थित एक रियल एस्टेट समूह पंचशील रियल्टी के हास्पिटालिटी सेक्शन के रूप में की गई थीए जिसकी कमर्शियलए रिटेलए लक्जरी आवासीय और डेटा सेंटर सेगमेंट में उपस्थिति है।

# समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनीं जन समस्याएं

**संवाददाता।** अमेठी

**शासन** के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने रामगंज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा कहा कि हर जगह लोगों की जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण समय-रहते सुनिश्चित कराया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



### निर्माणाधीन गोआश्रय स्थल का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**अमेठी।** आज जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने टीकरमाफी में निर्माणाधीन बृहद गौ आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से गौशाला में विद्युत कनेक्शन, पानी की उपलब्धता की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने गौशाला में फर्श व चरही की ढाल को लेकर संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश दिया, जिससे अनावश्यक जल जमाव न हो। उन्होंने गौशाला परिसर में मिट्टी भराई के निर्देश दिए ताकि बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति न उत्पन्न हो। जिलाधिकारी ने निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को समय समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शीघ्र अति शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कर गौशाला को संचालित करने के निर्देश दिए।

## विधायक राकेश प्रताप सिंह अमेरिका यात्रा पर

**अमेठी।** अमेठी जिले के गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह एक प्रतिनिधिमंडल के साथ 12 दिवसीय अमेरिका यात्रा पर हैं वे वहां अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भी मुलाकात करेंगे। राकेश प्रताप सिंह पांच सदस्यीय अमेरिका जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं वे वहां लॉस एंजिल्स में आयोजित अप्रवासी सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश के पांच विधायक अमेरिका में वहां की कार्यशैली और सरकार के कामकाज के तरीके को सीख कर आएंगे। अप्रवासी भारतीय (एनआरआई) कॉन्फ्रेंस एवं 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रोग्रेस टू गेदर कार्यक्रम में भी विधायक हिस्सा लेंगे इसमें भाग लेने के लिए विधायक राकेश प्रताप सिंह,राजेश चौधरी सहित उत्तर प्रदेश के पांच विधायकों का समूह अमेरिका की यात्रा पर गया है विधायक राकेश प्रताप सिंह, राजेश चौधरी,राजीव कुमार, राजेश गौतम एवं वीर विक्रम शामिल हैं।

# हिन्दी भाषा हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है: डॉ. रंगनाथ

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**गंगा** देवी कपिलदेव तिवारी पी0जी0 कालेज भुजैनी में शनिवार को हिन्दी दिवस के रूप मे मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सन्तोष कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि हिन्दी दिवस हमे हमारी मातृभाषा के महत्व को याद दिलाने और उसका समर्थन करने का अवसर प्रदान करता है।

डॉ0 रंगनाथ तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिन्दी हमारे राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है और हम सभी पर इसका समर्थन करने का दायित्व है। हरिशंकर शुक्ल ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाषा की जननी और साहित्य की गरिमा हिन्दी भाषा जन आन्दोलनों की भी भाषा रही है हिन्दी भाषा देश कि एकता का सूत्र है। विपिन कुमार ने हिन्दी भाषा की महत्ता को परिभाषित करते हुए कहा कि (निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति के मूल)।

श्रीमती विनिता राय ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिन्दी लोगो को जोडने वाली भाषा है। सन्तोष मिश्र ने कहा कि पूरे विश्व मे भारतीय संस्कृति का प्रचार करने का श्रेय हिन्दी भाषा को जाता है। दुर्गेश शर्मा ने कहा कि हम अपनी मातृभाषा का प्रयोग करके ही जीवन में आगे बढ़ सकते है।

इस कार्यक्रम में अनेक छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आनंद शुक्ल, दुर्गेश शुक्ल, संजय पाल, अरशद खान, श्रीमती शशि चौधरी, प्रमोद यादव, डॉ0 विनीत कुमार, श्रीमती विनिता प्रजापति, श्रीमती अर्पिता चौधरी, यशवंत सिंह, विशाल चौहान, तुफैल अहमद, संदीप कुमार, विवेक पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# सड़क की मरम्मत के नाम पर महज खानापूरी कर रहा विभाग

**लालगंज, रायबरेली।** पीडब्लूडी के अभियंताओं की अनदेखी से लालगंज नगर का गांधी चैराहा एवं करूणा मार्केट चैराहे की हालत खस्ता है। खानापूरी के लिए विभाग ने गड़्ढ़ों में गिट्टियां बिछवा कर आवागमन बहाल करने के लिए अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। यह कार्रवाई पीडब्लूडी के अभियंताओं ने शनिवार को की है।

बताया गया है कि गांधी चैराहे से लेकर सेमरपहा के आगे तक एनएच 232 का यह करीब तीन किमी लम्बा मार्ग अपनी बदहाली पर आसू बहा रहा है। समूचे तीन किमी भाग में जगह-जगह गढ़्डे राहगीरों की परेशानी का सबब बन गये हैं।

इस मार्ग को ठीक कराने के लिए कई बार एनएचआई व पीडब्लूडी के अभियंताओं से लोगों ने मांग की लेकिन किसी ने एक भी नहीं सुनी है। मार्गवर्ती लोगों ने कहा कि इस मार्ग पर यातायात का भारी दबाव है। जिसके कारण प्रतिदिन लोग गिर कर चुटहिल हो रहे हैं लेकिन मार्ग को दुरूस्त कराने के लिए नागरिकों की मांग नक्कार खाने में तूती की आवाज साबित हो रही है। इसी तरह कानपुर मार्ग पर गांधी चैराहे से लेकर मदुरी तक का भाग विभागीय उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

मार्ग की हालत जर्जर होने के बाद भी इसके मरम्मत का कार्य पिछले कई वर्षों से नहीं कराया गया है। लालगंज से मुराई का बाग-ऊँचाहार मार्ग पर जगह-जगह गढ़्डों से चलने लायक नहीं बचा है।

नागरिकों ने इस मामले पर जिलाधिकारी से हस्तक्षेप करने तथा बदहाल पड़े मार्गों के दुरूस्तीकरण के कार्य को प्राथमिका के आधार पर कराने के लिए पीडब्लूडी को निर्देशित करने की मांग की है।

# लोक अदालत के आयोजन से वादकारियों को मिला लाभ

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**प्रशासनिक** न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र के निर्देशन में तथा जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार-प्रथम एवं नोडल आफिसर कृष्ण कुमार-ट के नेतृत्व में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा-प्रथम द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 23630 मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में बैंक एवं फाइनेन्स कम्पनियों द्वारा कुल 619 मामलों में 4,20,48,785/- रूपये की ऋण वसूली की गयी।

इसी प्रकार न्यायालयों में कुल 1372 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 1,67,485/- रूपये का अर्थदण्ड एवं 1,48,85,000/- रूपये का मोटर दुर्घटना प्रतिकर दिया गया। इसी प्रकार समस्त प्रशासनिक विभागों में 21,639 मामलों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजय वीर सिंह की कोर्ट में कुल 05 मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण विश्वनाथ की कोर्ट में 57 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 1,48,85,000/- रूपये का प्रतिकर दिलाया गया।



अपर जिला जज-प्रथम रमेश दूबे की कोर्ट में कुल 83 मामलों का निस्तारण करते हुए 500 रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। स्पेशल जज एस0सी0/एस0टी0 भूपेन्द्र राय की कोर्ट में कुल 01 मामलों का निस्तारण किया गया। स्पेशल जज पॉक्सो कृष्ण कुमार-ट की कोर्ट में 04 मामलों का निस्तारण करते हुए 20,500/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय देवेन्द्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट में 01 मामलों का निस्तारण करते हुए 500/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती चेतन त्यागी की कोर्ट में कुल 300 मामलों का निस्तारण करते हुए 1,09,030/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज सीनियर डिविजन संजय राज पाण्डेय की कोर्ट में कुल 180 मामलों का निस्तारण करते हुए 19,000/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया तथा 54,53,522/- रूपये का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। सिविल जज जू0डि0 मिमोह यादव द्वारा कुल 470 मामलों का निस्तारण करते हुए 6,520/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। ग्राम न्यायालय मेंहदावल में पीठासीन अधिकारी प्रभात कुमार दूबे द्वारा कुल 255 मामलों का निस्तारण करते हुए 1,735/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। नवागत न्यायिक अधिकारी सीविल जज जू0डि0 एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अशोक कुमार कसौधन के प्रभार में 11 मामलें का निस्तारण करते हुए 9,700/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया।

स्थायी लोक अदालत के प्रभारी अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल एवं सदस्य श्रीमती सुनीता गुप्ता के सहयोग से कुल 05 मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज महेन्द्र कुमार सिंह, नवागत न्यायिक अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा एवं अभिनव त्रिपाठी एवं बार के पदाधिकारीगण राकेश सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय समेत तमाम कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पराविधिक स्वयं सेवकगण एवं वादकारीगण उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### हिन्दी दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**अमेठी।** अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से हिन्दी दिवस के अवसर पर अमेठी के स्थानीय डाक बंगले में राष्ट्र और हिन्दी विषय पर संगोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर पूजा, अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ। विषय का प्रवर्तन करते हुए अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि अंग्रेज तो गये जरूर किन्तु अंग्रेजियत छोड़ गये।ब्रिटिश हुकूमत में अंग्रेजी बोली जाती थी किन्तु आज पी जा रही है,जो राष्ट्रहित में नही है।यदि राष्ट्र को अस्मिता को बचाये रखना है तो हमें निज भाषा पर गर्व होना चाहिए। मुख्य अतिथि कैप्टन पी एन मिश्र ने कहा कि 14 सितम्बर 1953 को पहला हिन्दी दिवस मनाया गया,,जिसका ध्येय देश की धरोहर हिन्दी भाषा को पुनर्स्थापित करना था। देश का अस्तित्व कायम रहे इसके लिए युवाओं को समझने की जरूरत है।अध्यक्षता करते हुए अम्बरीष मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त हिन्दी दिवस पर्व मनाने का उद्देश्य पुरानी संस्कृति को वापस लाने के लिए था।आज नही तो कल हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा जरूर मिलेगा।इस संगोष्ठी में एस एन पाल ,जगन्निवास मिश्र, रामफल फौजी एवं विनोद कुमार की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। संगोष्ठी का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

### थानों में आयोजित हुआ समाधान दिवस

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में थानों में समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें जनता की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत द्वारा थाना इटियाथोक व थाना खरगूपुर में जनता की जनसमस्याओं को सुना गया। पीड़ितों की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेज कर शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी अपने अपने सर्किल व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों से कुल 115 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### लालगंज ब्लाक के सम्पर्क मार्गो की हालत दयनीय

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज ब्लाक के सम्पर्क मार्ग बदहाली के शिकार हो गये हैं। सबसे बड़ी मुसीबत यह है कि इन मार्गो पर लोगों का पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं रहा गया है। लालगंज-फतेहपुर एनएच से दोसड़का के पास से अम्बारा पश्चिम जाने वाली सड़क पूरी तरह खड्डो में बदल गयी है। सडक पर बनी पुलिया भी एक तरफ धंस गयी है। सडक के दोनों ओर की पटरियां बबूल के कटीले डालियों से घिर गयी है। जिसके चलते उस सड़क से लोगों का निकलना दुर्लभ हो गया है। यह सड़क एनएच बांदा-टांडा मार्ग से निकलकर अम्बारा होते हुए बहाई में उन्नाव- ऊंचाहार मार्ग पर मिलती है। करीब 6 किलोमीटर का पक्का मार्ग है। लेकिन वर्तमान मे पूरी तरह यह सडक जर्जर हो गयी है।जबकि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत सडक का निर्माण हुआ था,लेकिन घटिया निर्माण और रख रखाव के अभाव मे सडक चलने लायक नही रह गयी है। वहीं यह भी गौरतलब है कि अम्बारा को जाने वाले सेमरपहा मार्ग पर भी खड्डे हो गये है।दोनों रास्तो के खराब हो जाने के चलते ग्रामीणों के आने जाने मे भारी कठिनायी हो रही है। इसी क्रम में दो सड़का से जगतपुर मार्ग, शाहपुर-गुनागर खेड़ा-उदवामऊ मार्ग,उतरागौरी सम्पर्क मार्ग, कुम्हडौरा मार्ग,उगाभाद- खीरों मार्ग जैसे दर्जनों मार्ग विभागीय उपेक्षा के शिकार हैं।

# राजभाषा प्रतिज्ञा के साथ एनटीपीसी में हिंदी पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता।** ऊंचाहार

**हम** केन्द्र सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने नेतृत्व और निरंतर निगरानी एवं प्रतिबद्धता के साथ यह प्रयास करेंगे कि स्वयं और अपने अधीनस्थों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रचार और प्रसार के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे। एनटीपीसी ऊंचाहार में आज से प्रारंभ हुए हिंदी पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर उक्त राजभाषा प्रतिज्ञा परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई।

इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने कहा कि राजभाषा हिंदी का संसार बहुत व्यापक व विशाल है और हम सब एनटीपीसी के लोग राजभाषा के संवर्धन के प्रति सदैव ऊर्जावान-निष्ठावान रहते हुए इसको अपने कार्यालयीन कामकाज में निरंतर प्रयोग करते रहेंगे। हिंदी दिवस के उपलक्ष में परियोजना प्रमुख ने सभी कर्मचारियों के नाम एक लिखित संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने सभी से हिंदी भाषा में काम करने की अपील की।



महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल ने तकनीकी कर्मचारियों की बैठक करते हुए कहा कि तकनीक के क्षेत्र में भी हिंदी की पैठ गहराई से बन रही है। इसलिए इस क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारी इसे एक अभियान की तरह लें और हिंदी में काम करें। श्री अग्रवाल ने भी राजभाषा प्रोत्साहन की शपथ दिलाते हुए एनटीपीसी में किए जा रहे हिंदी के क्षेत्र में कार्यों की सराहना की। मानव संसाधन विभाग की प्रमुख रूमा दे शर्मा ने सभी कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे स्वयं हिंदी अपनाएं तथा अपने आसपास के लोगों के लिए भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित करें। उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विनायक प्रकाश शॉ ने बताया कि एनटीपीसी ऊंचाहार में हिंदी पखवाड़ा 14 सितंबर से 28 सितंबर तक मनाया जाएगा।

पखवाड़े के अंतर्गत एनटीपीसी कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, महिलाओं तथा बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा कई तरह के अन्य कार्यक्रम व विचार गोष्ठियां भी आयोजित की जाएगी। शुभारंभ अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## इनर व्हील क्लब सदस्यों ने किया पौधरोपण लगाए आक्सीजन देने वाले पौधे



**रायबरेली।** 14 सितंबर को हमारे क्लब ने राही रोड ईट भट्ठे की बाग में पौध रोपण तथा राधा अष्टमी सप्ताह के पावन पर्व का आयोजन में। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण से हुई। जिसमें 50 पौधे लगाए गये।जिसमे आम जामुन पीपल बरगद अशोक गुलर अवला बेल आदि के पौधे थे।तत्पश्चात सभी सदस्यों ने राधा अष्टमी के पावन पर्व को मनाया जिसमें हमारे सदस्यों ने राधा और कृष्ण को पुष्प अर्पित कर झूला झुलाया। तत्पश्चात हम लोगों ने ट्रैक्टर की सवारी भी की इससे बड़ा आनंद आया ।फिर उपाध्यक्षा वैशाली चन्द्रा द्वारा तम्बोला खिलाया जिसका थीम भी राधा अष्टमी पर था । इनरवियर क्लब की अध्यक्ष दीप्ति सुकन्या ने बताया कि सभी सदस्यों ने मिलकर 50 पौधे लगाए गए जिसमें सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाला पौधा पीपल बरगद व बेल अशोक आवला पौधे लगाए गए फिर उपासना द्वारा रोमांचक खेल का आयोजन हुआ जिसमें अनामिका गुप्ता को प्रथम तथा निधि मेहरोत्रा को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अन्त में नाश्ते की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का सबसे ज्यादा रोमांचक झूला था जो कि मीनू भाभी ने लगवाया था ।

# एनएसपीएस के प्रबंधक ने जनमानस को समर्पित की स्वर्ग विमान बस सेवा

**संवाददाता।** रायबरेली

**न्यू** स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डा शशिकांत शर्मा द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में आज स्वर्गीय विमान बस सेवा जनपद वासियों के लिए समर्पित की गई। संकट मोचन धाम मंदिर ट्रस्ट को संचालन के लिए बस की चाभी सौंपते हुए डॉ शर्मा ने बताया कि जनपद वासियों के लिए की गयी यह सेवा मुझे इस बात का सुकून देती रहेगी कि मै किसी के दु:ख में उसके साथ सम्मिलित हूँ।

माता-पिता के आशीर्वाद से ईश्वर ने मुझे इस काबिल बनाया है कि मै जनता की सेवा कर सकूं, पूरे जनपद में अंतिम संस्कार सेवा के लिए अब तक एक ही साधन उपलब्ध था ,जनपद को ऐसी एक सेवा की बहुत आवश्यकता थी। समाज में जब किसी के ऊपर ऐसा दु:ख पड़ता है तो उसे उस वक्त कुछ नहीं सूझता, ऐसे में मैने महसूस किया कि कुछ ऐसा करना चाहिए जिससे आम जन मानस को ऐसे समय में सम्बल प्राप्त हो जब उसके पास कोई साधन उपलब्ध नहीं होता। ईश्वर की कृपा बनी रही तो आने वाले समय में ऐसी ही और सुविधाएं मै जनता के बीच उपलब्ध कराता रहूँगा। इसके पूर्व डॉ शर्मा ने संकट मोचन धाम मंदिर में हनुमान जी के दर्शन किए और भगवान से विश्व शान्ति का आशीर्वाद माँगा।



इस अवसर पर क्षेत्र की सभासद पुष्पा यादव, विद्यालय अध्यक्ष शिवाकांत शर्मा, एनएसपीएस त्रिपुला के प्रधानचार्य शिवलखन प्रजापति, एसएसबीवीएम के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, शिवकरन पाल, देव शंकर शुक्ला, अंजू त्रिपाठी, आदित्य मिश्रा, रामाशंकर पाठक, संजय श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, संजय सिंह, सहित मंदिर ट्रस्ट के संचालक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ हिन्दी दिवस मनाया गया

**गोंडा।** शिक्षा क्षेत्र इटियाथोक अंतर्गत कन्या प्राथमिक विद्यालय अयाह मे शनिवार को हिंदी दिवस बड़े ही हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्तर पर विविध आयोजन हुए। कार्यक्रम मे प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने कहा कि हिंदी हमारे देश का गौरव है, हिंदी का सम्मान हमारा सम्मान है। बिना हिंदी के हमारी कोई पहचान नही है। हिंदी भाषा हमारी भावना और संस्कृति को व्यक्त करती है।भाषा शिक्षक नसीम अंसारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की हिंदी हमारी मातृ भाषा है।विश्व मे सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी तीसरे पायदान पर है।निबंध लेखन प्रतियोगिता मे शहजादी प्रथम,नैना द्वितीय,समायरा तृतीय तथा भाषण में अनुराग प्रथम, गोलू द्वितीय तथा मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रतिभागी छात्र -छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता शिक्षक दुर्गा प्रसाद गुप्त के देख-देख व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।हरि नारायण मिश्र, अनीता, पराना, शकुंतला सहित सभी छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

## रास्ते पर हो रहा अवैध निर्माण, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

**गोंडा।** जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नौबस्ता में दबंगों द्वारा पीड़ित के पुस्तैनी रास्ते पर अवैध निर्माण का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताते चलें कि नौबस्ता ग्राम निवासी रामबहादुर ने थाने में तहरीर देकर उक्त गांव के ही रामदेव, कृष्ण देव व रविंद्र नाथ पर आरोप लगाया है कि पूर्वजों से चले आ रहे उसके घर के सहन के पुस्तैनी रास्ते को इन तीनों विपक्षी जबरन बंद करने पर आमादा हैं। जबकि इस रास्ते के विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। बावजूद इसके ये उस पर अवैध निर्माण करना चाहते हैं। पीड़ित रामबहादुर का कहना है कि उसको घर पहुंचने के लिए एक मात्र यही रास्ता है। बहरहाल पीड़ित ने वजीरगंज थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार की है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता को आगे बढ़ाने का कार्य किया: जेपीएस राठौर

**संवाददाता।** अयोध्या

**उत्तर प्रदेश** सहकार भारती के प्रदेश अधिवेशन का शुभारंभ मुख्यअतिथि प्रदेश के सहकारिता मंत्री माननीय जीपीएस राठौर,विशिष्ट अतिथि इफको के प्रबंध निदेशक श्री उदय शंकर अवस्थी,महापौर अयोध्या धाम गिरीस पति त्रिपाठी, महंत अवधेश दास बड़ा भक्तमाल अयोध्यधाम , सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीना नाथ ठाकुर ,राष्ट्रीय महामंत्री डा.उदय जोशी व प्रदेशमंत्री कृष्ण कुमार ओझा ने भारत माता व श्रद्धेय लक्ष्मणराव इनामदार के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर सहकार भारती यूपी के स्मारिका का विमोजन भी किया गया।



सहकार भारती के प्रदेश अधिवेशन में उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह जी ने सहकारिता के आंदोलन को देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी की सोच के साथ आगे बढ़ने का काम किया। साथ ही सहकारिता विभाग का अलग से गठन करते हुए अलग मंत्रालय बनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोच को स्पष्ट किया।

आगे उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सहकारिता आंदोलन की मुख्य वजह यह थी कि हमारे किसानों को सूदखोरों और साहूकारों से मुक्ति दिलाने के लिए आंदोलन शुरू किया गया था और तमाम सहकारी समितियां की स्थापना की गई और इन सभी समितियां ने अपनी भूमिका का अच्छे से निर्वहन भी किया लेकिन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की सरकार के समय इन सहकारी संस्थाओं को लूट और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया और कारण यह हुआ कि सहकारिता विभाग अपनी अंतिम सांसों पर पहुंच गया था लेकिन केंद्रीय सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में जिस तरीके से सहकारिता आंदोलन लड़ाई लड़ रहा है मुझे लगता है कि आने वाले कुछ समय में इस क्षेत्र में यूपी देश के अग्रणी राज्य के रूप में होगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 70886 वादों का हुआ निस्तारण

संवाददाता। फतेहपुर



**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर फतेहपुर, खागा न्यायालय परिसर, ग्राम न्यायालय, बिन्दकी परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर फतेहपुर, समस्त तहसील परिसर, समस्त नगर पालिका एवं समस्त नगर पंचायत परिसर, श्रम कार्यालय परिसर, समस्त विद्युत वितरण खण्ड परिसर, कार्यालय दूर संचार, समस्त बैंको द्वारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में रणंजय कुमार वर्मा जनपद न्यायाधीश द्वारा तमाम वादो का निस्तारण कराया गया।

पृथ्वीपाल यादव, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत द्वारा कुल 02 वादों का निस्तारण करते हुये 953856 रुपये जमा कराया गया। चिंताराम अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय द्वारा 40 वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया। धनेन्द्र प्रताप सिंह पीठासीन अधिकारी, मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण द्वारा 81 मोटर दुर्घटना याचिकाओं का निस्तारण करते हुए 51814470 रु0 का प्रतिकर दिलाया गया। मो0 इलियास अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं01 द्वारा 01 वाद का निस्तारण करते हुये 1000 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। अनिल कुमार विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम द्वारा 04 वादों का निस्तारण किया गया। अवजीत भूषण विशेष न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट द्वारा 167 वादों का निस्तारण करते हुये 198500 रुपये अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। महेन्द्र कुमार द्वितीय अपर जिला एवं सत्र विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट द्वारा 04 वादो का निस्तारण करते हुए 41200 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। आशुतोष कुमार द्वितीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 2976 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 264450 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्रीमती अनुराधा शुक्ला सिविल जज सी0डि0 द्वारा 37 सिविल वादों का निस्तारण करते हुए 20236254 रू0 के उत्तराधिकार के प्रमाण पत्र जारी किये गये। मो0 साजिद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं0 02 द्वारा 1190 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 64170 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। अंकुर चित्रांशी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं0 3 द्वारा 06 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 7500 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। डा0 श्रीमती गंगा शर्मा, अपर सिविल जज (सी0डि0) कोर्ट न0-01 द्वारा 04 दाण्डिक वादों का निस्तारण किया गया।

अनुपम कुशवाहा, सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 द्वारा 1040 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए रू0 80600 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। प्रत्युश गुप्ता, ग्राम न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय बिन्दकी द्वारा 2110 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 8440 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्रीमती अंकिता सिंह-तृतीय, सिविल जज (जू0डि) द्वारा 12 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 50274 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया।

श्रीमती नन्दनी उपाध्याय, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 1027 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 24300 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्रीमती बिन्दु यादव अपर सिविल जज (जू0डि0) कोर्ट नं07 द्वारा 115 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 16300 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्रीमती भावना साहू अपर सिविल जू0डि0 कोर्ट न0-01 द्वारा 1178 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 26000 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया।

अरुण कुमार सिविल जज(जू0डि) खागा द्वारा 2247 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 576167 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया।

# हिन्दी दिवस के मौके पर पर डायट में हुआ अनूठे पुस्तकालय का लोकार्पण

संवाददाता। फतेहपुर



**हिंदी** दिवस पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में हिंदी विषय पर आधारित अनूठे तरीके से निर्मित पुस्तकालय का लोकार्पण डायट प्राचार्य संजय कुमार कुशवाहा, वरिष्ठ प्रवक्ता आरती गुप्ता, एडीआईओएस अविनाश अनान्द, सीडीओ ऑफिस के बृजेश बाजपेयी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। संस्थान के हिंदी प्रवक्ता विनय कुमार मिश्र ने बताया कि डायट में स्थापित यह पुस्तकालय पूरे प्रदेश में अपने आप में सबसे पहला पुस्तकालय है जहां केवल हिंदी विषय पर आधारित 500 से अधिक पुस्तकों से इसका आरंभ किया गया है।

इस पुस्तकालय में अधिकांश वही पुस्तकें, नोट्स, पत्र पत्रिकाएं सम्मिलित हैं, जिनका उपयोग विनय मिश्र ने अपने अध्ययन के दौरान किया था। पुस्तकालय जनपद में हिंदी के सुधी साधकों, शोधार्थियों, डीएलएड प्रशिक्षुओं, बेसिक के शिक्षकों, माध्यमिक के हिंदी विषय के प्रवक्ताओं, सहायक अध्यापकों के लिये विशेष लाभकारी सिद्ध होगा। उद्घाटन के इस अवसर पर काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें जनपद के नामचीन शायर/काव्यकार शिवशरण बंधु हथगामी ने रहते-रहते घर में घर हो जाते हैं चलते-चलते लोग सफर हो जाते हैं काव्य पढ़ा। प्रशिक्षु अभय मिश्र ने रश्मिरथी की पंक्तियां पढ़ीं।

पीसीपी इंटर कॉलेज के सुरेश सिंह एवं अन्य शिक्षको ने भी काव्य पाठ किया। प्राचार्य ने हिंदी की समग्रता एवं विस्तार के बारे में अवगत कराया। संचालन विनय मिश्र ने किया। एसआरजी राधेश्याम दीक्षित ने पुस्तकालय निर्माण में अपना सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर संस्थान के प्रवक्ता संजीव सिंह, अंतिमा, राजेन्द्र, रमेश सोनकर, मानवेन्द्र एवं कार्यालय स्टॉफ सहित जनपद के मृदुल शुक्ल, प्रसून तिवारी, दीपक साहू, रितेश, प्रभात सिंह मौजूद रहे।

# भोगनीपुर क्षेत्र में यमुना का जल स्तर बढ़ने से ग्रामीणों में दहशत



**पुखरायां, कानपुर देहात।** यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने से भोगनीपुर क्षेत्र की गई बाढ़ की चपेट में हैं। कई गावों में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। वहीं लगातार जल स्तर बढ़ने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उधर प्रशासन भी चौकन्ना दिख रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भोगनीपुर के उपजिलाधिकारी अपनी टीम के साथ लगातार गश्त कर रहे हैं। यमुना का जलस्तर बढ़ने से भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के खरका, खरतला, दिबैर, दिबैर की मड़ैंयां, रम्पुरा, ट्योंगा, क्योटरा, दौलतपुर, डिलौलियाबांगर, देवराहट, हलिया, आढ़न, पथार, पड़ाव, नगीनाबांगर, मुसरिया समेत करीब तीन दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ चपरघटा, आढ़न, पथार, पड़ाव, मुसरिया का दौरा किया।

उन्होंने बताया कि खतरे को भांपते हुए चपरघटा में बाढ़ राहत चौकी बनायी गई है। पड़ाव, आढ़न एवं पथार के आवागमन का रास्ता बंद हो गया है। लोग नाव के सहारे आवागमन कर रहे हैं। सरकार की की ओर से नावों की व्यवस्था की गई है। वहीं लोगों को खाने के पैकेट भी भेजे जा रहे हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ में प्रशासन की व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हो रही हैं।

## समाधान दिवस में आई सात शिकायतें, दो हुईं निस्तारित



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आधा दर्जन से अधिक फरियादियों ने पहुंच कर अपनी अपनी शिकायतें रखीं। शनिवार को स्थानीय कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में एक पुलिस एवं सात राजस्व संबंधित शिकायतें आई जिसमें से एक पुलिस व एक राजस्व संबंधित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व कर्मियों को निर्देशित करने के उपरांत प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने कहा कि पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीमें राजस्व से संबंधित शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करें।

# अब लाचारी की नहीं बल्कि रोजगार की भाषा है हिंदी: डॉ. जितेंद्र

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात



**स्थानीय** रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय पुखरायां में शनिवार को 14 सितंबर हिंदी दिवस के रूप में मनाने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजित की गई। जिसमें विद्वान प्रोफेसरों ने हिंदी की विशेषता और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्रबंधक श्रीप्रकाश द्विवेदी ने संगोष्ठी अध्यक्षता की।

प्रोफेसर जितेंद्र कुमार ने हिंदी के ऐतिहासिक महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि विश्व के लगभग 15 देशों में हिंदी समझी व पढ़ी जा रही है। हिंदी आज लाचारी की भाषा नहीं रही, बल्कि रोजगार की भाषा बन गई है। डॉ0 के0के0सिंह ने बताया कि हिंदी गौरव की भाषा है जो प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी का बोलबाला है। डॉ अंशुमन उपाध्याय ने कहा की हिंदी भाषा को समाज के आधार के रूप में जाना जाता है। इसी दौरान छात्र कनिष्का ,राफिया, अंशिका, अविका ,अनामिका, शैलेश आदि ने भी हिंदी दिवस पर अनेकों कविताओं का पाठ किया।

डॉ0 अनूप सचान ने हिंदी दिवस पर कविता पाठ के माध्यम से साहित्यकारों को याद किया। डॉ0 हरीश कुमार सिंह ने हिंदी राजभाषा के स्वरूप पर ब्रिटिश काल से वर्तमान तक चर्चा करते हुए कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में पहले से अधिक हिंदी का विस्तार हो रहा है आज हिंदी वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ रही है। हिंदी का इतिहास से गहरा संबंध है यदि हम सम्राट अशोक के कालखंड की चर्चा करें तो स्पूतो में लिखी गई भाषा को आम जनता तक पहुंचाने में हिंदी का बड़ा योगदान रहा है। प्राचार्य आरपी चतुर्वेदी ने कहा कि हिंदी एवं संस्कृत यह दोनो मां बेटी है। हिंदी प्राचीन काल से ही संस्कृत के साथ जुड़ी रही है। डॉ0 हेमंत सिंह ने हिंदी की उत्पत्ति से लेकर संविधान सभा द्वारा राजभाषा के रूप में स्वीकारने तक की यात्रा पर विस्तार से चर्चा की।

## क्विक न्यूज

### 14वें दिन भी धरने पर बैठे रहे ठगी पीड़ित जमाकर्ता

**फतेहपुर।** शहर के नहर कॉलोनी में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिला अध्यक्ष अमृतलाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित 8 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को प्रेषित करते हुए बताया कि सैकड़ो पीड़ित जमाकर्ता एक सितंबर लगातार रात दिन का असहयोग आंदोलन आज चौदहवें दिन भी जारी रहा। जिले में लगभग 10 लाख लोगों का 75 कंपनियां लुभावनी स्कीम के जरिए लालच देकर करोड़ों रुपए हड़प लिया है। इस मौके पर सूरज दिन विश्वकर्मा, राकेश कुमार साहू, हरिओम प्रजापति, सतीश कुमार विश्वकर्मा ,नरेंद्र कुमार ,दीपक कुमार सैनी, रामदेव सिंह परिहार, माता दीन पाल, सुमन देवी, चंद्रशेखर प्रजापति, राम अवतार, विनोद कुमार मौर्य, जगमोहन ,अंबिका प्रसाद, रुद्रपाल शर्मा, मालती देवी, दिनेश चंद, शकुंतला, कृष्ण कुमार, राजेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, सहित सैकड़ो पीड़ित जमा करता परिवार मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

**कानपुर देहात।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 14.09.2024 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन विभिन्न न्यायालयों व कार्यालयों में आयोजित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा अपने न्यायालय में वादों को सुनकर निस्तारण किया गया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व व न्यायिक द्वारा अपने-अपने न्यायालय वादों का निस्तारण किया गया। विभिन्न तहसीलों में भी में लोक अदालत के अंतर्गत वादों को सुनकर निस्तारित किया गया। जनपद के विभिन्न न्यायलयों में 126/135 बीएनएसएस, 129 बीएनएसएस, 33/39 सीआरपीसी, 116 यूपीआरसी, जनहित गारंटी अधिनियम, 176 रा0सं0, 2006, 229बी0 जेडएएलआरएक्ट आदि के अतिरिक्त जनहित गारंटी अधिनियम, न्यायालय तहसीलदार, न्या0 नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक अविवादित वरासत/प्री लिटीग्रेशन, रजिस्ट्रार कानूनगो उदहरण खतौनी, बैंक,परिवहन अन्य प्रकरण के अंतर्गत कुल 15362 वादों का निस्तारण किया गया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोपेड सवार महिला की मौत

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में आज ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोपेड सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई तथा पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के कादरी गेट थाना क्षेत्र के मोहगा दीनदयाल बाग निवासी रामदास अपनी पत्नी रूप रानी उम्र करीब 48 वर्ष को ग्राम कड़क्का से दवा दिलाकर अपनी मोपेड पर बैठाकर घर वापस लौट रहे थे। शनिवार प्रातः करीब 8. 00 बजे राजेपुर थाना क्षेत्रके जमापुर मोड के समीप एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोपेड सवार महिला रूपरानी की दर्दनाक मौत हो गई और इस दौरान उसका पति घायल हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया तथा मृतक के शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ भिजवाया गया।

### अमर्यादित टिप्पणी पर पूर्व सीएम अखिलेश का फूंका पुतला

**फतेहपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के दिए गए विवादित बयान के विरोध में पुतला दहन किया। बतातें चलें कि भाजयुमो ने शहर के पटेल नगर चौराहे में अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए समूचे हिंदू समाज के गौरव संत समाज के लिए दी गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। साथ ही हिदायत दी कि अगर ऐसी घटना दोबारा हुई तो और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। चेतावनी देते हुए जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने कहा कि मठाधीश्वर समूचे समाज को सही दिशा एवं ज्ञान देने का काम करते हैं। ऐसे देव तुल्य महापुरुषों के विषय में ऐसी अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि समूचा हिंदू समाज अखिलेश यादव के इस बयान से आहत है। कहा कि गुंडे एवं मावलियों की पार्टी के नेताओं से और अपेक्षा भी क्या की जा सकती है। उन्होंने अखिलेश यादव के ऐसे बयानों की घोर निंदा की। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विमलेश पांडेय, गौरव अग्रहरि, जिला मंत्री उदय प्रताप सिंह, राजवर्धन सिंह, कुलदीप मौर्य, सचिन विश्वकर्मा, शिवम अवस्थी, विजय पांडेय भी मौजूद रहे।

### नवजात बच्ची का शव खड्ड में उतराता मिला

**फर्रुखाबाद।** शनिवार सुबह खड्ड में भरे पानी में नवजात बालिका का शव उतराता मिला । ग्रामीणों नें सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और शव को कब्जे में लिया । ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर लग गयी। पुलिस तफ्तीश में जुट गयी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के नवाबगंज बवना मार्ग पर बाबू सिंह डिग्री कॉलेज के निकट शनिवार को सुबह कस्बा निवासी विमल गुप्ता अपना खेत में खड़ी धान की फसल देखने पंहुचे तो उन्होंने अपने खेत के किनारे देखा खड्ड में भरे पानी में नवजात का शव उतरा देखा, उन्होंने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष बलराज भाटी, कस्बा इंचार्ज गिरीश कुमार और बवना चौकी इंचार्ज योगेश श्रीवास्तव घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

# कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जिले** के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सीओ सिटी रमेश चंद तिवारी, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाढ़ प्रभावित गांव का सीएमओ ने किया निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** सीएचसी खमरिया के बाढ़ प्रभावित गांव मिलिक व पीएचसी चंदवापुर पड़री का सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज कुमार भी मौजूद रहे। ग्राम मिलिक में बाढ़ प्रभावित चौकी का निरीक्षण किया दवाओं की उपलब्धता को देखा। आशाओं से बात की और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों से भी मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी की, जिस पर लोगों ने संतोष जाहिर किया। इस दौरान उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित किया कि जरूरत पड़ने पर तत्काल अतिरिक्त दवाओं को उपलब्ध कराएं।

# अभिव्यंजना द्वारा हिंदी दिवस पर किया गया विचार गोष्ठी व काव्यांजलि का आयोजन



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**हिन्दी** दिवस के तत्वाधान में अभिव्यंजना संस्था द्वारा एन. ए. के.पी.महिला महाविद्यालय में एक विचार गोष्ठी और काव्यांजलि को आयोजित किया गया। आयोजन के संबंध में भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज हिंदी को संविधान सभा में अपनाए जाने को लेकर 75 वर्ष पूर्ण हुए और इसलिए आज हिंदी का अमृत महोत्सव है ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री ने की। भारती मिश्रा की पुस्तक कर्मक्षेत्रे का विमोचन किया गया। यह पुस्तक डॉ राजेन्द्र पैंसिया आई ए एस मुख्य विकास अधिकारी के फर्रुखाबाद के कार्यकाल पर लिखी गई है। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर शिवओम अम्बर ने कहा कि आज विद्यार्थियों का हिन्दी के प्रति जो लगाव कम होता जा रहा है यह दशा अत्यंत चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि कम से कम कार्यक्रमों में तो अधिक से अधिक लोगों को विचार सुनना चाहिए । हिन्दी को आज की स्थिति में लाने के लिए कितना संघर्ष करना पड़ा, यह जानना जरूरी है । डॉ राजकुमार सिंह ने कहा कि आज 60 करोड़ से ज्यादा लोग विश्व भर में हिन्दी बोल रहे हैं और डेढ़ सौ से अधिक विश्वविद्यालय में हिन्दी पढ़ाई जा रही है।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि किरण सिंह ने कहा कि हमें हिन्दी बोलने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई अवसरों पर जब अंग्रेजी में बात की जाती है तो हिन्दी वालों को अपने आप में कुंठित नहीं होना चाहिए। डॉ रजनी सरीन ने कहा महादेवी वर्मा छायावाद की बड़ी कवियत्री होते हुए नारी शिक्षा और नारी सम्मान की बड़ी पक्षधर थी उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भी भाग लिया। नारी को सशक्त बनना है परन्तु अपनी शालीनता और गरिमा नही भूलनी चाहिए। उन्होंने प्रतिवर्ष हिंदी में सर्वोच्च अंक लाने वाली छात्राओं को अभिव्यंजना की ओर से सम्मानित करने और पुरस्कार देने की घोषणा की। डॉ हरिदत्त द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया

### बुखार की सूचना पर सुआगाड़ा पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम



**लखीमपुर खीरी।** शहर से सटे हुए ग्राम सुआगाड़ा में बुखार के रोगियों की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को गांव में जांच शिविर लगाया गया। वहीं एंटीलार्वा का छिड़काव भी कराया गया। जांच में एक मलेरिया रोगी पाया गया जिसे दवाएं दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर ने बताया कि ग्राम सुआगाड़ा में बुखार के रोगियों के होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता के निर्देश पर सीएचसी फरधान की टीम द्वारा जांच शिविर लगाया गया। 103 लोगों की डेंगू मलेरिया की जांच की गई। जिसमें एक मलेरिया रोगी पाया गया। गांव में एंटी लार्वा, सोर्स रिडक्शन, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया। साथ ही गांव में फॉगिंग भी करवाई गई। सामान्य बुखार के रोगियों को दावाओं का वितरण किया गया। मलेरिया विभाग की टीम में दावालामा, रामगोपाल, अकील खान, विनोद कुमार, विकास सिंह, सतेंद्र कुमार वर्मा, सहित क्षेत्रीय आशा भगवता ने पूर्ण सहयोग दिया।

### महर्षि विद्या मंदिर में मनाया गया हिंदी दिवस

**फतेहपुर।** महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्राइमरी वर्ग में सुलेख लेखन प्रतियोगिता कराया गया जिसमें अथर्व शर्मा, द्वितीमा मिश्रा एवम अंशिका पटेल क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग के लिए कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बच्चों ने हिंदी भाषा की मधुरता सरलता एवं बोध गम्यता को केंद्र में रखकर सुंदर कविता प्रस्तुत की। जन-जन की आशा है हिंदी, भारत की भाषा है हिंदी। इस प्रतियोगिता में सुधांशु तिवारी, अंशी पटेल, सुरेश उपाध्याय एवं आस्था अवस्थी ने बाजी मारी। सीनियर वर्ग के लिए भाषण प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता का विषय था- हिंदी भाषा दशा एवं दिशा। इस भाषण प्रतियोगिता में साक्षी सचान, सार्थक पटेल एवं विशेष कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। क्या हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित कर देनी चाहिए, इस विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

# कृषि निवेश मेला में वैज्ञानिकों ने जैविक खाद के प्रयोग बढ़ाने की सलाह दी



**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** कृषि निवेश मेला/ खरीफ गोष्ठी के तहत कृषि निवेश मेला मक्का विकास कार्यक्रम में किसानों को बेहतर खेती के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को जैविक खाद का प्रयोग बढ़ाने की सलाह दी। शनिवार को उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी रसूलाबाद के कार्यालय में कृषि मेला की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें इफ़को खाद कंपनी द्वारा किसान सुरक्षा जीवन बीमा एवं डीएपी का कैसे प्रयोग करें इसको लेकर जानकारी दी गई।

खाद लाने के बाद यदि किसान की कहीं दुर्घटना हो जाती है तो किसान इलाज के लिए कंपनी द्वारा 25000 से 1 लाख तक मुफ्त अनुदान दिया जाएगा। कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश पाल ने बताया कि किसान खेतों के फसल अवशेष को न जलाएं। साथ ही हरी खाद्य सल्फर जिप्सम का प्रयोग करके खेती में उत्पादन हेतु बढ़ाया जा सकता है उन्होंने कहा कि जैविक खाद के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और फसलों की पैदावार भी बढ़ती है। प्रभारी राज नारायन ने किसानों को मक्का की खेती में सुधार के लिए कई उपाय बताए। उन्होंने कहा कि मक्का की खेती में जैविक खाद का प्रयोग करने से फसलों की पैदावार बढ़ती है और मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ती है। कार्यक्रम में किसानों को मक्का की खेती में सुधार के लिए कई उपाय बताए गए।

# पीस कमेटी की बैठक में की गई शांति और सद्भाव कायम रखने की अपील

संवाददाता। संडीला, हरदोई



**ईद ए मिलादुननबी** और भादव मास के अंतिम मंगलवार को होने वाले झण्डा मेला को लेकर शांति कमेटी की बैठक का आयोजन कोतवाली संडीला में किया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं झण्डा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेश नाथ अग्निहोत्री के अलावा मुस्लिम पक्ष की ओर से धर्म गुरू मो. मेंहदी हसन, सभासद हसन मक्की समेत नगर पालिका परिषद के सभासदों ने भाग लिया।

इस बैठक में दोनों पक्षों ने जुलूसों के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था किए जाने, नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, मार्ग प्रकाश व्यवस्था को मजबूत बनानेए स्ट्रीट लाईटों की तत्काल मरम्मत कराने, जुलूस के दौरान पेयजलापूर्ति व्यवस्था बनाए रखने तथा जुलूसों के दौरान वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांगें रखीं।

एसडीएम ने इस अवसर पर कहा कि संडीला सदैव से सांप्रदायिक एकता की सुंदर मिसाल रहा है। ऐसा यहां का इतिहास बताता है। इस परंपरा को अक्षुण बनाए रखना है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी प्रकार की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पढ़ियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंनें दोनों पक्षों के लोगों से शासन का सहयोग करने की अपील की। सीओ सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि जुलूसों के दौरान पुलिस व्यवस्था और अधिक मजबूत की जाएगी। किसी भी खुराफ़ाती को बक्शा नहीं जाएगा।

और ऐसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कारवाई होगी। बताते चलें कि संडीला में इस वर्ष ईद ए मिलादुननबी के मौके पर परचमे मोहम्मदी की जुलूस सोमवार को तथा श्री महावीर जी झण्डा मेला और झण्डों की शोभायात्रा मंगलवार को आयोजित की जाएगी। दोनों ही जुलूसों में बड़ी संख्या में लोग प्रतिभाग करते हैं।

## दलित किशोर की हत्या में व्यापारी गिरफ्तार, पुत्र फरार



**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने नाले से दलित किशोर का शव मिलने के बाद उसकी हत्या में आरोपी व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि व्यापारी का पुत्र फरार है। पुलिस को उसकी तलाश है। थाना मऊदरबाजा के रकाबगंज खुर्द निवासी सूरज पाल जाटव के 15 वर्षीय पुत्र पिंकू मोहगे के ही राकेश भारद्वाज उर्फ लाला की परचून की दुकान पर काम करता था। उसका शव 6 सितंबर को सुबह 10. 15 बजे हैवतपुर गढिया के निकट नाले में मिला था। उसकी मौत नाले में डूबने से होना बतायी गयी थी। पुलिस के अनुसार पिंकू की हत्या व्यापारी राकेश भारद्वाज व उसके पुत्र गुरु नें मिलकर की थी। पुलिस ने आरोपी राकेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बोरी व स्कूटी को रेलवे स्टेशन से बरामद किया है।

# असम के मुख्यमंत्री ने झारखंड में एनआरसी की वकालत की

**भाषा।** रांची

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बांग्लादेश से कथित अवैध आव्रजन के मद्देनजर झारखंड में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) तैयार करने की शनिवार को वकालत की।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में घुसपैठ पर हलफनामा प्रस्तुत करने के बाद राज्य सरकार को तुरंत एनआरसी की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। शर्मा ने यहां बिरसा मुंडा हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, केंद्र ने विस्तृत सांख्यिकीय आंकड़े पेश किए हैं, जिनसे पता चलता है कि झारखंड में आदिवासी आबादी किस तरह घट रही है। हलफनामा संथाल परगना की स्थिति उजागर करता है। झारखंड सरकार को एनआरसी लागू करना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा झारखंड में सत्ता में आने पर एनआरसी लागू करेगी, उन्होंने कहा, हमारी सरकार बनने पर यह लागू होगा।



मैं पूछना चाहता हूं कि जब केंद्र के हलफनामे के बाद सब कुछ साफ हो चुका है तो कल से ही मौजूदा सरकार के कार्यकाल में ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा है। घुसपैठ के कारण आदिवासी पहचान और अस्तित्व खतरे में है। मुख्यमंत्री को सख्त कदम उठाने चाहिए। केंद्र सरकार ने 12 सितंबर को झारखंड उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि राज्य में अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी रह रहे हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति अरुण कुमार राय की खंडपीठ के समक्ष दायर हलफनामे में केंद्र ने कहा कि बांग्लादेशी अवैध रूप से साहेबगंज और पाकुड़ जिलों के रास्ते झारखंड में घुस आए।

## हिमंत ने उल्फा (आई) प्रमुख को युवाओं का भविष्य खतरे में डालने वाली गतिविधियों से बचने को कहा

**भाषा, गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को प्रतिबंधित उल्फा (आई) के प्रमुख परेश बरुआ से कहा कि वह ऐसी किसी गतिविधि में शामिल न हो जिससे युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ जाए, क्योंकि राज्य आगामी 10 साल में एक पावरहाउस (शक्ति का केंद्र) बनने की ओर अग्रसर है। शर्मा ने यहां द असम ट्रिब्यून डायलॉग 2024 में कहा कि 15 अगस्त को राज्य भर में बम लगाना गहरी चिंता का विषय है जो राज्य में जारी प्रगति और विकास को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा, हम दृढ़तापूर्वक और संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुझे यकीन है कि अगर राज्य शांतिपूर्ण रहा, आर्थिक व्यवस्था एक समान रही और युवाओं में सहयोग तथा उत्साह रहा, तो हम अगले 10 साल में भारत के परिदृश्य में एक पावरहाउस बन जाएंगे। शर्मा ने कहा कि राज्यभर में विस्फोटकों के लगाए जाने के संबंध में गहरी चिंता है। उन्होंने कहा, मैं इस मंच पर उल्फा (आई) प्रमुख से आग्रह करता हूं कि वह ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न हो जो राज्य के युवाओं के भविष्य को खतरे में डाल दे। प्रतिबंधित संगठन उल्फा (आई) ने स्वतंत्रता दिवस पर असम में सिलसिलेवार विस्फोट करने के लिए 24 स्थानों पर बम लगाने का दावा किया था जिसके बाद पुलिस ने गुवाहाटी में दो स्थानों सहित कम से कम आठ स्थानों से बम जैसे पदार्थ बरामद किए थे। मुख्यमंत्री ने कहा, लोकतंत्र में संघर्ष और विचारों का टकराव होता रहेगा, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि असम सुरक्षित और शांतिपूर्ण बना रहे। उन्होंने कहा कि मतभेद हो सकते हैं लेकिन इन्हें बातचीत और कई अन्य तरीकों से सुलझाया जा सकता है, लेकिन अपनी मातृभूमि में आतंक पैदा करके नहीं।

शर्मा ने कहा, हमें सबसे पहले अपनी मातृभूमि को सुरक्षित करना होगा, तभी हम किसी समस्या का समाधान ढूंढ़ सकते हैं। यदि संकट के समाधान की आड़ में और अधिक समस्याएं पैदा की जाती हैं तो कोई राज्य समृद्ध नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैर-असमिया समुदायों के खिलाफ कुछ संगठनों के हालिया हमले से राज्य के बाहर गलत संकेत गया है। उन्होंने कहा, हमें यह समझना चाहिए कि कई महत्वाकांक्षी और प्रतिभाशाली असमिया युवा अपनी आजीविका कमाने के लिए राज्य से बाहर रहते हैं। मैं उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं क्योंकि देश हमारा है और हम हर जगह जा सकते हैं। शर्मा ने कहा, अगर असम यहां गैर-असमिया लोगों के खिलाफ युद्ध छेड़ता है, तो राज्य के बाहर रहने वाले असमिया लोगों के खिलाफ भी ऐसा ही हो सकता है। फिर हमारे युवा कहां जाएंगे?

# स्वदेश लौटे तेलंगाना के युवक ने बताया यूक्रेन-रूस युद्ध का भयावह मंजर

**भाषा।** हैदराबाद

**रूस** की सेना में मर्जी के बगैर भर्ती किए जाने और महीनों तक यूक्रेन-रूस की युद्धग्रस्त सीमा पर फंसे रहने के बाद तेलंगाना का 22 वर्षीय युवक अंततः स्वदेश लौट आया है। उसने स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया। मोहम्मद सूफियान ने कहा, मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि मैं घर लौट आया हूं। वहां जारी युद्ध के भयावह दृश्य अभी भी मेरे जहन में ताजा हैं...। सूफियान यूक्रेन के साथ युद्ध में रूसी सेना में सहायक कर्मचारी के तौर पर काम कर रहा था और शुक्रवार रात वह सुरक्षित घर लौट आया।

सूफियान तेलंगाना के नारायणपेट जिले का निवासी है। उसने वापसी में मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, तेलंगाना सरकार और मीडिया को धन्यवाद दिया। सूफियान ने पूरे घटनाक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि मुंबई स्थित एक रोजगार एजेंट ने उसे सुरक्षाकर्मी की नौकरी देने का वादा किया था, जिसके बाद वह दिसंबर 2023 में चेन्नई और दुबई के रास्ते रूस पहुंचा। सूफियान ने पीटीआई को बताया कि लेकिन उसे रूस-यूक्रेन सीमा पर ले जाया गया और वहां प्रशिक्षण दिया गया, जिसके बाद उसे वाहनों में सामान भरने और बंकर बनाने जैसे काम सौंपे गए।

सूफियान और उसके जैसे अन्य लोगों को एहसास हुआ कि उन्हें गुमराह किया गया है, लेकिन वे मुख्य एजेंट से संपर्क स्थापित नहीं कर सके। सूफियान ने बताया कि उसे अग्रिम मोर्चे के करीब तैनात किया जाया गया, जहां युद्ध के कारण उसे रात को नींद नहीं आती थी, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। सूफियान ने बताया कि बाद में जब उसने अपनी समस्या सुनाई, तो उसे अग्रिम मोर्चे से करीब 60 किलोमीटर दूर रूस के नियंत्रण वाले यूक्रेनी क्षेत्र में एक ग्रीन जोन में स्थानांतरित कर दिया गया।

सूफियान ने कहा, हम आठ महीने तक जंगल में रहे। केंद्र सरकार ने मॉस्को से दिल्ली पहुंचने के लिए हवाई टिकट की व्यवस्था की। सूफियान के परिवार ने इस साल जुलाई में पीटीआई-भाषा से बातचीत के दौरान उम्मीद जताई थी कि प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के बाद उनका बेटा घर लौट आएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष रूसी सेना के साथ सहायक कर्मी के तौर पर काम कर रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द वापस भेजने के मुद्दे को बहुत मजबूती के साथ उठाया था, जिसके बाद पुतिन ने इस मांग पर सहमति जताई थी।

# मेरठ में धर्म स्थल पर विवाद होने के बाद दिये गये जांच के आदेश

**भाषा, मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में रोहटा रोड पर आदर्श कॉलोनी के बाहर स्थित कथित मजार पर हनुमान मंदिर की स्थापना को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मौजूदा स्थिति के मद्देनजर घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ विपिन टांडा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में इस बात से इंकार किया कि जिस सार्वजनिक जगह पर हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई है, वहां कोई मजार है। उन्होंने बताया कि वहां मजार नहीं, बल्कि खाली कमरा था। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी मेरठ द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को इस मामले की जांच सौंपी गई है कि वहां पर क्या था। जांच कमेटी से सात दिन में रिपोर्ट मांगी गई है।

एसएसपी ने कहा कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्वाई की जाएगी। फिलहाल वहां एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर यथास्थिति बरकरार कर दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के कंकरखेड़ा में रोहटा रोड पर आदर्श कॉलोनी के बाहर एक छोटा कमरा है, जिसको कुछ लोग मजार होने का दावा कर रहे हैं। उन लोगों ने आरोप लगाया है कि इस मजार पर कुछ लोगों ने भगवान हनुमान की मूर्ति रख दी। इसके बाद विधिवत पूजा-पाठ किया गया और हनुमान जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा शुरू की गई। शुक्रवार को जब इस घटना से जुड़े वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुईं तो पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीओ दौराला सुचिता सिंह भी मौके पर पहुंची और लोगों से इस संबंध में पूछताछ की। पुलिस ने आस-पास के तमाम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है।

# कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी बुच पर चीन की कम्पनियों में निवेश करने का आरोप लगाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी बुच पर शनिवार को एक बार फिर निशाना साधा और उन पर चीन की कंपनियों में निवेश का आरोप लगाते हुए कहा कि वह ऐसे समय यह सब कर रही हैं जब भारत चीन के साथ भू-राजनीतिक तनाव का सामना कर रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी माधवी बुच की इस गतिविधि से अवगत हैं? अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग रिसर्च ने हाल ही में बुच पर अदाणी समूह से जुड़े मामले में हितों के टकराव का आरोप लगाया था। इसके बाद से कांग्रेस उन्हें हटाए जाने की मांग कर रही है। माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने अनियमितता बरतने और हितों के टकराव को लेकर कांग्रेस की तरफ से लगाए गए आरोपों से शुक्रवार को इनकार करते हुए कहा था कि ए आरोप गलत, प्रेरित और मानहानिकारक हैं। बुच ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस की तरफ से लगाए गए आरोप उनके द्वारा दाखिल आयकर रिटर्न में दर्ज विवरणों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय मामलों से जुड़ी सभी सूचनाओं का उनकी तरफ से पूरी तरह खुलासा किया गया है और करों का उचित भुगतान भी किया गया है।

जयराम रमेश ने बुच के व्यक्तिगत वित्तीय लाभ से संबंधित खुलासों का उल्लेख करते हुए शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, क्या प्रधानमंत्री इस बात से अवगत हैं कि सेबी प्रमुख के पास जब अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी थी, तब भी वह सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में व्यापार कर रही थीं? उन्होंने यह भी पूछा, क्या प्रधानमंत्री इस बात से अवगत हैं कि माधवी पी. बुच ने भारत के बाहर उच्च मूल्य के निवेश किए हैं? यदि हां, तो इस निवेश की तिथि और खुलासे की तिथि क्या है? क्या प्रधानमंत्री को पता है कि सेबी अध्यक्ष ऐसे समय में चीनी कंपनियों में निवेश कर रही हैं जब भारत चीन के साथ भू-राजनीतिक तनाव का सामना कर रहा है? कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को सेबी प्रमुख को फिर घेरा और आरोप लगाया कि उन्होंने भारत के लोगों को धोखा दिया है। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, दो सितंबर 2024 को कांग्रेस ने खुलासा किया था कि माधवी बुच ने आईसीआईसीआई बैंक और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल से 16.8 करोड़ रुपए (वेतन, ईएसओपी और ईएसओपी पर टीडीएस के रूप में) प्राप्त किए, जबकि उन्हें सेबी से भी वेतन मिल रहा था। चौंकाने वाली बात यह है कि सेबी इस दौरान आईसीआईसीआई और उसके सहयोगियों के खिलाफ शिकायतों को संभाल रहा था। उनके मुताबिक, तीन सितंबर 2024 को आईसीआईसीआई बैंक द्वारा स्पष्टीकरण जारी करने के बाद, हमने 'सेवानिवृत्ति लाभ', 'ईएसओपी', और 'ईएसओपी पर टीडीएस' के बारे में नए तथ्यों के साथ जवाब मांगा। अब तक, आईसीआईसीआई ने इन बिंदुओं पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने फिर दोहराया कि माधवी पुरी बुच की अगोरा एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में उस समय 99 प्रतिशत हिस्सेदारी थी जब यह परामर्शदाता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह को सेवा प्रदान कर रही थी।

खेड़ा ने 10 सितंबर को यह दावा भी किया था कि माधवी के सेबी की पूर्णकालिक सदस्य रहते उनके पति धवल बुच को साल 2019-21 के बीच महिंद्रा एंड महिंद्रा से 4.78 करोड़ रुपए मिले। उन्होंने शनिवार को कहा, महिंद्रा एंड महिंद्रा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या उन्होंने धवल बुच को व्यक्तिगत रूप से और अगोरा एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड को बड़ी रकम का भुगतान किया है? यदि ऐसा है, तो क्या वे सार्वजनिक धन हस्तांतरित करने से पहले केवाईसी और सम्यक तत्परता का पालन करने में विफल रहे? खेड़ा ने कहा कि यदि धवल बुच को 4.78 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था, तो महिंद्रा एंड महिंद्रा को कथित रूप से निष्क्रिय कंपनी अगोरा एडवाइजरी को दिए गए 2.59 करोड़ रुपए के भुगतान को लेकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

पिछले दिनों महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कांग्रेस के आरोपों को असत्य और भ्रामक करार देते हुए कहा था कि उसने कभी भी सेबी से तरजीह के लिए अनुरोध नहीं किया तथा धवल बुच की सेवा उनके वैश्विक अनुभव को देखते हुए सिर्फ आपूर्ति श्रृंखला के लिए ली गई थी।

# राजस्थान के शाहपुरा में धार्मिक शोभायात्रा में पथराव के बाद तनाव

**जयपुर।** राजस्थान के शाहपुरा जिले के जहाजपुर इलाके में शनिवार को जलझूलनी ग्यारस के अवसर पर एक धार्मिक शोभायात्रा पर पथराव के बाद सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शोभायात्रा पर पथराव के कारण इलाके में हंगामा हुआ, जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। शाहपुरा के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि यह घटना जहाजपुर में हुई, जब शोभायात्रा के दौरान नारेबाजी और मामूली पथराव हुआ। यह घटना उस समय हुई, जब शोभायात्रा मुस्लिम बहुल इलाके से गुजर रही थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा, घटना में एक कांस्टेबल घायल हो गया। कस्बे में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और स्थिति नियंत्रण में है।

# निर्दलीय विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक जेपी वर्मा झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में लौटे

**भाषा।** रांची

**निर्दलीय** विधायक अमित कुमार यादव और पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में लौट आए। बरकाठा से विधायक यादव और वर्मा को यहां भाजपा की राज्य इकाई के मुख्यालय में एक कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा के झारखंड मामलों के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई इस कार्यक्रम में मौजूद थे। यादव (42) ने 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के जानकी प्रसाद यादव को 24,812 मतों से हराकर बरकाठा सीट जीती थी।

उन्होंने 2009 से 2014 तक भाजपा विधायक के तौर पर बरकाठा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन 2014 के विधानसभा चुनाव में वह इस सीट से हार गए। यादव ने कहा, 2019 में जब मुझे पार्टी से टिकट नहीं मिला, तो मैंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। मुझे कई पार्टियों की ओर से पेशकश की गई, लेकिन मैं किसी में शामिल नहीं हुआ। निर्दलीय विधायक होने के बावजूद मैं भाजपा के लिए काम करता रहा। आज मैं औपचारिक रूप से फिर से पार्टी में शामिल हो गया। वर्मा भी पहले भाजपा में थे। उन्होंने 2014 में गांडेय सीट से विधानसभा चुनाव जीता था। लेकिन 2019 में वह झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सरफराज अहमद के हाथों इस सीट पर चुनाव हार गए। बाद में वह झामुमो में शामिल हो गए।

विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) ने वर्मा को 2024 के लोकसभा चुनाव में कोडरमा सीट से कथित रूप से टिकट नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा, जिसके फलस्वरूप उन्हें झामुमो से निकाल दिया गया। वर्मा ने कहा, मैं 18 महीने बाद अपनी मूल पार्टी में लौट आया। पिछला डेढ़ साल मेरे लिए काला अध्याय था।

मैं झारखंड में पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा। मरांडी ने कहा कि उनकी (यादव और वर्मा की) वापसी से (पार्टी) संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा, लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं, क्योंकि उन्होंने पाया है कि पिछले पांच वर्षों में झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के शासन में राज्य में कोई काम नहीं हुआ है।

भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है, कानून-व्यवस्था बिगड़ गई है और मौजूदा सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। राज्य के लोगों ने आगामी चुनाव में झामुमो को सत्ता से बेदखल करने का फैसला किया है।

# धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने के आरोप में दंपति गिरफ्तार

**भाषा, मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना इलाके में अवैध तरीके से धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने के आरोप में एक मुस्लिम दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मूंढापांडे थाने के प्रभारी राम प्रसाद शर्मा ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी हिना और उसके पति मुस्तफा के खिलाफ उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना), 354 (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से बल प्रयोग) और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना मूंढापांडे क्षेत्र स्थित सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में एक किशोरी पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहे पति-पत्नी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी किशोरी के पिता ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी में आरोप लगाया कि रौंडा निवासी हिना अपने मकान में सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण केन्द्र चलाती है। उसकी बेटी और उसकी दो सहेलियां हिना के प्रशिक्षण केन्द्र पर सिलाई सीखने जाती थीं। तहरीर के हवाले से पुलिस ने बताया कि इस साल 14 जून की सुबह करीब 10 बजे हिना ने किशोरी को केन्द्र में बंद कर दिया और बाहर चली गई। इस दौरान हिना के पति मुस्तफा ने उनके साथ छेड़छाड़ की और वीडियो बना लिया। इसके बाद 16 जून की दोपहर करीब 12 बजे हिना ने पीड़िता पर पकौड़े खाने का जबरन दबाव बनाया। मना करने पर उसने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इस दौरान किशोरी पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव भी बनाया गया।

पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी दंपति हिना और मुस्तफा को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया।

## असम के हुल्लोंगापार गिब्बन अभयारण्य में तेल-गैस खोज को सैद्धांतिक मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने असम में, लुप्तप्राय हूलॉक गिब्बन के लिए चर्चित वन की करीब 4.50 हेक्टेयर भूमि वेदांता समूह की एक कंपनी को तेल और गैस अन्वेषण के लिए हस्तांतरित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। केयर्न ऑयल एंड गैस, जोरहाट जिले में हुल्लोंगापार गिब्बन वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र में तेल खोजने के लिए खुदाई करेगी। भारत में हूलॉक गिब्बन केवल इसी अभयारण्य में पाया जाता है। यह जंतु वानर की प्रजाति का है। परिवेश पोर्टल पर दी गई जानकारी के मुताबिक, मंत्रालय की वन सलाहकार समिति ने 27 अगस्त को एक बैठक में 4.49 हेक्टेयर वन भूमि के उपयोग परिवर्तन की मंजूरी दी। असम के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) और मुख्य वन्यजीव वार्डन ने 8 अगस्त को यह कहते हुए मंजूरी की सिफारिश की कि यह परियोजना राष्ट्रीय हित में है।

# राम मंदिर ट्रस्ट 3डी से 7डी तक की तकनीक से हनुमान जी के जीवन से जुड़े प्रसंग करेगा प्रसारित

**अयोध्या।** अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में भगवान हनुमान को समर्पित एक नई गैलरी आधुनिक तकनीक से बनाई जाएगी जिसमें 3डी से 7डी स्तर की तकनीक के माध्यम से 20 मिनट की आकर्षक फिल्म दिखाई जाएगी। राम मंदिर ट्रस्ट ने यह जानकारी दी। ट्रस्ट के अनुसार यह फिल्म हनुमान जी के जीवन और कारनामों को एक शानदार और मनमोहक तरीके से दिखाएगी। फिल्म की स्क्रिप्ट भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) चेन्नई के सहयोग से विकसित की जा रही है।

यह गैलरी एक साल के भीतर पूरी होने की उम्मीद है और इसमें प्रति सत्र 25 दर्शकों को मौका मिलेगा। ट्रस्ट का कहना है कि यह अभिनव परियोजना रामकथा संग्रहालय के व्यापक विकास का हिस्सा है, जिसके पूरा होने पर पांच अत्याधुनिक दीर्घाएं होंगी। श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने इस परियोजना के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हनुमान गैलरी आगंतुकों को एक अनूठी और अविस्मरणीय आध्यात्मिक यात्रा प्रदान करेगी।

अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य भगवान हनुमान के जीवन को उस तरह से जीवंत करना है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। नृपेंद्र मिश्रा ने राम कथा संग्रहालय के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, प्रारंभिक निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है, इसमें पांच असाधारण दीर्घाएं होंगी।

पांचवीं गैलरी आगंतुकों के लिए एक अद्वितीय अनुभव बनाने के लिए 3डी और 7डी जैसी उन्नत तकनीकों की शक्ति का उपयोग करेगी। उन्होंने कहा, भगवान हनुमान के जीवन को दर्शाती एक मंत्रमुग्ध करने वाली 20 मिनट की फिल्म दिखाई जाएगी, जिसे प्रसिद्ध आईआईटी चेन्नई द्वारा विकसित किया जा रहा है। इस गैलरी में एक बार में 25 दर्शक आराम से बैठ सकेंगे, जिससे वे भगवान हनुमान के जीवन के माध्यम से एक आध्यात्मिक यात्रा पर निकल सकेंगे।

# पेज 1 का शेष

## कांग्रेस...

भाजपा सरकार ने जो योजनाएं जनकल्याण के लिए चलाई थीं, उनका जनता को काफी लाभ हुआ था, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस ने आते ही उन योजनाओं को बंद कर दिया। कांग्रेस की लापरवाही और कुप्रबंधन के कारण हालात इतने बिगड़ गए हैं कि उन्हें संभालना मुश्किल हो रहा है। जनता की परेशानियों से कांग्रेस को कभी फर्क नहीं पड़ता, यही कारण है कि आज हिमाचल की जनता परेशान है और कांग्रेस सरकार असफल साबित हो रही है। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ धोखे और झूठ पर आधारित है। जिन्होंने कांग्रेस पर भरोसा किया,आज पछता रहे हैं। कांग्रेस ने तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्यों को भी नहीं छोड़ा। कर्नाटक और तेलंगाना में महंगाई चरम पर है, हर चीज के दाम आसमान छू रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के तुष्टिकरण के लिए जो कुछ भी किया जा रहा है, वह गांधी जी के आदर्शों से दूर है। कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम के कुछ वर्षों तक ही प्रभावशाली काम किया, लेकिन आज ये आदर्शों को नजरअंदाज कर रही है। कांग्रेस झूठ बोलने और देश की एकता पर हमला करने में लगी है, और भारत को बदनाम कर रही है। कांग्रेस का परिवार हमेशा से दलितों, ओबीसी और आदिवासियों के खिलाफ रहा है। हरियाणा के लोगों को ऐसी पार्टियों की सरकार नहीं बनने देनी चाहिए। अगर हरियाणा और युवाओं को बचाना है, तो उसे कांग्रेस से दूर रहना पड़ेगा। हरियाणा में जब भी कांग्रेस सत्ता में आई, दलितों का जीवन मुश्किल हो गया। वर्ष 2010 में हुए मिर्चपुर कांड जैसी घटनाओं को दलित परिवार आज तक भुला नहीं पाई है। वर्ष 2012 में भी गोहाना में दलितों के खिलाफ हिंसा हुई थी, साल 2014 में भी दलितों पर अत्याचार की घटनाएं हुईं, कांग्रेस से दलित समाज को सुरक्षित रहने की जरूरत है। पीएम ने कहा अब भाजपा के विकास के एजेंडे के तहत, हरियाणा में युवाओं को नौकरी मिलने की संभावना है और तेज विकास की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

## डोडा में...

18 सितंबर को जिन 24 विधानसभा सीटों पर मतदान होने जा रहा है, उनमें से आठ पूर्ववर्ती डोडा जिले में हैं और 16 विधानसभा सीटें दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों में स्थित हैं। भाजपा के प्रचार प्रबंधकों की तरफ से डोडा जिले में पिछले 42 वर्षों में किसी भी प्रधानमंत्री द्वारा की गई पहली मेगा चुनावी रैली का आयोजन किया, ताकि मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में आकर्षित किया जा सके और सरकार बनाने के लिए आवश्यक जादुई आंकड़ों के करीब पहुंचा जा सके। मेगा रैली में वरिष्ठ भाजपा नेताओं और चुनाव मैदान में उतरे सभी आठ भाजपा उम्मीदवारों मौजूद थे। अपने 40 मिनट से अधिक लंबे भाषण की शुरुआत करने से पहले मोदी ने स्थानीय देवताओं के नाम पर प्रार्थना भी की। इस बार, विधानसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य तय करेगा, जो आजादी के बाद से विदेशी ताकतों के निशाने पर रहा है। मोदी ने कहा कि जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने कभी आपके बच्चों की परवाह नहीं की। उन्होंने केवल अपने बच्चों की परवाह की और उन्हें आगे बढ़ाया और नए युवाओं को आगे नहीं आने दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने वर्ष 2014 में केंद्र में सत्ता में आने के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर में युवा नेतृत्व को उभारने पर ध्यान केंद्रित किया। जम्मू-कश्मीर के युवा आतंकवाद का दंश झेलते थे। लोगों को गुमराह करके परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टियों ने सत्ता का आनंद लिया और युवा नेताओं को जड़ें जमाने नहीं दीं।

## जिस ज्ञानवापी...

उन्होंने कहा कि संत रामानंद ने उपासना विधि की एक विशिष्ट पद्धति को बढ़ाया लेकिन छुआछूत को कभी महत्व नहीं दिया। एक तरफ रविदास उनके शिष्य थे तो दूसरी तरफ कबीरदास।

## जम्मू कश्मीर...

भारतीय सेना के एक कैप्टन के साथ तीन अन्य सैनिक शहीद हो गए। इस बीच, शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक स्थानों पर भेज दिया गया। सेना ने कहा, व्हाइट नाइट कोर के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग) और सभी रैंक के अधिकारी बहादुरों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं और परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। नायब सूबेदार विपन कुमार राजौरी जिले के सुंदरबनी क्षेत्र के पतरारा गांव के रहने वाले थे और सिपाही अरविंद सिंह हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर का था।

# हिंदू विवाह को अनुबंध की तरह भंग नहीं किया जा सकता : कोर्ट

**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि एक हिंदू विवाह को अनुबंध की तरह भंग नहीं किया जा सकता। शास्त्र सम्मत विधि आधारित हिंदू विवाह को सीमित परिस्थितियों में ही भंग किया जा सकता है और वह भी संबंधित पक्षों द्वारा पेश साक्ष्यों के आधार पर। न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति दोनाडी रमेश की पीठ ने विवाह को भंग किए जाने के खिलाफ एक महिला की अपील स्वीकार करते हुए कहा, पारस्परिक सहमति के बल पर तलाक मंजूर करते समय भी निचली अदालत को तभी विवाह भंग करना चाहिए था जब आदेश पारित करने की तिथि को वह पारस्परिक सहमति बनी रही। अदालत ने कहा, यदि अपीलकर्ता का दावा है कि उसने अपनी सहमति वापस ले ली है और इस तथ्य को रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है तो निचली अदालत अपीलकर्ता को मूल सहमति पर कायम रहने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। पीठ ने कहा, ऐसा करना न्याय का उपहास होगा। महिला ने 2011 में बुलंदशहर के अपर जिला जज द्वारा पारित निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दाखिल की थी। अपर जिला जज ने महिला के पति की ओर से दाखिल तलाक की अर्जी मंजूर कर ली थी। संबंधित पक्षों का विवाह दो फरवरी, 2006 में हुआ था। उस समय, पति भारतीय सेना में कार्यरत था। पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी 2007 में उसे छोड़ कर चली गई और उसने 2008 में विवाह भंग करने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की। पत्नी ने अपना लिखित बयान दर्ज कराया और कहा कि वह अपने पिता के साथ रह रही है। मध्यस्थता की प्रक्रिया के दौरान, पति, पत्नी ने एक दूसरे से अलग रहने की इच्छा जताई। हालांकि, वाद लंबित रहने के दौरान पत्नी ने अपना विचार बदल लिया और अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से इनकार किया जिसके बाद दूसरी बार मध्यस्थता की गई, लेकिन पति द्वारा पत्नी को साथ रखने से इनकार करने की वजह से यह मध्यस्थता भी विफल रही।

# बिहार के औरंगाबाद में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तनाव

**भाषा।** औरंगाबाद

**बिहार के** औरंगाबाद जिले के रफीगंज इलाके में भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन की शोभायात्रा के दौरान एक समुदाय के लोगों ने दूसरे समुदाय के खिलाफ कथित तौर पर नारेबाजी की जिससे तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। औरंगाबाद सदर-द्वितीय के उप अनुभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अमित कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्वाई करते हुए स्थिति को नियंत्रण में किया और एहतियात के तौर पर इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के सिलसिले में 40 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और अब तक सात लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कुमार ने कहा, शुक्रवार रात भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन की शोभायात्रा में शामिल कुछ लोगों ने मुख्य बाजार के पास एक विशेष समुदाय के खिलाफ नारे लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, उन्होंने दूसरे समुदाय के लोगों के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां भी कीं। इससे इलाके में तनाव पैदा हो गया। वहां पहले से तैनात सुरक्षाकर्मियों ने मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रण में किया। उप अनुभागीय पुलिस अधिकारी ने कहा, घटना में शामिल 40 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# बासमती व प्याज पर निर्यात नियम आसान बनाने से गांवों में मिलेंगे रोजगारः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने शनिवार को कृषि निर्यात नीतियों में हाल के बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि बासमती चावल और प्याज पर निर्यात मानदंडों को आसान बनाने और कुछ खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने से किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा होंगे। सरकारी बयानों के अनुसार, शुक्रवार को सरकार ने बासमती चावल के लिए 950 डॉलर प्रति टन न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को खत्म कर दिया और प्याज पर 550 डॉलर प्रति टन एमईपी हटा दिया।सरकार ने शनिवार को कच्चे पाम तेल पर आयात शुल्क बढ़ाकर 20 प्रतिशत और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर 32.5 प्रतिशत कर दिया, जिसका उद्देश्य घरेलू तिलहन किसानों और प्रसंस्करणकर्ताओं को समर्थन देना है।मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार देश की खाद्य सुरक्षा के लिए अथक परिश्रम करने वाले किसानों को समर्थन देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, चाहे प्याज पर निर्यात शुल्क कम करना हो या खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाना हो, ऐसे अनेक फैसले हमारे खाद्यान्न उत्पादकों को बहुत लाभ पहुंचाने वाले हैं। इनसे जहां उनकी आय बढ़ेगी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मोदी की यह टिप्पणी कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की एक पोस्ट के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने किसानों के हित में प्याज, बासमती चावल और खाद्य तेलों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया था।चौहान ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के कल्याण के प्रति संवेदनशील है और उनके विकास तथा प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत करने से प्याज किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।चौहान ने कहा कि बासमती चावल पर निर्यात शुल्क हटाने का उद्देश्य उत्पादकों के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना और प्रीमियम चावल किस्म की मांग बढ़ाना है। रिफाइंड तेलों के बारे में मंत्री ने कहा कि इन पर मूल शुल्क बढ़ाकर 32.5 प्रतिशत करने से "रिफाइनरी तेल के लिए सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली की फसलों की मांग बढ़ेगी।



## प्रधानमंत्री के आवास में बछिया का जन्म, दीपज्योति रखा नाम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास में एक नई सदस्य- बछिया का आगमन हुआ है जिसका नाम दीपज्योति रखा गया है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए सूचना दी कि 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री के आवासीय परिसर में गौ माता ने एक बछिया को जन्म दिया है। उन्होंने अपने आवास पर बछिया के साथ समय बिताते हुए अपना एक वीडियो भी साझा किया। मोदी ने एक्स पर लिखा, हमारे शास्त्रों में कहा गया है - गावः सर्वसुख प्रदाः। लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है इसलिए, मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है। उन्होने एक अन्य पोस्ट में कहा, 7, लोक कल्याण मार्ग में एक नई सदस्यउ दीपज्योति वाकई बहुत प्यारी है। प्रधानमंत्री ने कुछ तस्वीरें भी साझा की, जिनमें वह अपने आवास पर बछिया के साथ समय बिताते दिख रहे हैं। एक्स पर साझा किए गए वीडियो में प्रधानमंत्री बछिया को अपने आवास ले जाते हुए, घर के मंदिर में उसके साथ बैठते हुए और उसे बगीचे में ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# भारत लचीली कृषि प्रणालियां विकसित करने, खाद्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धः मंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**कृषि एवं किसान** कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर ने कहा कि भारत लचीली कृषि प्रणालियां विकसित करने और वैश्विक मंच पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 12-14 सितंबर, 2024 को ब्राजील के कुइआबा में जी20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यह टिप्पणी की। भारत ने बैठक में खाद्य सुरक्षा में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के योगदान को बढ़ाने पर भी जोर दिया। एक आधिकारिक बयान में ठाकुर के हवाले से कहा गया, हमारा दृष्टिकोण न केवल उत्पादकता पर केंद्रित है बल्कि आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करता है, किसानों की समृद्धि को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कृषि विकास को प्राथमिकता दे रहा है और किसानों की समृद्धि बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि भारत खाद्य सुरक्षा और पोषण सुनिश्चित करने के लिए विश्व के सबसे बड़े खाद्य-आधारित सुरक्षा कार्यक्रमों को लागू कर रहा है। बैठक में वैश्विक कृषि के प्राथमिकता वाले चार प्रमुख क्षेत्रों - 1) कृषि और खाद्य प्रणालियों की उनके विविध आयामों में स्थिरता, 2) खाद्य सुरक्षा और पोषण में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के योगदान को बढ़ाना, 3) टिकाऊ और समावेशी कृषि एवं खाद्य प्रणालियों में छोटे किसानों की भूमिका को बढ़ाना और 4) मूल्य श्रृंखलाओं में मछली पालन को बढ़ावा देना, पर भी चर्चा की गई।

# राहुल गांधी के आरक्षण संबंधी बयान के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन

**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) की कर्नाटक इकाई ने शनिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरक्षण संबंधी बयान के खिलाफ प्रदर्शन किया और कांग्रेस को दलित-विरोधी और आरक्षण-विरोधी करार दिया।राहुल ने अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद के दौरान सोमवार को कहा था कि कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है।कांग्रेस नेता के बयान के खिलाफ भाजपा ने यहां फ्रीडम पार्क के पास प्रदर्शन किया।भाजपा नेता एवं विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सी. नारायणस्वामी ने प्रदर्शन की अगुवाई की। इस दौरान हाथ में बैनर और तख्तियां लेकर पार्टी नेताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की।उन्होंने गांधी का पुतला जलाने की भी कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। नारायणस्वामी ने कहा कि गांधी के बयान ने साबित कर दिया है कि कांग्रेस दलित-विरोधी और आरक्षण-विरोधी है। भाजपा ने नारायणस्वामी के हवाले से एक विज्ञप्ति में कहा, देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि वह आरक्षण के खिलाफ हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी (नेहरू की क्रमशः बेटी और नाती दोनों) ने भी यही कहा था। अब राहुल गांधी ने इस विरासत को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में कम सीट जीतने के कारण जब कांग्रेस को आधिकारिक रूप से विपक्ष का दर्जा नहीं मिल पाया था तो मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी को लोकसभा में पार्टी का नेता बना दिया गया। भाजपा नेता ने कहा, अब जब कांग्रेस को आधिकारिक विपक्ष की भूमिका मिल गई है तो राहुल गांधी ने पद (नेता प्रतिपक्ष) ले लिया है। कांग्रेस नेता ने भाजपा को दलित-विरोधी बताया था, जिस पर नारायणस्वामी ने सवाल उठाते हुए कहा, दलित-विरोधी कौन है? हम (भाजपा) वे हैं, जिन्होंने आरक्षण बढ़ाया, न कि आपने.....आप (कांग्रेस) दलित-विरोधी और आरक्षण-विरोधी हैं।

## राहुल का आरक्षण संबंधी बयान संविधान के खिलाफ : आठवले



**मुंबई।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी का आरक्षण संबंधी बयान निंदनीय है और उनकी पार्टी महाराष्ट्र तथा अन्य जगहों पर कांग्रेस नेता के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन तेज करेगी। आठवले ने यह भी कहा कि दलित समुदाय के लोग राहुल गांधी को विदेशी धरती पर देश के खिलाफ बोलने के लिए सबक सिखाएंगे और मांग की कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (अपने बयान के लिए) माफी मांगें। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आठवले ने कहा कि यह बयान संविधान के खिलाफ है और कांग्रेस के आरक्षण विरोधी रुख को दर्शाता है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रमुख ने कहा, कोई भी दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के आरक्षण को खत्म नहीं कर सकता। राहुल ने अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद के दौरान सोमवार को कहा था कि कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है।

# उषा उथुप ने एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए वीडियो गीत जारी किया

## आरजी कर मामला :

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय पॉप गायिका** उषा उथुप ने कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के कथित बलात्कार और हत्या की घटना के खिलाफ जारी आंदोलन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए एक वीडियो गीत जारी किया है। लगभग पांच मिनट का वीडियो गीत जागो रे... जागो मोहन प्यारे... का ही संस्करण है, लेकिन यह पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में जारी आंदोलन के संदर्भ में है।उथुप (76) वीडियो में कुछ अन्य महिलाओं के साथ हाथों में तख्तियां लेकर मृतका के लिए न्याय की मांग करती दिखाई दे रही हैं। वीडियो में महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक होने का आग्रह किया गया है। इसमें पिछले एक महीने से कोलकाता में इस घटना के खिलाफ जारी आम लोगों और डॉक्टरों के आंदोलन के व्यापक दृश्य हैं।नौ अगस्त को उत्तर कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला स्नातकोत्तर प्रशिक्षु की कथित तौर पर बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। घटना के विरोध में चिकित्सक और आम लोग बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

## ममता को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में टिप्पणी में स्पष्टता रखनी चाहिए : पीड़िता की मां

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित बलात्कार और हत्या की शिकार प्रशिक्षु चिकित्सक की मां ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में अपनी टिप्पणी में स्पष्टता रखनी चाहिए।कोलकाता के उत्तरी इलाके में अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए पीड़िता की मां ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री और आंदोलनकारी चिकित्सकों के बीच बातचीत से परिणाम निकलेंगे।उन्होंने कहा, केवल यह कहने के बजाय कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे दंडित किया जाएगा, उन्हें अधिक स्पष्ट और सटीक होना चाहिए था। अपराध स्थल पर साक्ष्यों के नष्ट होने और केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी को देखते हुए, हम उम्मीद कर रहे थे कि मुख्यमंत्री अधिक स्पष्टवादी होंगी।

## मोहन यादव ने नर्मदा नदी से सटे धार्मिक शहरों में शराब पर पाबंदी लगाने को कहा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि राज्य की जीवन रेखा मानी जाने वाली नर्मदा नदी के किनारे स्थित धार्मिक शहरों और उनके आसपास मांस और शराब का सेवन न हो। इस नदी के किनारे 21 जिले, 68 तहसीलें, 1138 गांव और 1126 घाट हैं। साथ ही 430 प्राचीन शिव मंदिर और दो शक्तिपीठ भी हैं। यादव ने यह भी कहा कि अनूपपुर जिले में नर्मदा नदी के उद्गम स्थल अमरकंटक को पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## सीबीआई ने एफबीआई से मिली जानकारी के आधार पर साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने खुद को तकनीकी सहायक बता कर एक अमेरिकी नागरिक से 4.5 लाख अमेरिकी डॉलर की ठगी करने को लेकर एक कथित साइबर अपराधी को मुंबई से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (एफबीआई) के साथ समन्वय में साइबर अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन चक्र-3 चलाया जा रहा है और इसी के तहत सीबीआई ने एक साइबर अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, जो 2022 से ही दूसरे देशों में लोगों को निशाना बना रहा था। उन्होंने बताया कि सीबीआई के अंतरराष्ट्रीय अभियान प्रभाग (आईओडी) ने आरोपी विष्णु राठी को मुंबई में गिरफ्तार किया और उसे दिल्ली लाया गया। अधिकारियों ने बताया कि राठी को शनिवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया। इसलिए, प्रभावी और निष्पक्ष जांच के लिए, आरोपी से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। अधिकारियों के मुताबिक, गत दो दिनों में सात जगहों पर ली गई तलाशी के दौरान, सीबीआई ने राठी के परिसरों से 100-100 ग्राम के सोने की 57 छड़ें, 16 लाख रुपए नकद, मोबाइल फोन, क्रिप्टो करेंसी के प्रबंधन में इस्तेमाल किए जाने वाला लैपटॉप, लॉकर के विवरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की।

# बुद्ध के मूल्यों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है महाराष्ट्र : रीजीजू



**मुंबई।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि बौद्ध धर्मावलम्बियों की अच्छी खासी आबादी वाला महाराष्ट्र महात्मा बुद्ध के मूल्यों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। रीजीजू यहां अपने मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में बुद्ध का मध्य मार्ग: वैश्विक नेतृत्व के लिए मार्गदर्शिका विषय पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे रहे थे। मंत्री ने कहा, पर्याप्त बौद्ध आबादी के साथ महाराष्ट्र एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां बुद्ध के मूल्यों के प्रसार के लिए कोई भी आंदोलन देश भर में गूंज सकता है। राज्य बुद्ध के मूल्यों को बढ़ावा देने में अग्रणी हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के उत्सव का आयोजन व्यापक स्तर पर किए जाने सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया पहल बौद्ध मूल्यों को बढ़ावा देने की (सरकार की) प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। रीजीजू ने कहा, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ में प्रधानमंत्री के भाषणों में बुद्ध के मूल्यों, खासतौर पर करुणा और सेवा को लगातार रेखांकित किया गया है, जो उनकी वैश्विक प्रासंगिकता को दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस कथन को भी उद्धृत किया कि जब बुद्ध के मूल्य -परोपकार और करुणा- एक साथ आते हैं, तभी कोई देश वैश्विक नेता बन सकता है और ऐसे मूल्यों की गैर-मौजूदगी` केवल वैश्विक मुद्दे ही पैदा होंगे, शांति नहीं।

# हिंदी और अन्य भाषाओं में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, वे सखियां हैं : शाह

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि राजभाषा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कभी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, क्योंकि वे सखियां हैं और एक-दूसरे की पूरक हैं। शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार तब तक नहीं हो सकता, जब तक अन्य सभी भारतीय भाषाओं को मजबूत नहीं किया जाता और राजभाषा उन सभी के साथ संवाद स्थापित नहीं करती। उन्होंने कहा, हिंदी और स्थानीय भाषाओं के बीच कभी प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, क्योंकि हिंदी सभी स्थानीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और सभी स्थानीय भाषाएं एक-दूसरे की पूरक हैं, इसलिए उनके बीच का रिश्ता और मजबूत किया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि हिंदी दिवस हिंदी को संपर्क भाषा, आम भाषा, तकनीकी भाषा और अब अंतरराष्ट्रीय भाषा बनाने का संकल्प लेने का अवसर है।उन्होंने कहा, हम हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता मिलने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती मना रहे हैं। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार करके और हिंदी के माध्यम से देश की सभी स्थानीय भाषाओं को जोड़कर हम अपनी संस्कृति, भाषाओं, साहित्य, कला एवं व्याकरण के संरक्षण तथा संवर्धन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। शाह ने कहा कि हिंदी भू-राजनीतिक भाषा से अधिक भू-सांस्कृतिक भाषा है। उन्होंने कहा कि उनके दोनों मंत्रालयों-गृह और सहकारिता मंत्रालय में फाइल के माध्यम से सभी संचार हिंदी में किए जाते हैं।शाह ने कहा, इस स्तर तक पहुंचने में तीन साल लगे। गृह मंत्री ने रेखांकित किया कि भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि इस भाषा की 75 साल की यात्रा अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के अंतिम चरण में है और अब समय आ गया है कि हिंदी को संचार, लोगों, प्रौद्योगिकी और एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में भी स्थापित किया जाए।




## हिन्दी दिवस पर नेत्रदान के साथ पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**वाराणसी।** हिन्दी दिवस के अवसर पर आर. पी. गिनोडिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नेत्रोदय द आई सिटी, वाराणसी में नेत्रदान-महादान विषय पर आधारित एक स्लोगन-कम-पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के ललित कला विभाग के विद्यार्थियों नें प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नेत्रदान के प्रति जागरूक करना तथा हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करना रहा। मुख्य अतिथि प्रो. सरोज रानी, चित्रकला विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने सभी प्रतिभागियों के काम की सराहना की तथा सभी को नेत्रदान व हिंदी भाषा के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मधु शाह, संस्थापिका स्क्रैप्शाला ने कहा कि प्रभु के दिए नेत्र रुपी उपहार को दूसरे को दान कर दृष्टि दी जा सकती है। अत: सभी को बढ़चढ़ कर इसमें भागीदार करनी चाहिये व अपने जन्मदिन के अवसर पर नेत्रदान का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेत्रोदय द आई सिटी की अध्यक्षा व ट्रस्टी श्रीमती मधुबाला अग्रवाल ने की। उन्होनें बताया कि नेत्रदान तथा इससे जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए नेत्रोदय नेत्र बैंक में संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेता के रूप में प्रथम स्थान प्रियंका भारद्वाज, द्वितीय आकाश यादव तथा तृतीय रिंकी मौर्य तथा सतीश कुमार ने प्राप्त किया। नंदनी गुप्ता तथा मुकेश राहुल को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## असम में कांग्रेस के पांच नेताओं को कारण बताओ नोटिस

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई ने इस साल संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियो मे शामिल होने के आरोप में तीन विधायकों और पार्टी की महिला शाखा की राज्य इकाई की अध्यक्ष सहित पार्टी के पांचवरिष्ठ सदस्यों को शनिवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। एक बयान मे कहा गया कि पार्टी की अनुशासनात्मक कार्वाई समिति (डीएसी) ने यह नोटिस जारी किया, जिसमे प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया है।पार्टी के जिन नेताओ को नोटिस जारी किया गया है उसमे विधायक अब्दुर राशिद मंडल, रेकीबुद्दीन अहमद और भरत चंद्र नाराह शामिल है।

## नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो लौटा

**मुंबई।** कपिल शर्मा, सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेकए किकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह अपनी शानदार हास्य शैली के साथ एक बार फिर लौट रहे हैं,सफल सीजन 1 के बाद। नेटफ्लिक्स ने आज द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आगामी दूसरे सीजन का ट्रेलर जारी किया हैए और अब सभी शनिवारों का इंतजार हो रहा हैए जो 21 सितंबर से हंसी के शनिवार फनीवार में बदलने वाले हैं!सीजन 2 भारत और उसकी समृद्ध संस्कृति का उत्सव मनाने का वादा करता हैए देश की सुपरस्टार्स के साथ। सम्मानित अभिनेत्री आलिया भट्ट से लेकर दृष्टिवान निर्माता.निर्देशक करण जौहरय सुन्दर और स्टाइलिश सैफअली खान से लेकर दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और वर्तमान सेंसेशन जान्हवी कपूर तकए दर्शक उन्हें पहले कभी नहीं देखे गए अंदाज में जान सकेंगे। तान्या बामी सीरीज हेड नेटफ्लिक्स इंडिया ने कहा कि द ग्रेट इंडियन कपिल शो को हमारे सभी मेंबर्स तक लाना 2024 में हमारे लिए एक प्रमुख उपलब्धि रही है और हम इस साल इसे दूसरे सीजन के लिए वापस लाने के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हैं।

## शादी के महत्व को रेखांकित करने की कोशिश

**मुंबई।** भारत में टाटा समूह के अग्रणी विवाह आभूषण ब्रांड, तनिष्क के रिवाह ने एक दिल को छू लेने वाला विज्ञापन अभियान शुरू किया है। यह अभियान, आधुनिक दुल्हन की दुनिया से रू-ब-रू कराता है, जो अपनेजीवन की कहानी खुद गढ़ती है। इस विज्ञापन की परिकल्पना की जिम्मेदारी लोवे लिंटास ने संभाली, जिसमें दुल्हन की प्रगतिशील मानसिकता और धारणाओं को उजागर किया गया है और यह भी रेखांकित किया गया है कि कैसे इस सोच का असर उसकी शादी में भी दिखता है। तनिष्क का यह विज्ञापन अपने- आप में बड़ी उपलब्धि है, जिसके तहत वह टेलीविजन पर अपनी पहली 3 मिनट लंबी बहुभाषी फिल्म लॉन्च कर रहा है, जो भारत की विविधता का प्रतिनिधित्व करती है और ब्रांड की सम्मोहक और विस्तृतकहानी कहने की ब्रांड की विरासत से जुड़ती है।

## एसएमएफजी की 1000वीं शाखा की शुरुआत

**बरेली।** भारत के गैर.बैंकिंग वित्तीय कंपनी ;एनबीएफसीद्ध क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंण् लिण् ने वाशीए नवी मुंबई में अपनी 1000वीं शाखा खोलने की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक घटना देश भर में अपने पदचिन्हों का विस्तार करने और कम पहुंच वाले बाजारों में वित्तीय सेवाएं लाने के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करने के लिएए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने इंडिया पोस्ट के साथ मिलकर एक विशेष कवर और माई स्टैम्प जारी किया है। आधिकारिक अनावरण के अवसर पर मुंबई में जापान के महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत यागी को जी महाराष्ट्र सर्किल में डाक सेवाओं मुख्यालय के निदेशक अभिजीत बंसोडे और एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के सीईओ और एमडी शांतनु मित्रा उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### सिद्धरमैया ने दिव्यांग दलित को आवंटित भूखंड पर मकान बनवा लियाः कुमारस्वामी

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने शनिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर आरोप लगाया कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान एक दिव्यांग दलित व्यक्ति को आवंटित भूखंड पर मकान बनवा लिया। उन्होंने कहा कि मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा एक लेआउट में उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन से जुड़ी अवैधताओं के संबंध में मुख्यमंत्री के खिलाफ मैसुरु में यह एकमात्र आरोप नहीं है। इस आरोप के संबंध में राज्यपाल ने सिद्धरमैया के खिलाफ जांच की मंजूरी दे दी है। कुमारस्वामी ने कहा, ...क्या हमने अभी नहीं देखा है कि उन्होंने किसानों के लिए क्या किया है? क्या हम मैसुरु में (एमयूडीए भूखंड आवंटन घोटाले का जिक्र करते हुए) (विकास) नहीं देख रहे हैं? इन 15 भूखंड (वास्तव में 14) को एक तरफ रख दें। उपमुख्यमंत्री के तौर पर उन्होंने किसकी जमीन पर मकान बनाया, क्या आप इसका रिकॉर्ड चाहते हैं? यहां संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा, एक दलित को आवंटित एमयूडीए के भूखंड पर अवैध रूप से घर किसने बनाया? 15 भूखंड लेना आपके (सिद्धरमैया) के खिलाफ एकमात्र चीज नहीं है, मैसुरु में आपके खिलाफ कई चीजें हैं। एक दिव्यांग और दलित व्यक्ति को एमयूडीए ने 24,000 रुपए का भुगतान करने पर एक भूखंड आवंटित किया था। लेकिन उस स्थान पर, आपने सकम्मा के नाम पर झूठे दस्तावेज बनाकर, सकम्मा से 10,000 वर्ग फुट जमीन ले ली और मकान का निर्माण कराया। सिद्धरमैया ने क्रमशः जनता दल और जनता दल (सेक्युलर) के सदस्य के रूप में 1996 से 1999 और फिर 2004 से 2005 तक कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था, लेकिन कुमारस्वामी ने यह नहीं बताया कि ऐसा कब हुआ था।

### महिलाओं की उत्पादकता को सशक्त बनाना जरूरी

**वाराणसी।** चरणजीत सिंह, अतिरिक्त सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ रूरल डेवलपमेंट ने वाराणसी में रुद्राक्ष कन्वेंशन हॉल मे आयोजित राष्ट्रीय आजीविका सम्मेलन के दौरान ग्रामीण समुदायों की महिलाओं द्वारा पूरी तरह से स्वामित्व वाले ऑनलाइन बिक्री प्लेटफ़ॉर्म ग्रीन क्राफ्ट डॉट सी ओ डॉट इन के लॉन्च की घोषणा की। इंडस्ट्री फाउंडेशन बंगलौर द्वारा स्थापित ग्रीनक्राफ्ट , एक ऐसा पहल है जो केवल भारत में निर्मित उत्पादों की पेशकश करती है, जो महिलाओं के द्वारा बनाए और स्वामित्व किया जाता है, जो तमिलनाडु, कर्नाटक और ओडिशा में विभिन्न आत्म-सहायता समूहों के सदस्य हैं। इंडस्ट्री फाउंडेशन उच्च गुणवत्ता और आकर्षक हाथ से बुने गए सामान में विशेषज्ञता रखता है, जो स्थानीय रूप से प्राप्त प्राकृतिक सामग्री जैसे कि केले की छाल, बांस और साल की पत्तियों से बनाए जाते हैं। मध्यस्थों को हटाकर और सीधे बाजार पहुंचाया जाता है, ग्रीनक्राफ्ट इन ग्रामीण महिला उद्यमियों की आय को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की उम्मीद है। इस नवीनतम व्यापार मॉडल में, उत्पन्न होने वाली 100 प्रतिशत आय महिलाओं उत्पादकों को जाती है, जिससे सुनिश्चित होता है कि वे अपनी मेहनत और रचनात्मकता से पूरी तरह से लाभान्वित हों। ग्रीनक्राफ्ट लॉन्च के दौरान, चरणजीत सिंह ने कहा, यह दृष्टिकोण गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और उत्पादकता को सुनिश्चित करता है, साथ ही भारत और विदेशों में गुणवत्ता वाले उत्पादों की सीधी बिक्री के माध्यम से महिलाओं के लिए पारदर्शिता, उचित वेतन और स्थिर आय सुनिश्चित करता है।

### संवेदनशील जानकारियां उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी की मुख्य वजह : केंद्र

नई दिल्ली। केंद्र ने शीर्ष अदालत से कहा है कि सरकार के पास मौजूद संवेदनशील तथ्य विभिन्न उच्च न्यायालयों मे मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिशों के क्रियान्वयन मे देरी की वजह है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि उन्हे केंद्र सरकार से कुछ जानकारियां मिली है, जो संवेदनशील प्रकृति की है। उन्होंने शीर्ष अदालत से यह भी कहा कि इन मुद्दों को सार्वजनिक करना न तो संस्थान के हित में होगा और न ही इसमे शामिल न्यायाधीशों के हित मे। वेंकटरमणी ने पीठ से कहा, "मै जानकारियो और सुझावो को न्यायाधीशों के अवलोकन के लिए सीलबंद लिफाफे में रखना चाहूंगा" मामले की सुनवाई अब 20 सितंबर को होगी। शीर्ष अदालत अधिवक्ता हर्ष विभोर सिंघल की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमे केंद्र द्वारा उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों की नियुक्ति को अधिसूचित करने के लिए एक निश्चित समय सीमा तय करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका मे कहा गया है कि निश्चित समय अवधि के अभाव मे, सरकार मनमाने ढंग से नियुक्तियों को अधिसूचित करने मे देरी करती है, जिससे न्यायिक स्वतंत्रता पर कुठाराघात होता है, संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था खतरे मे पड़ती है तथा न्यायालय की गरिमा एवं दूरदर्शिता का अपमान होता है।

### सनातन धर्म सर्व-समावेशी, भगवान राम भारत को जोड़ने वाली कड़ीः राज्यपाल रवि

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि ने शनिवार को यहां कहा कि सनातन धर्म, चाहे कोई इसमे विश्वास करे या नही, सर्व-समावेशी है और भगवान राम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से भारत को जोड़ने वाली कड़ी है।सनातन धर्म की तीखी आलोचना को याद करते हुए उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि यह गलत धारणा बनाई जा रही है कि भगवान राम उत्तर भारतीय देवता है जबकि ऐसा नही है।राज्यपाल ने कहा, भारत के सबसे पूजनीय राष्ट्रीय प्रतीक श्री राम तमिलनाडु के लोगो के दिलो में भी बसते है। इस पवित्र भूमि के हर इंच पर उनके पदचिह्न है। वे वह कड़ी है जो भारत को जोड़ती है और वसुधैव कुटुम्बकम के वैश्विक दृष्टिकोण सहित इसकी संस्कृति और दर्शन को आकार देते है। डी. के. हरि और डी. के. हेमा हरि द्वारा लिखी गई किताब श्रीराम इन तमिलगमः एन इनसेपरेबल बॉन्ड के विमोचन के अवसर पर राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि श्री राम के आदर्शो पर एक आत्मनिर्भर और पूर्ण विकसित भारत का निर्माण किया जाएगा। रवि ने कहा, लोगों ने सनातन धर्म पर हमला करना शुरू कर दिया, इसे वायरस, डेंगू कहने लगे...सनातन धर्म सभी के समावेशन की बात करता है, भले ही आप इसमे विश्वास न करते हो। राज्यपाल ने कहा कि पूर्वोत्तर से लेकर कन्याकुमारी के दक्षिणी छोर तक राम हर जगह मौजूद है और उनके नाम का जाप उन लोगों द्वारा किया जाता है जिनके दिलो में वे सदा निवास करते है।

### संयम से मिलती है सफलता

**मुंबई।** इंजीनियर्स टेक्नोलॉजी के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने और कंपनियों व इंडस्ट्रीज के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमेजन में हजारों की संख्या में इंजीनियर्स हैं, जो न सिर्फ जटिल समस्याओं से बखूबी निपटते हैं, बल्कि प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने और ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पर काम करते हैं। एमेजन में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर के रूप में कार्यरत मुस्कान अग्रवाल, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति इस समर्पण की जीती-जागती मिसाल हैं। मुस्कान इंदौर शहर में पली-बढ़ी हैं। मुस्कान ने वर्ष 2023 में एक इंटर्न के रूप में एमेजन में अपना सफर शुरू किया था। उनके लिए यह अवसर एक महत्वपूर्ण क्षण था। उन्होंने घर के आराम को त्याग कर अत्याधुनिक तकनीक की दुनिया में कदम रखा। अपनी टीम के समर्थन से, उन्होंने कुछ ही समय में काम के तौर-तरीके सीख लिए और अपना कौशल दिखाया। अपनी इंटर्नशिप के अंत में सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने के बाद, मुस्कान को संगठन में एक चुनौतीपूर्ण अवधि का सामना करना पड़ा। उस समय यहाँ इंटर्न के लिए सीमित संख्या में ही प्री-प्लेसमेंट ऑफर उपलब्ध थे। लेकिन, मुस्कान निराश नहीं हुईं, उन्होंने अपना संयम बनाए रखा और अपना काम कुशलता से करती रहीं।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 15 सितंबर 2024



# इजराइल का गाजा पर हमला, 14 मरे

भाषा। देर अल-बला (गाजा पट्टी)



**इजराइल ने** शनिवार रात को मध्य और दक्षिणी गाजा पर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 14 लोग मारे गए। दरअसल, यह हवाई हमला उस वक्त हुआ जब एक इजराइली सैनिक द्वारा मारी गई तुर्की मूल की एक अमेरिकी कार्यकर्ता के मित्र और परिवार के सदस्य उसके (अमेरिकी कार्यकर्ता के) अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। गाजा नागरिक सुरक्षा ने शनिवार को बताया कि गाजा शहर पर हवाई हमलों में एक घर को निशाना बनाया गया, जिसमें तीन महिलाएं और चार बच्चों सहित 11 लोग रहते थे। इसके अलावा खान यूनिस में इजराइल-हमास युद्ध से विस्थापित फलस्तीनियों के लिए बने एक शिविर को निशाना बनाया गया। इस सप्ताह के प्रारंभ में भी हवाई हमले किए गए थे। मंगलवार को एक शिविर और बुधवार को विस्थापितों के लिए बने संयुक्त राष्ट्र स्कूल को निशाना बनाया गया था। इस बीच, सरकारी तुर्की समाचार एजेंसी ने बताया कि छह सितंबर को एक इजराइली सैनिक द्वारा मारी गई तुर्की-अमेरिकी कार्यकर्ता आयसेनुर एजगी ईगी का शव शुक्रवार देर रात पुलिस सम्मान गारद के साथ उनके गृहनगर भेजा गया। तुर्की के झंडे में लिपटे उनके ताबूत को औपचारिक वर्दी में छह अधिकारियों द्वारा एक शव वाहन से डिडिम के एक अस्पताल में ले जाया गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को बाद में पश्चिमी तुर्की के तटीय शहर में किया जाना है। सिएटल की 26-वर्षीय कार्यकर्ता के पास अमेरिका और तुर्की की नागरिकता थी। इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि इजराइली सेना द्वारा ईगी को अप्रत्यक्ष और अनजाने में गोली मारी गई थी। तुर्किए ने घोषणा की कि वह उसकी मौत की अपने स्तर पर जांच करेगा।

## ईरान ने अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक उपग्रह भेजने का दावा किया

भाषा। तेहरान

**ईरान ने देश के** अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड द्वारा बनाए गए एक रॉकेट से शनिवार को एक उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। ईरान ने इस प्रक्षेपण को सफल बताया जो उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने वाला दूसरा प्रक्षेपण होगा। हालांकि प्रक्षेपण के सफल होने के बारे में स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और न ही ईरान के अधिकारियों ने इस संबंध में कोई फुटेज या अन्य विवरण उपलब्ध कराया है। पश्चिमी देशों को आशंका है कि इससे ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। गाजा में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने यह प्रक्षेपण किया है।

# यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में हमलों को मंजूरी देने के लिए पश्चिम देशों से एक बार फिर अनुरोध किया

भाषा। कीव



**अमेरिकी और ब्रिटिश** नेताओं के बीच एक दिन पहले हुई बैठक में लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल को लेकर उनकी नीति में कोई बदलाव नहीं दिखाई देने पर यूक्रेन ने शनिवार को पश्चिमी देशों से एक बार फिर अनुरोध किया कि वे उसे रूस में अधिक गहराई तक हमला करने की अनुमति दें। यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार एंड्री यरमक ने शनिवार को कहा, रूसी आतंक रूसी संघ के अंदर मौजूद हथियार के भंडार, हवाई क्षेत्रों और सैन्य अड्डों से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि रूस में भीतर तक हमला करने की अनुमति मिलने से समस्या के समाधान में तेजी आएगी। यह नया अनुरोध तब समाने आया जब कीव ने कहा कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर और अधिक ड्रोन और तोपों से हमले किए। यूक्रेनी अधिकारियों ने बार-बार सहयोगियों से रूसी क्षेत्र के अंदर गहराई तक हमला करने के लिए पश्चिम द्वारा प्रदत्त लंबी दूरी के हथियारों के उपयोग की अनुमति देने का आग्रह किया है। अभी तक अमेरिका ने कीव को यूक्रेन से लगी रूस की सीमा के अंदर एक सीमित क्षेत्र में ही अमेरिका प्रदत्त हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दी है। माना जाता है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की शुक्रवार को वाशिंगटन डीसी में मुलाकात हुई तो लंबी दूरी के हमलों की अनुमति देने पर चर्चा हुई, लेकिन बैठक के तुरंत बाद किसी निर्णय की घोषणा नहीं की गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिका और अन्य सहयोगियों पर दबाव डाल रहे हैं कि उनकी सेना को पश्चिमी हथियारों का उपयोग करके हवाई अड्डों और दूर के प्रक्षेपण स्थलों को निशाना बनाने की अनुमति दी जाए, क्योंकि रूस ने सर्दियों से पहले यूक्रेन के बिजली घरों और उपयोग की अन्य चीजों पर हमले तेज कर दिए हैं।

### पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने पर एक व्यक्ति को मृत्युदंड

लाहौर। पाकिस्तान की एक अदालत ने पंजाब प्रांत के एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने पर मौत की सजा सुनाई है। अदालत के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में ईशनिंदा खासकर पैगंबर का अपमान एक गुनाह है, जिसकी सजा मृत्युदंड है। अदालत के उक्त अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, सराय आलमगीर के अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश शाहबाज इकबाल तरार ने शुक्रवार को इरफान को पैगंबर का अपमान करने के जुर्म में मौत की सजा सुनाई। अधिकारी के मुताबिक, अदालत ने संदिग्ध को दोषी ठहराया और उस पर1,00,000 पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना भी लगाया। लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर सराय आलमगीर के निवासी इरफान को पैगंबर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी कर कथित रूप से ईशनिंदा करने पर गिरफ्तार किया गया था।

### पाक के पंजाब प्रांत में आईएसआईएस के नौ आतंकवादी गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कानून प्रवर्तन एजेंसियो ने आईएसआईएस और शिया विरोधी संगठनों के नौ संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों तथा धार्मिक स्थलों पर आतंकी हमले की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने दावा किया कि उसने खुफिया जानकारी के आधार पर प्रांत के विभिन्न जिलों में 71 अभियान चलाए। इस दौरान नौ आतंकवादियों को हथियारों, विस्फोटकों और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया गया।

### पाकिस्तान में मकान की छत ढहने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में आंधी-तूफान के कारण शुक्रवार देर रात एक मकान की छत ढहने से तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चारसद्दा जिले के तुरंगजई गांव में भीषण तूफान आने से यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक दंपति और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। उसने बताया कि स्थानीय लोगों और बचावकर्मियों ने शवों को मलबे से निकाला और उन्हे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के.पी.के अली अमीन ने घटना पर दुख जताया और पीड़ित परिवार को नकद मुआवजा देने की घोषणा की।

# जयशंकर ने स्विटजरलैंड के विदेश मंत्री के साथ चर्चा की

- व्यापार, वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर बात बनी

भाषा। जिनेवा



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने स्विटजरलैंड के अपने समकक्ष इग्नाजियो डेनियल जियोवानी कैसिस के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की। इस दौरान भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चार देशों के इस संघ में स्विट्जरलैंड भी शामिल है। जयशंकर दो-दिवसीय यात्रा पर यहां आए थे, जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में कहा कि एक विशेष शिष्टाचार के तहत कैसिस ने जिनेवा में जयशंकर की मेजबानी की। बयान में कहा गया है, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की, जिसमें व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईएफटीए के सदस्य देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के बीच मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर विशेष ध्यान दिया गया। भारत ने मार्च में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ एक व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारत को इन चार यूरोपीय देशों से 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त होगा। बैठक के दौरान, जयशंकर और कैसिस ने परस्पर हितों के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।

### जयशंकर ने खटा खट को लेकर राहुल पर कटाक्ष किया

जिनेवा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि व्यक्ति को कड़ी मेहनत करने की जरूरत होती और जीवन खटाखट नही है। जिनेवा मे भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए जयशंकर बदलते भारत और नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षो मे किए गए बुनियादी ढांचे के विकास के बारे मे बोल रहे थे। इस दौरान उन्होने कांग्रेस नेता की टिप्पणी का परोक्ष संदर्भ दिया। जयशंकर ने बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए आवश्यक विशाल मानव संसाधनों के बारे में बात करते हुए कहा, जब तक हम मानव संसाधन विकसित नही कर लेते, तब तक कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। जब तक आप बुनियादी ढांचे का निर्माण नही कर लेते, जब तक आपके पास नीतियां नही होती। इसलिए जीवन खटाखट नही है। जीवन में कड़ी मेहनत की जरूरत होती है। जीवन कर्मठता है उन्होंने कहा, जिस किसी ने भी नौकरी की है और कड़ी मेहनत से काम किया है, वह यह जानता है। इसलिए मेरा आपके लिए यही संदेश है कि हमें इस पर कड़ी मेहनत करनी होगी।

## अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, बुच ने प्रार्थनाओं के लिए आभार जताया

भाषा। केप केनवरल (अमेरिका)

**अंतरिक्ष में** फंसे अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स ने शुक्रवार को कहा कि वे वापसी के लिए सभी लोगों की प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं की सराहना करते हैं। पिछले सप्ताह बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल की वापसी के बाद से यह उनकी पहली सार्वजनिक टिप्पणी है। इस कैप्सूल से दोनों जून में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन गए थे। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कैप्सूल में कुछ विसंगतियों का पता लगाया जिसके कारण धरती पर उनकी वापसी को लेकर अनिश्चतताएं पैदा हो गईं। विल्मोर और विलियम्स अब स्टेशन के पूर्ण चालक दल के सदस्य हैं।

# पाकिस्तान के सरकारी अधिकारियों को विद्रोह के लिए उकसाने को लेकर इमरान के खिलाफ मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शीर्ष जांच एजेंसी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकारी अधिकारियों को विद्रोह के लिए उकसाने के आरोप में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मीडिया में आई खबर के अनुसार, जांच और तकनीकी अधिकारियों वाली संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की टीम पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान से उनके आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक विवादास्पद पोस्ट के संबंध में पूछताछ करने के लिए अदियाला जेल पहुंची। डॉन समाचार पत्र ने सूत्रों के हवाले से बताया कि एफआईए ने खान के खिलाफ सरकारी अधिकारियें को विद्रोह के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।खान (71) ने जोर देकर कहा कि वह अपने वकीलों की उपस्थिति के बिना पूछताछ नहीं करने देंगे, जिसके बाद एफआईए के कर्मी वापस लौट गए। पिछले साल से अदियाला जेल में बंद खान अकसर एक्स पर सेना की आलोचना करते रहै हैं। खान ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा था, इस देश के इतिहास में यह पहली बार नहीं है कि एक व्यक्ति (सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर का जिक्र करते हुए) ने सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए पूरे देश को दांव पर लगा दिया है। (जनरल) याह्या खान ने भी सत्ता में बने रहने के लिए अवामी लीग और शेख मुजीबुर रहमान को धोखा दिया था।

### इमरान खान की पार्टी के गिरफ्तार सांसदों के लिए संसद लॉज को उप-जेल घोषित किया गया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के उन सांसदो के लिए यहां संसद लॉज को उप-जेल घोषित कर दिया है, जिन्हें आतंक रोधी अधिनियम और हाल में लागू शांतिपूर्ण सभा एवं लोक व्यवस्था अधिनियम 2024 के तहत गिरफ्तार किया गया था।वही, दूसरी तरफ डॉन न्यूज की खबर के मुताबिक, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के गिरफ्तार 10 सांसदों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के फैसले को रद्द कर दिया।नेशनल असेंबली सचिवालय के एक अधिकारी ने शुक्रवार को गृह मंत्रालय के सचिव को लिखे पत्र मे कहा, हाल मे गिरफ्तार किए गए खान की पार्टी के 10 सांसदो के संबंध में मुझे 11 सितंबर को नेशनल असेंबली के अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए पेशी आदेश का संदर्भ देने का निर्देश दिया गया है ताकि वे असेंबली के नौवे सत्र की बैठक मे भाग ले सकें।

## भारत के एफसीआरए के कारण एनजीओ के लिए वैश्विक दान प्राप्त करना मुश्किल हुआ:अमेरिकी सीनेटर

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एवं वरिष्ठ सांसद टाइम केन ने कहा है कि भारत के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कारण वहां संचालित गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के लिए अन्य देशों के लोगों से दान प्राप्त करना बहुत कठिन हो गया है। केन ने सीनेट की विदेश संबंध समिति द्वारा आयोजित एनजीओ विरोधी कानून और लोकतांत्रिक दमन के अन्य तरीकों पर संसद में चर्चा के दौरान कहा, भारत में विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम नामक एक कानून है जिसे 2010 में संशोधित किया गया था और 2020 में इसे फिर से संशोधित किया गया है। इसके कारण भारत में संचालित गैर सरकारी संगठनों के लिए दुनिया के अन्य देशों के लोगों से दान प्राप्त करना बहुत मुश्किल हो गया है।

# मैं बाइडन से अलग हूं क्योंकि मैं नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हूं: कमला हैरिस

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका में** राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने शुक्रवार को कहा कि वह वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन से अलग हैं क्योंकि वह नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं। देश में नवंबर में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने हैं। चुनाव का एक अहम हिस्सा है प्रेसिडेंशियल डिबेट। रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच बुधवार को यह बहस हुई जिसमें हैरिस ट्रंप पर भारी पड़ती नजर आईं। पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप के नफरत भरे और विभाजनकारी भाषण की आलोचना की और कहा, मुझे ऐसा लगता है कि ट्रंप जिस तरह की नेतृत्व शैली अपनाते हैं अब उससे लोग थक गए हैं। फिलाडेल्फिया में समाचार चैनल डब्ल्यूपीवीआई-टीवी के एंकर ब्रायन टैफ ने हैरिस से पूछा कि वह एक या दो ऐसे क्षेत्र बताएं जहां वह बाइडन से खुद को अलग समझती हैं। हैरिस ने कहा, देखिए मैं जो बाइडन नहीं हूं और मैं नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हूं।

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन: प्रदर्शनी में औपनिशेविक काल के बाद की भारतीय वास्तुशिल्प की विविधता प्रदर्शित की जाएगी

लंदन। एक प्रसिद्ध वास्तुकार, शहरी योजनाकार और राजनयिक लंदन के नेहरू सेंटर में एक विशेष प्रदर्शनी मे, पिछले 50 वर्षों मे भारत के सामाजिक-शहरी परिदृश्य के विकास को प्रदर्शित करेंगे। भारत में अल्बानिया के मानद महावाणिज्यदूत दीक्षु सी. कुकरेजा इस महीने के अंत में एक राष्ट्र की पुनर्कल्पना: आजादी के बाद स्वतंत्र भारत में वास्तुशिल्प बदलाव नामक इस प्रदर्शनी की शुरुआत करेंगे। बाद मे यह आम लोगो के लिए खुलेगी और चार अक्टूबर तक जारी रहेगी। सीपी कुकरेजा फाउंडेशन फॉर डिजाइन एक्सीलेंस की इस परियोजना में पारंपरिक पश्चिमी धारणाओं को चुनौती देते हुए भारतीय वास्तुशिल्प की गतिशीलता को रेखांकित करने के लिए अवधारणा नोट्स, रेखाचित्रों, तस्वीरों का उपयोग किया गया है। सीपी कुकरेजा आर्किटेक्ट्स के प्रबंध प्रमुख और सीपी कुकरेजा फाउंडेशन फॉर डिजाइन एक्सीलेंस के निदेशक दीक्षु सी. कुकरेजा ने प्रदर्शनी की शुरुआत से पहले कहा, यह प्रदर्शनी पिछले 50 वर्षों मे भारत के वास्तुशिल्प विकास का प्रमाण है।

### अंतरराष्ट्रीय उच्च वेतन प्लेसमेंट पा रहे छात्र

केएल। केएल डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी ने गर्व के साथ घोषणा की है कि भाषा अध्ययन और तकनीकी शिक्षा के एकीकरण से उसके छात्रों को प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट्स प्राप्त हो रहे हैं। इस विभाग की देखरेख में, अनेक छात्रों ने जापानी भाषा के एन5 स्तर का प्रमाणीकरण प्राप्त किया है, जो उनकी वैश्विक स्तर पर रोजगार की संभावनाओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। यह प्रमाणीकरण अंतरराष्ट्रीय नियोक्ताओं द्वारा उच्चतम मान्यता प्राप्त है और हमारे छात्रों के जापानी कंपनियों में उच्च स्तरीय प्लेसमेंट्स सुनिश्चित करने में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है।छात्रों की वैश्विक मंच पर मिली सफलता खास शिक्षा पद्धति का प्रमाण है, जो कठिन तकनीकी प्रशिक्षण को उन्नत भाषा कौशल के साथ मिलाती है, डॉ. जी. परधा सारधी वर्मा,वाइस चांसलर, केएल डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी ने कहा। इस संयोजन ने दुनिया भर में बेहतरीन करियर अवसरों के दरवाजे खोले हैं, जो हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम ऐसे स्नातक तैयार कर रहे हैं जो केवल अकादमिक रूप से सक्षम नहीं हैं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी सक्षम हैं और अंतरराष्ट्रीय नौकरी बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार हैं। केएल डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी के छात्रों की महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय नियुक्तियाँ उनके विभिन्न तकनीकी कार्यक्रमों में अद्वितीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करती हैं। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नियुक्ति अवसरों में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस कार्यक्रम के छात्र ससी विवेक नीलापला और नक्का विकास, साथ ही कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग कोर्स के निम्मला भानु सत्या ने ह्यूमन रिसोर्स में प्रतिष्ठित ऑफर प्राप्त किए, जिसमें ?24 एलपीए के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी पैकेज शामिल हैं। ये नियुक्तियाँ यूनिवर्सिटी की ज़ेनकेन के साथ साझेदारी के माध्यम से सक्षम की गई , जो केएल यूनिवर्सिटी की अकादमी और उद्योग के समावेश की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

### कोमोरोस के राष्ट्रपति पर चाकू से हमला, हवालात में मृत पाया गया संदिग्ध

मोरोनी (कोमोरोस)। हिंद महासागर के द्वीपीय देश कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली असौमानी पर शुक्रवार को उस समय चाकू से हमला किया गया जब वह एक धार्मिक नेता के अंतिम संस्कार मे भाग लेने पहुंचे थे। इस हमले मे असौमानी मामूली रूप से घायल हुए है। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान मे जानकारी दी कि 24-वर्षीय संदिग्ध हमलावर शनिवार को हवालात मे मृत पाया गया। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान मे कहा कि राष्ट्रपति अजाली असौमानी मामूली रूप से घायल हुए है और वह अपने घर लौट आए है। बयान के अनुसार, हमलावर को सुरक्षा बलो ने गिरफ्तार कर हिरासत मे ले लिया था, लेकिन अधिकारियो ने बताया कि एक दिन बाद उसे हवालात मे बेहोश पाया गया और उसे मृत घोषित कर दिया गया। संदिग्ध की पहचान अहमद अब्दु के रूप में हुई है। सरकारी वकील अली मोहम्मद जोनैद ने कहा कि अब्दु ने असौमानी पर चाकू से हमला किया था। सरकार के मंत्री अबूबकर सैद अनली ने शनिवार को बताया कि हमले के दौरान राष्ट्रपति को बचाने के प्रयास मे एक नागरिक भी घायल हुआ। यह हमला राजधानी मोरोनी के बाहरी इलाके में स्थित सलीमानी शहर में हुआ। सरकारी वकील जोनैद ने संवाददाताओ को बताया,"राष्ट्रपति के सुरक्षाकर्मियो ने तुरंत युवक को काबू मे कर लिया और उसे जांचकर्ताओ को सौप दिया। उन्होने कहा कि हमलावर के मकसद और हिरासत मे उसकी मौत की परिस्थितियो की जांच जारी है। जनवरी में असौमानी को कोमोरोस के राष्ट्रपति के रूप मे फिर से चुना गया था। हालांकि विपक्षी दलो ने इसे धोखाधड़ी वाला चुनाव बताया था। चुनाव के बाद हुए उपद्रव मे कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पूर्व सैन्य अधिकारी असौमानी (65) वर्ष 1999 में कोमोरोस मे हुए तख्तापलट के बाद पहली बार सत्ता में आए। उनका राष्ट्रपति के तौर पर पहला कार्यकाल 2002-2006 तक रहा और वह 2016 मे फिर चुने गए।

### एसजीपीसी, कनाडा के सिख सांसदों से क्यूबेक प्रांत में पगड़ी पर प्रतिबंध का मुद्दा उठाने का आग्रह

लंदन। भारत के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष तरलोचन सिंह ने शनिवार को शीर्ष सिख निकाय और कनाडा के सिख सांसदो से आग्रह किया कि वे वहां के क्यूबेक प्रांत मे उच्च पदो पर आसीन लोकसेवको के लिए पगड़ी पर प्रतिबंध का मुद्दा उठाएं। भारतीय संसद के पूर्व सदस्य सिंह ने जत्थेदार अकाल तख्त, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के अध्यक्ष और कनाडा के सिख सांसदों से आग्रह किया कि वे ब्रिटेन के अपने समकक्षो का अनुसरण करें, जिन्होने सिख प्रतीको की रक्षा के लिए इसी प्रकार के कानून मे संशोधन कराया था। विधेयक 21 के नाम से जाने जाने वाले और जून 2019 मे पारित विवादास्पद कानून क्यूबेक प्रांत मे न्यायाधीशों, पुलिस अधिकारियों, शिक्षको और लोकसेवको को काम के दौरान किप्पा, पगड़ी या हिजाब जैसे प्रतीक पहनने से रोकता है। फरवरी 2024 मे, क्यूबेक अपील अदालत ने कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले फैसले मे प्रांत के विवादास्पद धर्मनिरपेक्षता कानून को बरकरार रखा था। यहां संक्षिप्त यात्रा पर आए सिंह ने एक बयान में कहा, यह फ्रांस के कानून से भी अधिक गंभीर है, जहां सरकारी स्कूलो मे सिख छात्रो के पगड़ी पहनने पर प्रतिबंध है। उन्होने कहा कि उन्हें यह समझ नही आ रहा कि कनाडा में सिख सांसदो ने अभी तक इसे समुदाय के खिलाफ बड़े भेदभाव के रूप में क्यों नही लिया है। सिंह ने कहा, हम दुनिया मे एकमात्र धार्मिक समुदाय है, जहां हर किसी को धार्मिक नियमो के अनुसार लंबे बाल ढककर रखने की अनुमति है।

### दक्षिण सूडान ने दिसंबर में होने वाले चुनाव दो वर्ष के लिए स्थगित किए, तैयारी नहीं होने का दिया हवाला

**जुबा (दक्षिण सूडान)।** दक्षिण सूडान की सरकार ने दिसंबर मे होने वाले चुनाव को दो वर्ष के लिए स्थगित कर दिया है और कहा कि उससे पहले जनगणना, स्थाई संविधान तैयार करने और राजनीतिक दलो के पंजीकरण जैसी प्रक्रियाओ को पूरा किया जाना जरूरी है।राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार टुट गटलुआक ने शुक्रवार को कहा कि अब चुनाव 22 दिसंबर 2026 को होंगे और यह विस्तार महत्वपूर्ण प्रक्रियाओ को पूरा करने का अवसर प्रदान करेगा। कैबिनेट मामलो के मंत्री मार्टिन एलिया लोमुरो ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े संस्थानो और सुरक्षा विभाग की सिफारिशों के बाद चुनाव स्थगित किए गए है।राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर अबेदनेगो अकोक ने पिछले महीने कहा था कि देश में चुनाव संबंधी तैयारियां पूरी नही है। उदाहरण के लिए मतदाता पंजीकरण जून मे शुरू हो जाना चाहिए था लेकिन धन की कमी के कारण यह अब भी लंबित है।उन्होने कहा था कि देश आर्थिक संकट से गुजर रहा है जिसके कारण लगभग एक वर्ष से सरकारी कर्मचारियो को वेतन नही मिला है। दक्षिण सूडान का गठन 2011 में हुआ था और यह दूसरी बार है जब देश मे चुनाव स्थगित किए गए है।

# आपका गैस स्टोव अस्थमा को और भी बदतर बना सकता है

- जानिए क्या कर सकते हैं उपाय

भाषा। सिडनी



**हम वायु प्रदूषण** को एक बाहरी समस्या मानते हैं, जो कार के धुएं और धुंध से बनती है। लेकिन अगर हमारे घर के अंदर की हवा प्रदूषित है, तो यह हमारे स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया में, लगभग बच्चों में 12 प्रतिशत मामलों में अस्थमा के लिए गैस स्टोव और हवा में उनके द्वारा छोड़े जाने वाले जहरीले रसायनों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। घर के अंदर जहरीली गैस को धीरे-धीरे खत्म करने की कोशिशें बढ़ रही हैं, लगभग 38 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई घर में खाना पकाने के लिए प्राकृतिक गैस पर निर्भर हैं। इसके लिए अनुशंसित कदमों में जैसे कि गैस स्टोव को इलेक्ट्रिक से बदलना, उन लोगों के लिए संभव नहीं हो सकता है, जो किराए पर रहते हैं या खर्च का अधिक बोझ नहीं उठा सकते। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि, जैसा कि हमारे शोध से पता चलता है, बचपन में अस्थमा सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों में अधिक आम है। अगर आप जहरीली गैस वाले वातावरण में रहे हैं, तो यहां बताया गया है कि यह आपके या आपके बच्चे के अस्थमा को कैसे प्रभावित कर सकता है, और आप वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए क्या कर सकते हैं। गैस स्टोव नाइट्रोजन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं- ऑस्ट्रेलियाई घरों में आमतौर पर पाए जाने वाले गैस स्टोव हवा में जहरीले रसायन छोड़ते हैं। इनमें कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ), पीएम2.5 (छोटे कण, जो अक्सर धुएं से निकलते हैं), बेंजीन, फॉर्मेल्डिहाइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) शामिल हैं। ए सभी हानिकारक हैं, लेकिन विशेष रूप से नाइट्रोजन डाइऑक्साइड अस्थमा के विकास और बदतर होने से जुड़ा है। गैस हीटर भी नाइट्रोजन डाइऑक्साइड पैदा कर सकते हैं। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड एक स्वादहीन और अदृश्य गैस है। इसके बारे में यह जानना मुश्किल है कि आपके घर में हवा में इसकी कितनी मात्रा है, जब तक कि आपके पास एयर मॉनिटर न हो। हालांकि, एक अमेरिकी अध्ययन से पता चला है कि गैस स्टोव वाले घरों में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का स्तर इलेक्ट्रिक स्टोव वाले घरों की तुलना में तीन गुना अधिक हो सकता है। यह बात खासकर उन घरों के लिए चिंताजनक है, जहां बच्चे हैं, क्योंकि वे अपना ज्यादातर समय घर के अंदर ही बिताते हैं। ऑस्ट्रेलिया में गैस स्टोव की जगह इलेक्ट्रिक स्टोव का इस्तेमाल करने की मांग बढ़ रही है, जो ज़्यादा ऊर्जा कुशल हैं और घर के अंदर वायु प्रदूषण को कम कर सकते हैं। विक्टोरिया और ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र ने 2024 से नए घरों में गैस कनेक्शन पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। सिडनी की वेवरली काउंसिल ने हाल में इसी तरह का कदम उठाया है। लेकिन जब तक पूरे देश में घरेलू गैस उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू नहीं हो जाता, तब तक उन बच्चों के लिए समस्या बनी रहेगी जो वर्तमान में पुराने घरों या गैस स्टोव वाले किराए के मकानों में रह रहे हैं। क्या रसोई में एग्जॉस्ट पंखे मददगार होते हैं? मौजूदा गैस कुकटॉप पर रखा गया उच्च दक्षता वाला एग्जॉस्ट हुड प्रभावी हो सकता है। वे 75 प्रतिशत से ज़्यादा वायु प्रदूषकों को पकड़ सकते हैं और उन्हें बाहर की ओर भेज सकते हैं। सामने वाले बर्नर के बजाय पीछे वाले बर्नर पर खाना पकाने से भी उनकी दक्षता में सुधार हो सकता है। हालांकि, कम प्रवाह दर वाले निकास हुड, या जो हुड हवा को बाहर नहीं निकालते, कम प्रभावी होते हैं। एग्जॉस्ट हुड तभी हवा की गुणवत्ता में सुधार करता है जब आप इसका इस्तेमाल करते हैं। मेलबर्न में हुए एक अध्ययन में पाया गया कि 40 प्रतिशत से ज्यादा लोग खाना बनाते समय एग्जॉस्ट हुड का नियमित रूप से इस्तेमाल नहीं करते हैं। कई लोगों के लिए, उच्च दक्षता वाले एग्जॉस्ट हुड लगाना व्यावहारिक नहीं होगा - खासकर उन लोगों के लिए जो किराए पर रहते हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित हैं।

### अस्थमा क्या है?

ऑस्ट्रेलियाई बच्चों में अस्थमा सबसे आम पुरानी बीमारी है। श्वसन संबंधी यह बीमारी 14 वर्ष या उससे कम आयु के लगभग 4,00,000 बच्चों को प्रभावित करती है - जो उस आयु वर्ग का लगभग नौ प्रतिशत हिस्सा हैं। अस्थमा श्वसन मार्ग को संकीर्ण कर देता है और वायुप्रवाह को बाधित करता है, जिससे सांस लेना मुश्किल हो जाता है। कई लोग इनहेलर और अस्थमा एक्शन प्लान के साथ इस स्थिति से निपटते हैं। लेकिन यह गंभीर और यहां तक कि जानलेवा भी हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई आपातकालीन विभागों ने 2020-21 में अस्थमा के लिए 56,600 प्रस्तुतियां देखीं।वैसे तो अस्थमा का कोई एक कारण नहीं है, लेकिन घर के अंदर और बाहर दोनों जगह वायु प्रदूषण की अहम इसमें भूमिका होती है। हवा में मौजूद छोटे-छोटे कणों के संपर्क में आने से अस्थमा होने का खतरा बढ़ जाता है और अगर आपको पहले से ही अस्थमा है, तो यह आपके लक्षणों को और भी बदतर बना सकता है।

# हरमनप्रीत के दो गोल से पाक पस्त

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की पांचवीं जीत

● पाकिस्तान को 2-1 से हराया



**भाषा।** हुलुनबुइर (चीन)

**कप्तान हरमनप्रीत** सिंह के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए दो गोल की बदौलत गत चैंपियन भारत ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-। से हराकर हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत की यह छह टीमों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत है। पाकिस्तान ने अहमद नदीम (8वें मिनट) के गोल से बढ़त हासिल की लेकिन हरमनप्रीत सिंह (13वें और 19वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को जीत दिलाई। यह इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की पहली हार थी। भारत और पाकिस्तान दोनों ने इससे पहले अंतिम चार के लिए क्वालीफाई कर लिया था। इस जीत की बदौलत भारत ने 2016 से पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा है। दोनों टीमों के बीच पिछली भिडंत हांग्झोउ एशियाई खेलों में हुई थी जिसमें भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। इससे कुछ महीने पहले भारतीयों ने एसीटी के चेन्नई चरण में पाकिस्तान को 4-0 से हराया था। जकार्ता में एशिया कप में भारत की युवा टीम ने पाकिस्तान को ।-। से बराबरी पर रोका जबकि ढाका में 2021 एसीटी में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता था। इस बीच दिन के अन्य मैच में मलेशिया और कोरिया के बीच मैच 3-3 से ड्रॉ रहा जबकि मेजबान चीन ने जापान को 2-0 से शिकस्त दी। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और प्रबल दावेदार भारत का सामना सेमीफाइनल में कोरिया से होगा जबकि पाकिस्तान की भिड़ंत चीन से होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मैच की तरह पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने जीत हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारतीयों ने शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा बनाया, लेकिन जैसे जैसे मैच आगे बढ़ा पाकिस्तान का आत्मविश्वास बढ़ता गया। पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने मिडफील्ड में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय डिफेंस में खलबली मच गई और नदीम ने गेंद भारतीय गोल में पहुंचाकर अपनी टीम को आगे कर दिया। इस गोल से स्तब्ध भारत ने संयम बनाए रखा और हमले जारी रखे। टीम ने 13वें मिनट में अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और कप्तान हरमनप्रीत ने पाकिस्तानी गोलकीपर मुन्नेब के बाईं ओर एक ताकतवर ड्रैग फ्लिक से गोल किया। भारतीयों ने दूसरे क्वार्टर में दबाव बनाना जारी रखा और 19वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। एक बार फिर पाकिस्तानी रक्षण के पास कोई जवाब नहीं था और हरमनप्रीत के सटीक शॉट से भारत 2-। से आगे हो गया। दूसरे क्वार्टर में भारत गेंद को कब्जे में रखने में सफल रहा। पाकिस्तान ने कई मौकों पर प्रतिद्वंद्वी सर्कल में सेंध लगाने के मौके बनाए। दूसरे हाफ से मात्र 45 सेकंड पहले पाकिस्तान के पास बराबरी का मौका था लेकिन यह विफल रहा। भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी दबदबा बनाए रखा और 37वें मिनट में अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन गोल नहीं कर सके।

# कंबोज ने पांच विकेट झटके लेकिन ईश्वरन की शतकीय पारी से भारत बी का संघर्ष जारी

**भाषा।** अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)।



**कप्तान और** सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन की 143 रन की नाबाद पारी से भारत सी के खिलाफ भारत बी का संघर्ष जारी है जिसने दलीप ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 309 रन बना लिए। भारत सी के लिए अंशुल कंबोज ने 23.5 ओवर में 66 रन देकर पांच विकेट चटकाए। भारत सी ने पहली पारी में 525 रन बनाए थे। भारत बी अब भी भारत सी से 216 रन पीछे है। टीम को फॉलोऑन बचाने के लिए और 66 रन की जरूरत है। भारत बी की टीम ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 124 रन से आगे से की। कंबोज ने बीते दिन के नाबाद बल्लेबाज नारायण जगदीसन (70) को आउट करने के बाद चार अन्य बल्लेबाजों को चलता किया। उन्होंने मुशीर खान (एक) और सरफराज खान (16) को पगबाधा करने के बाद रिंकू सिंह (06) को इशान किशन के हाथों कैच कराया जबकि नीतिश कुमार रेड्डी दो रन बनाकर बोल्ड हो गए। भारत बी की टीम 194 रन पर पांच विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन बंगाल के बल्लेबाज ईश्वरन ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर (13) के साथ छठे विकेट के लिए 43 और साई किशोर (21) के साथ सातवें विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी करने के बाद राहुल चाहर (नाबाद 18) के साथ आठवें विकेट के लिए 26 रन की अटूट साझेदारी कर मैच में टीम का संघर्ष जारी रखा है। उन्होंने 262 गेंद की अपनी नाबाद पारी में अब तब 12 चौके और एक छक्का जड़ा है।

### तिलक और प्रथम की शतकीय पारियों से भारत ए मजबूत स्थिति में

**अनंतपुर।** तिलक वर्मा और प्रथम सिंह की शतकीय पारियो से भारत ए ने शनिवार को दलीप ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी दूसरी पारी तीन विकेट पर 380 रन पर घोषित कर इंडिया डी को जीत के लिए 488 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया। तिलक ने 193 गेंद में नाबाद 111 रन की पारी के दौरान नौ चौके लगाए जबकि सलामी बल्लेबाज प्रथम ने 189 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाकर 122 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडिया डी ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 62 रन बना लिए। अथर्व तायडे खाता खोले बगैर खलील अहमद का शिकार बन गए। सलामी बल्लेबाज यश दुबे 15 और रिकी भुई 44 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है।

### चेन्नईयिन ने ओडिशा एफसी को 3-2 से हराया

भुवनेश्वर। फारूख चौधरी के दो गोल और डेनियल चीमा चुक्वु के एक गोल की मदद से चेन्नईयिन एफसी ने शनिवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ओडिशा एफसी पर 3-2 से जीत दर्ज की। चेन्नईयिन के लिए फारूख ने 48वें और 51वे मिनट में दो गोल दागे जबकि टीम के लिए एक अन्य गोल चीमा ने 69वें मिनट में किया। ओडिशा एफसी को डिएगो मौरसियो ने नौवें मिनट में पेनल्टी से गोल कर बढ़त दिलाई, पर चेन्नईयिन ने वापसी करते हुए तीन गोल कर डाले।

### शुभंकर कोर्स रिकॉर्ड के साथ आयरिश ओपन में शीर्ष 15 में

रॉयल काउंटी डाउन (उत्तरी आयरलैंड)। शुभंकर शर्मा आयरिश ओपन के दूसरे दौर छह अंडर 65 के कोर्स रिकार्ड के साथ शानदार वापसी करते हुए संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर पहुंच गए।शुरुआती दौर में चार ओवर 75 का निराशाजनक कार्ड खेलने वाले शुभंकर ने दूसरे दौर मे कमाल के प्रदर्शन के साथ आसानी से कट में जगह बना ली। पार 71 के कोर्स पर दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर है।उन्होंने दूसरे दौर के शुरुआती तीन होल मे लगातार तीन बर्डी लगाने के बाद पांचवें और आठवें होल में इस कारनामे को दोहराया। उन्होने 11वे, 12वे, 17 और 18वे होल मे भी बर्डी लगाई जबकि चौथे, छठे और 15वें होल मे बोगी कर बैठे।

### अश्विन ने अमेरिकन गैम्बिट्स का गीत जारी किया

चेन्नई। भारत के स्टार क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सत्र से पहले शनिवार को यहां अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अमेरिकन गैम्बिट्स फ्रेंचाइजी का गीत जारी किया। मेक द वर्ल्ड गो नामक यह गीत चरण राज ने लिखा है और कार्तिक चेन्नोजीराव ने इसे स्वर दिया है। यह गीत टीम की एकता और रणनीति को रेखांकित करता है।अपनी उंगलियों के जादू से दुनिया भर के बल्लेबाजों को परेशान करने वाले 37 वर्षीय अश्विन इस फ्रेंचाइजी टीम के सह मालिक हैं।

### कपिला बीमार, वियतनाम ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

**हो ची मिन्ह सिटी।** ध्रुव कपिला के बीमार हो जाने के कारण उनकी और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को शनिवार को यहां अपने सेमीफाइनल मैच से हटना पड़ा जिससे वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। कपिला और क्रैस्टो की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को सेमीफाइनल में अदनान मौलाना और इंदाह काह्या सारी जमील की इंडोनेशियाई जोड़ी का सामना करना था। लेकिन कपिला को बुखार और पीठ मे दर्द के कारण भारतीय जोड़ी को इस मैच से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### स्थानीय लीग के जरिए अंदर घुसना चाहते हैं भ्रष्टाचारी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के निवर्तमान प्रमुख एलेक्स मार्शल ने कहा कि शीर्ष स्तर की क्रिकेट सुरक्षित और साफ सुथरी है लेकिन संभावित भ्रष्टाचारियों की नजर स्थानीय क्रिकेट संस्थाओं द्वारा संचालित की जा रही टी20 लीग के जरिए इस खेल मे घुसपैठ करने पर है।ब्रिटेन के पूर्व पुलिस अधिकारी ने यह नही बताया कि क्या वह किसी विशेष स्थानीय लीग या देश के संदर्भ मे यह बात कह रहे थे। मै पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आप जो क्रिकेट देख रहे हो वह सुरक्षित और साफ सुथरी है। लेकिन मै पूरे यकीन के साथ यह भी कह रहा हूं कि भ्रष्टाचारी इस खेल में अंदर घुसने का रास्ता तलाश रहे है।

# भारतीय टीम को पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर ने खूब छकाया

**भाषा।** चेन्नई



**पिछले कुछ वर्षों** में भारतीय टीमें मैच के अभ्यास पर काफी हद तक निर्भर रही हैं और गौतम गंभीर की टीम भी इससे अलग नहीं है जो विशेष कौशल वाले नेट गेंदबाजों का चयन कर रही है ताकि 19 सितंबर से यहां शुरू हो रही बांग्लादेश श्रृंखला के लिए बल्लेबाजों को तैयार होने में मदद मिल सके। यहां चार दिवसीय शिविर के लिए बुलाए गए तेज गेंदबाजों में से एक पंजाब के गुरनूर बराड़ हैं जिन्होंने अब तक पांच प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और वह पिछले सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान पंजाब किंग्स के साथ भी थे। हालांकि गुरनूर का प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। लेकिन इस 24 वर्षीय खिलाड़ी के लिए जो चीज कारगर रही है वो उनकी छह फीट 4.5 इंच लंबा कद और तेज गति से गेंद फेंकने की उनकी क्षमता है। ऐसा माना जा रहा है कि गुरनूर को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा के गेंदबाजी एक्शन के लिए खास तौर पर बुलाया गया है जिन्होंने हाल में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में पांच विकेट चटकाए थे। राणा की गेंदबाजी की खासियत यह है कि छह फीट पांच इंच लंबे कद के कारण उन्होंने उछाल हासिल किया और पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उन्होंने सीधी लाइन में गेंदबाजी की थी। ऐसा माना जा रहा है कि नई गेंद से गेंदबाजी करने वाले दो शानदार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी में भारत के टर्निंग पिच पर खेलने की संभावना नहीं है और चेपक की पिच ऐसी हो सकती है जहां तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों को बराबर मदद मिलेगी। पर इस पर उछाल और अधिक हो सकता है इसलिए बांग्लादेश के लंबे कद के तेज गेंदबाज राणा को भी मौका मिल सकता है।

### गंभीर के होते हुए भारतीय टीम के साथ कोई नीरस पल नहीं आएगाः अजय जडेजा

**कोलकाता।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा का मानना है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में आक्रामक रुख बनाए रखेंगे और विपक्षी टीम को दबदबा बनाने का मौका नही देंगे।भारत दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। बांग्लादेश के इस दौरे का आगाज 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले टेस्ट मैच से होगा। जडेजा से जब गौतम गंभीर की मौजूदगी मे टीम के दृष्टिकोण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह बिल्कुल साफ है, उनका दृष्टिकोण आक्रामक है। एक बात निश्चित है कि उनकी मौजूदगी मे कोई नीरस पल नही आएगा, वह हमेशा कुछ न कुछ करने की कोशिश करेंगे। भारत के लिए 196 एकदिवसीय में 37.47 की औसत से 5359 रन बनाने वाले 53 साल के इस पूर्व दिग्गज ने कहा, वह (गंभीर) ऐसा व्यक्ति नही होगा जो शांतचित रहकर चीजों को चलने दे। वह कुछ ऐसा करने की कोशिश करेंगे जो सबको आश्चर्यचकित करेगा। जैसे हमने सूर्यकुमार यादव को अचानक कप्तान बनते देखा था। मै उस रोमांच का इंतजार कर रहा हूं जो हम देखने जा रहे है।

# शतरंज ओलंपियाड : भारत की पुरुष टीम ने हंगरी बी और महिला टीम ने स्विट्जरलैंड को हराया

**बुडापेस्ट (हंगरी)।** भारत की पुरुष टीम ने प्रतियोगिता में पहली बार अंक गवाया लेकिन इसके बावजूद उसने हंगरी बी को 3.5-0.5 से हराकर यहां चल रहे 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपना विजय अभियान जारी रखा।ओपन वर्ग में भारतीय टीम की जीत के नायक अर्जुन ऐरीगैसी रहे जिन्होंने पीटर प्रोहाज़्स्का के खिलाफ आक्रामक खेल खेला और शानदार जीत दर्ज की। विदित गुजराती को हालांकि पप्प गैबोर के खिलाफ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। वर्तमान प्रतियोगिता में यह पहला अवसर है जबकि कोई भारतीय पुरुष खिलाड़ी जीत हासिल करने में असफल रहा। लेकिन डी गुकेश ने एडम कोज़ाक को और आर प्रज्ञाननंदा ने तमस बानुज़ को हराकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की।महिला वर्ग में शीर्ष बोर्ड पर डी. हरिका की करारी हार के बावजूद आर वैशाली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने शानदार जीत दर्ज की जिससे भारतीय टीम स्विट्जरलैंड को 3-। से हराने में सफल रही। भारतीय महिला टीम अभी छह अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर है।हरिका हाल ही में रूस की नागरिकता छोड़कर स्विट्जरलैंड की टीम में शामिल होने वाली एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक से हार गईं।वैशाली ने हालांकि ईरान की नागरिकता छोड़कर स्विस टीम का हिस्सा बनने वाली ग़ज़ल हकीमीफर्ड को कोई मौका नहीं दिया।

# बालाजी और रामकुमार पहले दिन हारे

● स्वीडन से 0-2 से पिछड़ा भारत

**भाषा।** स्टॉकहोम



**एन श्रीराम** बालाजी को इलियास यमेर ने आसानी से हरा दिया जबकि रामकुमार रामनाथन निचली रैंकिंग के लियो बोर्ग के खिलाफ जरा भी आक्रामक नहीं दिखे जिससे भारत शनिवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक मुकाबले में स्वीडन से 0-2 से पिछड़ गया। युगल विशेषज्ञ बालाजी को यमेर के खिलाफ मुश्किलों का सामना करना पड़ा जिन्होंने पहले एकल में 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। डेविस कप के अनुभवी खिलाड़ी रामकुमार से भारत को मुकाबले में वापस लाने की उम्मीद थी लेकिन वह रॉयल टेनिस हॉल में दूसरे एकल में दिग्गज ब्योर्न बोर्ग के बेटे और 603 रैंकिंग के लियो बोर्ग से 3-6, 3-6 से हार गए। भारत को एकल में बालाजी को उतारने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया। भारत के लिए पहले दिन एक अंक जीतने की जिम्मेदारी रामकुमार पर थी। उन्हें 21 वर्षीय बोर्ग के खिलाफ अपना एकल मैच जीतना चाहिए था लेकिन वह स्वीडिश खिलाड़ी की चुनौती को पस्त नहीं कर पाए और उनकी चुनौती सिर्फ 58 मिनट में ही खत्म हो गई। अगर भारत को अगले साल के क्वालीफायर में जगह बनानी है तो अब रविवार को अपने बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। यह देखना बाकी है कि कप्तान रोहित राजपाल करो या मरो वाले युगल में बालाजी और रामकुमार के साथ उतरते हैं या संयोजन बदलते हैं। पूरी संभावना है कि बालाजी और निकी पूनाचा कोर्ट पर उतरेंगे।

# मेरठ मावरिक्स यूपी टी-20 लीग चैंपियन

## कानपुर सुपरस्टार्स को 5 विकेट से हराया

**लखनऊ।** इकाना में हल्की-हल्की ठंड का एहसास कराते मौसम में मेरठ मावरिक्स ने कानपुर सुपरस्टार्स को 5 विकेट से हराकर उत्तर प्रदेश टी20 लीग के दूसरे सीजन का खिताब जीत लिया। मेरठ ने पहली बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। अटलबिहारी इकाना स्टेडियम में शनिवार को खेले गए फ इनल में कानपुर ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में 190 रन का स्कोर खड़ा किया थाए जिसे मेरठ ने 20वें ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लियाण् पूरे सीजन में शानदार बल्लेबाजी करने वाले स्वास्तिक चिकारा ने एक और दमदार पारी खेलीए जबकि कप्तान माधव कौशिक ने बेहतरीन पारी खेलते हुए छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। कानपुर को पिछले साल भी फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

### कप्तान कौशिक ने छक्का मारकर दिलाई जीत

हालांकि कप्तान माधव कौशिक दूसरे छोर से टिके हुए थे और दिव्यांश राजपूत के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य की ओर ले जा रहे थे। दोनों के बीच अच्छी साझेदारी हो रही थी लेकिन तभी 17वें ओवर की पहली गेंद पर मोहसिन ने दिव्यांश को आउट कर दिया। हालांकि कप्तान माधव डटे रहे और तेजी से अपना अर्धशतक पूरा कियाण् आखिर में उनके साथ रितिक वत्स ने कुछ बड़े शॉट्स लगाकर टीम को खिताब तक पहुंचाया। कप्तान कौशिक ने 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का जमाकर टीम को जीत दिलाई। वो सिर्फ 43 गेंदों में 69 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जिताकर ही वापस लौटे।



### शौर्य और समीर की शानदार बल्लेबाजी

फाइनल में कानपुर ने पहले बैटिंग कीण् उसकी तरफसे शौर्य सिंह और शोएब सिद्दीकी की ओपनिंग जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत की और टीम को 7 ओवर तक ही 70 रनों के पार पहुंचा दिया। आठवें ओवर में 77 के स्कोर पर शौर्य के विकेट के साथ ये साझेदारी टूटी, जिन्होंने सिर्फ 23 गेंदों में 56 रनों की आतिशी पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे। वहीं शोएब 31 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आए कप्तान समीर रिजवी ने पारी को संभाला और 36 गेंदों में 57 रन 3 चौके 3 छक्के बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने की बुनियाद रखीण् उनके अलावा अंकुर मलिक ने 26 रन बनाए। मेरठ के लिए यश गर्ग ने सबसे ज्यादा 3 विकेट हासिल किए लेकिन वो इस दौरान काफी महंगे भी साबित हुएण् अपने 4 ओवरों में उन्होंने 47 रन खर्चे, वहीं टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 24 विकेट लेने वाले लेग स्पिनर जीशान अंसारी एक बार फिर बेहतरीन गेंदबाजी करते दिखे, जिसमें उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ20 रन दिए और शौर्य का विकेट हासिल किया था। इसके जवाब में मेरठ की शुरुआत बेहद खराब रही और दूसरी गेंद पर ही ओपनर अक्षय दुबे आउट हो गएण् उन्हें आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के पेसर मोहसिन खान ने बोल्ड किया।

# ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

## नुमरा, एनी व सृष्टि को स्वर्ण पदक

**लखनऊ।** जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता महिला इंटर कालेज अमीनाबाद में 2024 बालिका वर्ग का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14,17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती विजया रानी श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। 14 वर्षीय बालिका वर्ग- 20 किग्रा वर्ग में एम वी आर ए विद्यालय की नुमरा नाज़ ने स्वर्ण पदक जीता। 22 किग्रा वर्ग में महिला विद्यालय इंटर कालेज की छात्रा एनी सोनकर ने स्वर्ण पदक



.24 किग्रा भार वर्ग में जानवी कन्नौजिया ने स्वर्ण 26 किग्रा भार वर्ग में मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज की सृष्टि कश्यप ने स्वर्ण पदक जीता। 17 वर्षीय बालिका वर्ग 38 किग्रा भार वर्ग में क्वींस एंग्लो संस्कृत इंटर कॉलेज की प्रतिमा गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीता। 42 किग्रा भार वर्ग में लालबाग गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रज्ञा गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीता। 46 किग्रा भार वर्ग में ए पी सेन गर्ल्स इंटर कालेज की लकी प्रजापति ने स्वर्ण पदक जीता 49किग्राभार वर्ग में रिया वर्मा ने स्वर्ण पदक जीता।19 वर्षीय बालिका वर्ग'40 किग्रा भार वर्ग में लालबाग गर्ल्स इंटर कॉलेज की नव्या चौरसिया ने स्वर्ण पदक जीता। 42 किग्रा भार वर्ग में महिला विद्यालय इंटर कालेज की उम्मे कुलसुम ने स्वर्ण पदक जीता। 46किग्रा भार वर्ग में एम वी आर ए विद्यालय की वंशिका गौतम ने स्वर्ण पदक जीता।

## क्विक न्यूज

### पीएसपीबी, आरएसपीबी सीनियर पुरुष अंतर-विभागीय हॉकी चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचे

पुणे। पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) और रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) शनिवार को चौथी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल मे पहुंच गए। पीएसपीबी ने बड़े स्कोर वाले पहले सेमीफाइनल में सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) पर 5-3 से जीत हासिल की जबकि आरएसपीबी ने दूसरे सेमीफाइनल के कड़े मुकाबले में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को 2-। से हराया।पीएसपीबी और एसएससीबी के मैच में अजिंक्य जाधव (21वां मिनट) ने दूसरे क्वार्टर में एसएससीबी को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन पीएसपीबी के गुरजिंदर सिंह (28 वां और 55वां मिनट) ने बराबरी कर ली। अंतिम क्वार्टर में यूसुफ अफ्फान (49 वां मिनट), तलविंदर सिंह (50वां मिनट) और अरमान कुरैशी (57वां मिनट) ने पीएसपीबी के लिए गोल की झड़ी लगा दी, जबकि पवन राजभर (53 वां मिनट) और सुशील धनवार (58 वां मिनट) ने एसएससीबी के गोलों की संख्या में इजाफा किया। दूसरे सेमीफाइनल अंकुश ने 12वें मिनट मे एफसीआई के बढ़त दिला दी।

### हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्ईय कोर संभावित टीम की घोषणा की

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने 15 सितंबर से नौ अक्टूबर तक होने वाले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए शनिवार को 33 सदस्ईय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह शिविर बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के परिसर में लगेगा। यह शिविर 11 से 20 नवंबर तक बिहार के नवनिर्मित राजगीर स्टेडियम में खेली जाने वाली महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की तैयारी की शुरुआत होगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा, आगामी राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारी तैयारियो मे एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने कहा, यह शिविर हमें उन क्षेत्रों पर काम करने का मौका देगा जिनमें सुधार की आवश्यकता है। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पहली बार राजगीर में आयोजित की जा रही है।

### भारतीय व्यवस्था अपने आप संचालित होती है, इसे सुरक्षित रखना लक्ष्यः मोर्ने मोर्कल

चेन्नई। भारत के नए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मानना है कि भारतीय क्रिकेट की व्यवस्था अपने आप संचालित होती है और उनका लक्ष्य छोटे-छोटे तरीकों से इसे बेहतर बनाना होगा। मोर्कल काफी समय से भारत में रह रहे हैं। वह भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जॉइंट्स के सहयोगी स्टाफ में भी शामिल थे। इसलिए वह भारतीय क्रिकेट की व्यवस्था से अच्छी तरह वाकिफ है और जानते है कि उन्हें इसमें किस तरह से काम करना है।मोर्कल ने बीसीसीआई टीवी से कहा, यहां एक ऐसी व्यवस्था है जो अपने आप संचालित होती है। इसलिए इसे सुरक्षित रखना और छोटे-छोटे तरीकों से इसे बेहतर बनाना ही लक्ष्य होगा।

### अमेरिका, जर्मनी, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ में

शुहाई। अमेरिका ने स्लोवाकिया को 3-0 से हराकर जर्मनी, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ मे जगह बनाई।स्पेन ने फ्रांस को हराकर अंतिम आठ मे प्रवेश किया। उसके स्टार खिलाड़ी और चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-3 से हराया। इससे पहले अनुभवी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने आर्थर फिल्स के खिलाफ पहला एकल 2-6, 7-5, 6-3 से जीता।स्पेन की जीत से ऑस्ट्रेलिया भी ग्रुप बी से आगे बढ़ने मे सफल रहा।अमेरिका को स्लोवाकिया को हराने में किसी तरह की परेशानी नही हुई। मैकेंज़ी मैक्डोनाल्ड ने लुकास क्लेन को 6-4, 6-3 से जबकि डेविस कप में पदार्पण करने वाले ब्रैंडन नकाशिमा ने जोज़ेफ़ कोवालिच को 6-3, 6-3 से पराजित किया।अमेरिका ने युगल में भी जीत हासिल की। पिछले महीने पेरिस ओलंपिक मे पुरुष युगल फाइनल मे हारने वाले ऑस्टिन क्राजिस्क और राजीव राम ने क्लेन और नॉर्बर्ट गोम्बोस को 6-7 (4), 7-6 (4), 10-। से हराया।

### अम्बेडकर नगर ने बाराबंकी क्लब को 39 रन से हराया

लखनऊ। वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को पहले मैच में अम्बेडकर नगर इलेवन ने बाराबंकी जूनियर क्लब को 39 रन से और डालीबाग क्रिकेट क्लब ने विकासनगर क्लब को 7 विकेट से हराया। एलडीए स्टेडियम पर पहले मैच में अम्बेडकर नगर इलेवन ने मैन ऑफद मैच तरुण की अगुवाई में उपयोगी गेंदबाजी से बाराबंकी जूनियर को 39 रन से हराया। अम्बेडकर नगर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 5 विकेट पर 89 रन बनाए। हर्ष आर्या ने 10 गेंदों पर 25 रन और आयुष ने 22 रन का योगदान किया। जवाब में बाराबंकी जूनियर निर्धारित ओवर में आठ विकेट पर 50 रन ही बना सका। हिमांशु ही 11 रन बनाकर दहाई के आंकड़े में रन बना सके। अम्बेडकर नगर इलेवन से विकास व तरुण को 2.2 विकेट की सफलता मिली। इस मैच के मैन ऑफद मैच तरुण को वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि, आयोजन समिति के मुख्य संयोजक बृजेश चौधरी, संरक्षक चौधरी वीर सिंह, अध्यक्ष वाल्मीकि अंकित घावरी व महामंत्री आशीष घावरी ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजन समिति से सदस्य अर्जुन कुमार वाल्मीकि, राहुल चौधरी,गौतम वाल्मीकि, अनंत देव घावरी, अतुल घावरी, मोंटी घावरी चौधरी भी मौजूद रहे। एलडीए स्टेडियम पर दूसरे मैच में डालीबाग क्रिकेट क्लब ने विकासनगर क्लब को 7 विकेट से हराया।

### साबले डायमंड लीग फाइनल में नौवें स्थान पर

**ब्रसेल्स।** राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले शुक्रवार देर रात को यहां डायमंड लीग फाइनल मे निराशाजनक प्रदर्शन के साथ नौवें स्थान पर रहे। अपना 30वां जन्मदिन मना रहे साबले पहली बार डायमंड लीग फाइनल मे हिस्सा ले रहे थे। वह 10 खिलाड़ियों की दौड़ मे आठ मिनट 17.09 सेकंड के समय के साथ नौवे पायदान पर रहे। कीनिया के अमोस सेरेम आठ मिनट 06.90 सेकंड के समय के साथ डायमंड लीग चैंपियन बने, जबकि मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के सौफियाने एल बक्काली (आठ मिनट 08.60 सेकंड) ने दूसरा स्थान हासिल किया। ट्यूनीशिया के मोहम्मद अमीन झिनाउई आठ मिनट 09.68 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा आज देर रात चुनौती पेश करेंगे। साबले इससे पहले पेरिस ओलंपिक मे भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने मे विफल रहे थे। वह आठ मिनट 14.18 सेकंड के समय के साथ 11वे स्थान पर रहे थे। साबले ने इस सत्र मे डायमंड लीग के दो आयोजनों मे हिस्सा लिया है और वह तीन अंक के साथ तालिका मे 14वे स्थान पर थे। उनसे उच्च रैंकिंग वाले चार खिलाड़ियों के प्रतियोगिता से हटने के बाद उन्होने फाइनल मे जगह बनाई।इस सत्र मे डायमंड लीग के 14 आयोजनों मे से पांच मे पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा थी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।